संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार 24 जून 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से जैन समाज के पूज्य संतों ने राष्ट्रपति भवन में भेंट की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 172 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## 'भारत को बहुत ही सावधान रहने की जरूरत'

### इजरायल-ईरान युद्ध पर जेएनयू के पूर्व डीन ने क्यों कही ये बात?

**तनाव**

**ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के बाद इजरायल और ईरान के बीच तनाव और बढ़ गया है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के बाद इजरायल और ईरान के बीच तनाव और बढ़ गया है। इसको लेकर भारत के नजरिए की भी चर्चा हो रही है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज के पूर्व डीन प्रोफेसर अश्विनी कुमार महापात्रा ने इस बारे में अपने विचार साझा किए कि भारत इस जटिल स्थिति से कैसे निपट सकता है। एएनआई से बात करते हुए प्रोफेसर अश्विनी कुमार महापात्रा ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए, जल्दबाजी में फैसले लेने से बचना चाहिए और संतुलित विदेश नीति बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत इजरायल और ईरान को बातचीत में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करके और बातचीत के जरिए समाधान को बढ़ावा देकर भूमिका निभा सकता है।

**'भारत को करना चाहिए इंतजार'**
महापात्रा ने कहा, "हमें कुछ समय तक इंतजार करना होगा और उसके बाद उचित अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी और अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को क्षेत्र में शांति और स्थिरता स्थापित करने पर केंद्रित करना होगा।" उन्होंने कहा कि ऐसा करने से भारत को फायदा होगा, क्योंकि हमारे पास भारत-मध्य पूर्व आर्थिक गलियारा जैसी बड़ी योजनाएं हैं और उत्पादक आर्थिक संबंध हैं।

**भारत की एनर्जी सिक्योरिटी पर कितना होगा असर?**
यह संघर्ष वैश्विक तेल बाजारों के लिए चुनौती बन सकता है, जिसका असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ सकता है। महापात्रा ने सुझाव दिया कि ये चुनौतियां संभव हैं, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि स्थिति कैसी होती है।

**क्या भारत कर सकता है इजरायल-ईरान संघर्ष की मध्यस्थता?**
यह पूछे जाने पर कि क्या भारत इजरायल-ईरान संघर्ष में मध्यस्थ हो सकता है? इस पर प्रोफेसर महापात्रा ने बताया कि यह संभव है; हालांकि, भारत अकेले मध्यस्थ के रूप में कार्य नहीं कर सकता

### इजरायल-ईरान युद्ध से आईएमईसी को खतरा?

**इजरायल** और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष की वजह से आईएमईसी को जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। इसकी प्रोग्रेस खतरे में पड़ सकती है और द्विपक्षीय व्यापार प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा, लाल सागर और इसके आसपास के जलक्षेत्रों में शिपिंग व्यवधानों की वजह से देरी, शिपिंग लागत में इजाफा और वैश्विक व्यापार के रास्तों में अस्थिरता आ सकती है। प्रोफेसर महापात्रा ने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्रीय संघर्ष में उलझे रहने के बजाय हम क्षेत्र में शांति और स्थिरता की आशा कर सकते हैं ताकि क्षेत्र में संघर्षों को नियंत्रित किया जा सके और उनके विस्फोट या विस्तार को रोका जा सके।

## इजरायल ने बरसाए बम तो खामेनेई को याद आया 'दोस्त'



**नई दिल्ली।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनई ने सोमवार को अपने विदेश मंत्री को मॉस्को भेजा ताकि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अमेरिका के हालिया हमलों के बाद ज्यादा सहायता मांगी जा सके। यह हमला 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद ईरान पर अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य कार्रवाई थी।
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल ने खामेनई की हत्या और ईरान में सत्ता परिवर्तन की बातें की हैं, जिससे रूस को डर है कि मध्य पूर्व अराजकता में डूब सकता है। ईरानी विदेश मंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की है। पुतिन ने इजरायल के हमलों की निंदा की है, लेकिन ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमलों पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की। पिछले हफ्ते उन्होंने शांति की अपील की थी और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर मध्यस्थता की पेशकश की थी।

**खामेनई का पत्र और ईरान की नाराजगी:** रॉयटर्स ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची खामेनई की एक चिट्ठी पुतिन को सौंपने वाले हैं। इस चिट्ठी में कथित तौर पर समर्थन है जिसमें रूस से समर्थन मांगा गया है। ईरानी सूत्रों ने कहा कि ईरानी सरकार रूस के अब तक के समर्थन से खुश नहीं है और चाहता है कि पुतिन इजरायल और अमेरिका के खिलाफ ज्यादा सक्रिय हो। हालांकि, यह साफ नहीं है कि ईरान किस तरह की मदद चाहता है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय सोसायटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता करते हुए साथ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नृपेन्द्र मिश्रा व अन्य।

## अगले 5 दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** देशभर में मानसून ने जोर पकड़ लिया है। कई हिस्सों में हुई बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया है। मौसम विभाग ने 23 से 27 जून तक के लिए सम्पूर्ण भारत के मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है, जिसमें कई जगहों पर भारी तो कहीं अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार 25 जून के बाद से उत्तर-पश्चिम भारत में वर्षा की गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश के आसार हैं। वहीं, 23 और 24 जून को पश्चिम मध्य प्रदेश में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश यानी 20 सेंटीमीटर से अधिक वर्षा हो सकती है।

## राजनाथ ने आशाओं की उड़ान का किया विमोचन



**विमोचन**

**रक्षा मंत्री राजनाथ ने किया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के 51 भाषणों की संग्रह पुस्तक का विमोचन।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को विंग्स टू आवर होप्स और हिंदी में आशाओं की उड़ान (खंड 2) पुस्तकों का विमोचन किया। यह पुस्तक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के 51 भाषणों का संग्रह है। यह राष्ट्रपति के तौर पर उनके दूसरे वर्ष (अगस्त 2023 - जुलाई 2024) का दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। इसमें उनकी दृष्टि, दर्शन और प्राथमिकताएं शामिल हैं।
राष्ट्रपति भवन में आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्यमंत्री एल मुरुगन भी उपस्थित थे। रक्षामंत्री सिंह ने राष्ट्रपति मुर्मु को महिलाओं के नेतृत्व में विकास का उत्कृष्ट उदाहरण बताया और कहा कि उन्होंने हमेशा वंचित वर्गों के सशक्तीकरण के लिए कार्य किया है।
उन्होंने पुस्तक को भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सरकार के दृष्टिकोण का सार बताया। उन्होंने कहा कि यह संग्रह विविधता, समानता और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। उन्होंने कहा, यह पुस्तक हमारी गौरवशाली विरासत को संरक्षित करते हुए प्रगतिशील विचारों के साथ विकसित भारत के निर्माण के लिए मार्गदर्शक बनेगी।
राष्ट्रपति मुर्मु हमारे देश में विविधता के महत्व को जानती हैं और वंचितों के दर्द को पहचानती हैं। यह पुस्तक समानता की भावना का उद्घोष करती है। रक्षा मंत्री ने राष्ट्रपति के कुछ विचारों को सरकार की प्राथमिकताएं बताया।

## कोर्ट ने बाटला हाउस में अवैध निर्माण गिराने पर रोक लगाई




**हाई कोर्ट**

**हाई कोर्ट ने बाटला हाउस में अनधिकृत निमार्णों को गिराने के आदेश पर 10 जुलाई तक अंतरिम रोक लगाई है**


**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने ओखला के बाटला हाउस में अनधिकृत निमार्णों को गिराने के आदेश पर 10 जुलाई तक अंतरिम रोक लगा दी है।
अनधिकृत निर्माण गिराने के डीडीए की नोटिस के खिलाफ 7 लोगों की ओर से दायर याचिका पर डीडीए को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकीलों ने कहा कि उनकी संपत्ति पीएम-उदय योजना के तहत आती है। उसके बावजूद डीडीए ने उन्हें गिराने का नोटिस जारी किया है।
इससे पहले 17 जून को भी कोर्ट ने बाटला हाउस के अनधिकृत निमार्णों को गिराने के आदेश पर अंतरिम रोक लगाई थी। इस मामले में कोर्ट ने 11 जून को बाटला हाउस में अनधिकृत निर्माण गिराने के आदेश पर रोक लगाने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि जनहित याचिका पर सामान्य आदेश पारित करना निजी पक्षकारों के लिए नुकसानदेह हो सकता है।
कोर्ट ने डीडीए के नोटिस से पीड़ित लोगों को व्यक्तिगत रुप से याचिका दायर करने को कहा था। हाई कोर्ट ने 30 मई को बाटला हाउस के खीजर बाबा कॉलोनी के 115 संपत्तियों के निवासियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी थी।

## 'टेग' ने मॉरीशस के पोर्ट लुइस बंदरगाह का दौरा पूरा किया

**नौसेना**

**टेग ने मॉरीशस के पोर्ट लुइस में अपना चार दिवसीय बंदरगाह दौरा पूरा किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पश्चिमी नौसेना कमान के फ्रंटलाइन स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस टेग ने मॉरीशस के पोर्ट लुइस में अपना चार दिवसीय बंदरगाह दौरा पूरा किया। यह यात्रा दक्षिण पश्चिम हिंद महासागर क्षेत्र में जहाज की परिचालन तैनाती का हिस्सा थी, जिसने भारत और मॉरीशस के बीच मजबूत समुद्री साझेदारी को रेखांकित किया। तैनाती के दौरान आईएनएस टेग ने मॉरीशस नेशनल कोस्ट गार्ड (एनसीजी) जहाजों और विमानों के सहयोग से मॉरीशस के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की समन्वित निगरानी की। तैनाती के दौरान आईएनएस टेग के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन



विकास गुलेरिया ने पुलिस आयुक्त रामप्रसाद सोरूजबाली, कैबिनेट सचिव सुरेश सीबालुक, भारत के उच्चायुक्त अनुराग श्रीवास्तव, गृह मामलों की सचिव कान ओये फोंग वेंग पूरन और सीओएमसीजी के कैप्टन सीजी बिनोप और सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की। इन उच्च स्तरीय वाताओं ने दोनों देशों की आपसी समझ और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में योगदान दिया।
तैनाती के दौरान 21 जून को भारतीय नौसेना, एनसीजी और भारतीय प्रवासियों के 150 प्रतिभागियों के साथ संयुक्त योग सत्र आयोजित करके अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भी मनाया।
क्षमता निर्माण पहल और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के हिस्से के रूप में, एनसीजी कर्मियों को आईएनएस टेग पर अग्निशमन, क्षति नियंत्रण, पुल और इंजन कक्ष की निगरानी, विद्युत प्रणाली और छोटे हथियारों को संभालने का प्रशिक्षण दिया गया।

## पहलगाम आतंकियों के दो मददगार पांच दिन की रिमांड पर

**जम्मू।** पहलगाम आतंकवादी हमले के दो मददगारों को पांच दिन के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के हवाले कर दिया गया है।इन्हें सोमवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितेश कुमार दुबे की अदालत में पेश करके एनआईए पांच दिन की रिमांड मांगी थी, जिस पर कोर्ट ने रिमांड मंजूर कर ली। इन्हें पाकिस्तानी आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। एनआईए ने पहलगाम के बटकोट से परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क से बशीर अहमद जोथर को रविवार को गिरफ्तार किया था।पहलगाम के बैसरन में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे और 16 अन्य घायल हो गए थे। एनआईए के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है और यह भी पुष्टि की है कि वह प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सीएम सैनी ने दी श्रद्धांजलि

**श्रद्धांजलि**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. मुखर्जी के दिखाए मार्ग पर चलकर धारा 370 को किया समाप्त - सैनी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और इस दौरान पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार, बलिदान और राष्ट्रभक्ति आज भी हर भारतवासी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने एक देश में दो प्रधान, दो निशान, दो संविधान नहीं चलेंगे का संकल्प लेकर राष्ट्र की एकता



और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उनके अथक प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में लागू परमिट प्रथा समाप्त हुई और देश की एकता को मजबूती मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें गर्व है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त कर अखंड भारत के संकल्प को साकार किया है।

**जश्न** गुजरात की विसावदर सीट पर जीत हांसिल करने के बाद आप जीत का जश्न मना रही है।

## विधानसभा उपचुनावः 'इंडी गठबंधन', केरल में कांग्रेस तो गुजरात में आप की जीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** देश के 4 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर गुरुवार को मतदान हुए थे। इन सभी सीटों के नतीजे आज सामने आ गए हैं। सुबह 8 बजे से ही मतदान केंद्रों पर वोटों की गिनती शुरू हो चुकी थी। खासकर आम आदमी पार्टी (आप) के लिए यह परिणाम बेहद अहम साबित हुए हैं। आप ने गुजरात और पंजाब की एक-एक सीट पर जीत हासिल की है। 19 जून को पंजाब की लुधियाना वेस्ट, पश्चिम बंगाल की कालिगंज, केरल की निलाम्बुर, गुजरात की विदासवर और कडी सीटों पर उपचुनाव करवाए गए थे, जिसके नतीजे



सामने आ गए हैं।

**पंजाब सीएम ने दी जीत की बधाईः** गुजरात की विसावदर सीट से जीत हासिल करने वाले आप नेता गोपाल इटालिया को पंजाब के सीएम भगवंत मान ने बधाई दी है। भगवंत मान ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, "यह जीत आम आदमी पार्टी और गुजारात में आप कार्यकताओं के नाम है। बीजेपी की चालें बेनकाब हो चुकी है। लोगों ने फिर आप पर भरोसा जताया है।"

**पंजाब उपचुनाव में आप की जीतः** पंजाब की लुधियाना वेस्ट सीट पर आम आदमी पार्टी के संजीव अरोड़ा ने जीत हासिल की है। संजीव अरोड़ा को कुल 35179 वोट मिले हैं। वहीं, कांग्रेस के भारत भूषण 24542 वोटों के साथ दूसरे नंबर पर हैं। इसके अलावा बीजेपी के जीवन गुप्ता 20323 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

**नतीजे**

**जीत के बाद सीएम मान ने कहा बीजेपी की चालें बेनकाब हो चुकी है। लोगों ने फिर आम आदमी पार्टी पर भरोसा जताया है**

**गुजरात आप में जीत का जश्नः** गुजरात की विसावदर सीट पर जीत हासिल करने के बाद आप जीत का जश्न मना रही है। आप प्रत्याशी गोपाल इटालिया ने यहां से जीत हासिल की है। "पीएम मोदी के गढ़ गुजरात में विसावदर सीट पर हुए उपचुनाव में शानदार जीत हासिल करने के बाद आप कार्यकताओं के साथ जश्न मनाते हुए गोपाल इटालिया जी।

**गुजरात के कडी में बीजेपी जीतीः** गुजरात के कडी में बीजेपी ने जीत का परचम लहराया है। बीजेपी नेता राजेंद्र कुमार छाबड़ा ने 99742 मतों से जीत हासिल की है। वहीं, कांग्रेस के रमेशभाई छाबड़ा 60290 मतों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

## शर्मिष्ठा के खिलाफ हेट स्पीच मामले में वजाहत खान को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ हेट स्पीच के केस में एफआईआर दर्ज कराने वाले वजाहत खान को राहत दे दी है। जस्टिस केवी विश्वनाथन की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने पश्चिम बंगाल के अलावा दूसरे राज्यों में दर्ज एफआईआर के मामले में गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने केंद्र सरकार समेत 6 राज्यों को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। वजाहत खान के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने



**राहत**

**कोर्ट ने केंद्र सरकार समेत 6 राज्यों को नोटिस जारी किया, मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी।**

के मामले में असम, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली में एफआईआर दर्ज की गई है।
वजाहत खान ने याचिका दायर कर अपने खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर को एक साथ टैग करने की मांग की है।
10 जून को कोलकाता पुलिस ने वजाहत खान को गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह पुलिस हिरासत में है।
सुनवाई के दौरान वजाहत के वकील ने कहा कि उसने माफी भी मांगी और ट्वीट डिलीट भी कर दिया था। उसका सिर कलम करने की धमकियां दी जा रही हैं।

# मारपीट करने व धमकी देने के मामले में 3 आरोपियों को किया शामिल, तफ्तीश

**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन/कुरुक्षेत्र/(प्रदीप कुमार)**
**जिला** पुलिस ने मारपीट करके फसल उजाड़ने व जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार किया है। थाना बाबैन पुलिस की टीम ने मारपीट करके फसल उजाड़ने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में सोहन लाल वासी बरगट जट्टांन जिला कुरुक्षेत्र, अरविन्द मोहन शर्मा वासी दुखभंजनकालोनी थानेसर व शिवम कुमार वासी गुरुनानकपुरा जिला कपूरथला पंजाब को मामले में शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मोहन लाल वासी बरगट ने थाना बाबैन पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है

उसने अपनी जमीन पर गन्ने की फसल लगाई हुई है। उस जमीन पर कुरुक्षेत्र की अदालत में केस चल रहा है तथा अदालत ने जमीन पर स्टे दिया हुआ है।

# बिजली के रेट बढाकर लोगों की जेबों पर सरकार ने डाला डाका : रामकरण काला

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद मारकंडा/(प्रदीप कुमार)**



रेट बढाने के साथ-साथ फिक्स चार्ज लगाने की  ने करी निंदा काला ने कहा, तुरंत बढे बिजली के रेट को वापिस ले सरकार

शाहबाद  विधायक रामकरण काला  ने कहा है कि हरियाणा सरकार द्वारा बिजली के रेट बढाकर आम जनता की जेबों पर डाका मारने का काम किया है। पहले से ही महंगाई की मार झेल रही प्रदेश की जनता पर सरकार ने ओर ज्यादा बोझ डालकर निंदनीय काम किया है काला ने कहा कि जिसका बिजली का बिल पहले दो हजार आता था अब चार हजार आएगा। इतना ही नही प्रति किलोवाट फिक्स चार्ज भी लगा दिए हैं। यदि किसी का पांच किलोवाट का क्नेक्शन है तो 75 रूपए प्रति किलोवाट अलग भरना होगा। यानि पांच किलोवाट से उपर का रेट 6 रूपए से भी ज्यादा है और एक हजार यूनिट से ज्यादा 7 रूपए से भी उपर है। हरियाणा सरकार लगातार प्रदेश की जनता की जेबों पर डाका डालने का काम कर रही है। एक तरफ तो पहले से ही महंगाई ने आमजन का जीना दूभर कर रखा है। उपर से गर्मी के मौसम मे सरकार द्वारा अचानक बिजली के रेट बढाकर लोगों को परेशान करने का काम किया है। सरकार को चाहिए तो ये था कि महंगाई पर अंकुश लगाकर जनता को राहत देने का काम करते लेकिन बिजली के रेट ओर बढा दिए हैं। रामकरण काला ने बढे बिजली के बिलों पर सरकार की निंदा करते हुए कहा कि सरकार को जनता की तरफ देखना चाहिए। विधायक रामकरण काला ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार बढे हुए बिजली के रेटों को तुरंत वापिस ले व फिक्स चार्ज को भी तुरंत खत्म किया जाए। कांग्रेस विधायक रामकरण काला ने कहा कि आज प्रदेश की सरकार का लोगों की समस्याओं से कोई सरोकार नही रह गया है। प्रदेश में गुंडाराज चल रहा है। आए दिन हत्या, लूट जैसी घटनाएं घटित हो रही हैं लेकिन सरकार इवेंट की सरकार बनकर रह गई है। जनता की समस्याओं को न समझकर सिर्फ इवेंट के नाम पर जनता के खून पसीने की कमाई को खर्च कर रही है। सरकार को चाहिए कि वह आम जनता की समस्याओं को समझें।


## उत्तर रेलवे

**शुद्धिपत्र**

संदर्भः i) निविदा सूचना संख्या 23/2025-2026 दिनांक 18.06.2025 क्रमांक 14.
ii) निविदा संख्या 07241074A 21.07.2025 को देय है।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा संख्या 07241074A खोलने की नियत तिथि 21.07.2025 से 11.07.2025 तक प्रीपॉन्ड कर दी गई है।
अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।
1885/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **चिमेगी स्टेनली चुक्वु उर्फ डोनमेज़ पुत्री चुक्वु स्टेनली निवासी डी-285, नवादा हाउसिंग सोसाइटी, भूतल, उत्तम नगर, दिल्ली.** अन्य पताः **मकान नं. 26/07, चाय स्ट्रीट, ओवेरी, नाइजीरिया** ने एफआईआर सं. **388/18, अंतर्गत धारा 420/120बी आईपीसी एवं 66(डी) आईटी एक्ट, थाना विकास पुरी, जिला पश्चिम, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चिमेगी स्टेनली चुक्वु उर्फ डोनमेज़** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चिमेगी स्टेनली चुक्वु उर्फ डोनमेज़** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं. **388/18, अंतर्गत धारा 420/120बी आईपीसी एवं 66(डी) आईटी एक्ट, थाना विकास पुरी, जिला पश्चिम, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **चिमेगी स्टेनली चुक्वु उर्फ डोनमेज़** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.08.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री ऋषभ कपूर**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-05
कोर्ट नंबर 09, द्वारका कोर्ट, दिल्ली

**DP/8142/WD/2025**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजबीर सिंह चौहान पुत्र श्री विष्णु चौहान, पताः थानाः सरखा सेक्टर–115, गौतम बुद्ध नगर यूपी ने एफआईआर संख्या 45/2020 धारा 380/457/411/34 भा.द.स. के तहत** थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह हैं कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजबीर सिंह चौहान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजबीर सिंह चौहान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 45/2020 धारा 380/457/411/34 भा.द.स. के तहत थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली के उक्त राजबीर सिंह चौहान** से अपेक्षा की जाती हैं कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**करणवीर सिंह**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02**
**कमरा नं.26,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/8074/CD/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )**

मेरें समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजय कुमार मेहंदीरत्ता पुत्र स्व. कृष्ण कुमार मेहंदीरत्ता निवासी बी–7, भूतल, सैक्टर–26, नोएडा (उ.प्र.)** ने केस **एफआईआर नं. 109/2017 अन्तर्गत धारा 420/408 आईपीसी, थाना फर्श बाजार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय कुमार मेहंदीरत्ता** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय कुमार मेहंदीरत्ता** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 109/2017 अन्तर्गत धारा 420/408 आईपीसी, थाना फर्श बाजार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजय कुमार मेहंदीरत्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**अखिल मलिक**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
कमरा नं. 38, भूतल
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/7678/SHD/2025**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रमेश सिंह पुत्र लक्ष्मी प्रसाद, निवासी मकान नंबर 366, सपेरा बस्ती, आली गांव, सरिता विहार, नई दिल्ली** ने **FIR No. 453/2022, U/S 33 Delhi Excise Act,** अन्तर्गत **थाना सरिता विहार, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रमेश सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रमेश सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 453/2022, U/S 33 Delhi Excise Act, अन्तर्गत थाना सरिता विहार, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रमेश सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री अरिदमन सिंह चीमा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी–05 प्रथम श्रेणी**
**दक्षिण पूर्व जिला, कमरा नं. 510**
**साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली**

**DP/8166/SE/2025(Court Matter)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **(1) राज मिश्रा पुत्रः** संजय मिश्रा **पताः** एफ–137, फेस–1, विजय विहार, दिल्ली **(2) हिमांशु पुत्रः** शम्मी **पताः** 7/17, डबल स्टोरी, विजय विहार, दिल्ली, ने **FIR No. 93/25, U/s 351/111/308(4)/3(5) BNS थानाः मुखर्जी नगर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) राज मिश्रा (2) हिमांशु,** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) राज मिश्रा (2) हिमांशु,** फरार हो गये है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 93/25, U/s 351/111/308(4)/3(5) BNS थानाः मुखर्जी नगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) राज मिश्रा (2) हिमांशु,** से अपेक्षा की जाती हैं कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री अमरदीप कौर**
**एसीजेएम, कमरा नंबर 117**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7966/NW/2025**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है, कि आरोपी प्रोपराइटर **शैलेश मिश्रा, पुत्रः रघुवंस मिश्रा, निवासीः मकान नं. 216, पारवा पाना, लक्ष्मी ज्वैलर्स के पास कराला, कंझावला, रोहिणी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.479/2021 U/S 380/511 IPC** के तहत एक मामला **थाना कंझावला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **शैलेश मिश्रा** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **शैलेश मिश्रा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.479/2021 U/S 380/511 IPC, थाना कंझावला, दिल्ली** के अभियुक्त **शैलेश मिश्रा** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **02.08.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार, अपूर्व भारद्वाज**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,**
**कमरा संख्या 113, प्रथम तल,**
**उत्तर–पश्चिम जिला, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7954/RD/2025**
**(अदालती मामला)**


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

**रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–**

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 10:00 | नई दिल्ली | 03:20 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 06:00 | नई दिल्ली | 01:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 04:59 | जयनगर | 05:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 08:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 16:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:35 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत स्पेशल) | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 04092 | नई दिल्ली | 19:30 | हावड़ा जंक्शन | 21:40 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 19.07.2025 तक |
| 04091 | हावड़ा जंक्शन | 23:50 | नई दिल्ली | 01:00 | | गुरु, रवि | 20.07.2025 तक |
| 04216 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | साबरमती | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04215 | साबरमती | 08:50 | सुल्तानपुर जंक्शन | 11:00 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09639 | मदार जंक्शन | 04:30 | रोहतक जंक्शन | 12:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जंक्शन | 22:35 | | | 30.06.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 06597 | यशवंतपुर ज | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 03.07.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं | 19:45 | | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 13:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 16:45 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 16:45 | वडोदरा जंक्शन | 12:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर ज. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 6 दिन | शुक्र को छोड़कर | 03.08.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.08.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोम | 14.07.2025 तक |
| 07077 | चर्लापल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लापल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

# सरकार राष्ट्रगौरव, सुशासन को बढ़ावा दे रही: सीएम

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी श्रद्धांजलि

श्रद्धांजलि

**जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी**







टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में अपने सभी सहयोगी मंत्री, सांसद, विधायकों के साथ भारतीय जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट में कहा कि यह स्थल डॉ. मुखर्जी के अदम्य साहस, असाधारण दृष्टिकोण और अखंड भारत के लिए दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। उनका अमर नारा - 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान', जो देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति उनके अडिग समर्पण का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ मुखर्जी का यह संघर्ष विशेष रूप से अनुच्छेद 370 के खिलाफ था, जो जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देता था। डॉ. मुखर्जी का यह मानना था कि भारतीय संविधान की समता हर राज्य पर लागू होनी चाहिए और उन्होंने इसके लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इन्हीं उच्च आदर्शों को अपनाते हुए हमारी सरकार निरंतर राष्ट्रगौरव, सुशासन और जनता की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रही है।

## मुख्यमंत्री ने की मौलाना आजाद अस्पताल के डॉक्टरों से मुलाकात



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को मौलाना आजाद अस्पताल के डॉक्टरों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से संवाद करके उनकी समस्याओं को भी सुना। मुख्यमंत्री ने मुलाकात के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कि पिछली शिक्षित सरकारों और यहां के अस्पताल प्रशासन की गैरजिम्मेदारी से हैरान है। उन्होंने कहा कि मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित संस्थान की खराब स्थिति और यहां पढ़ने वाले छात्रों की हालत देखकर बहुत दुख होता है। उन्होंने कहा कि 1966 से 1990 के बीच में बने यहां सात छात्रावास की 1200 छात्रों की क्षमता है, लेकिन लगभग 3200 छात्र रह रहे हैं। एक कमरे में आठ-आठ बेड है और अलमारी भी शेयर करनी पड़ती है, स्टडी टेबल कुर्सी जैसी कोई चीज यहां नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के छात्रावासों में कभी मरम्मत का काम ही नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे मेडिकल के छात्र ऐसी विपरीत परिस्थितियों में यहां पर रह रहे हैं। यहां सुरक्षा की कोई दुरुस्त व्यवस्था नहीं है, परिसर में भारी अतिक्रमण किया गया है। पिछली सरकारों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। अतिक्रमण की वजह से छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। कई वारदातें भी हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रावासों की मरम्मत और उनमें सुविधाओं को देने के लिए तुरंत जरूरी कदम उठाए जाएंगे। नए छात्रावासों को बनाने की संभावनाएं खोजी जाएगी, ताकि एक कमरे में दो या चार छात्रों को रहना पड़े।

## दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष से मिला 45 छात्रों का प्रतिनिधिमंडल



गवर्नेंस

**प्रतिनिधिमंडल में देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों और अन्य विश्वविद्यालयों के छात्रा शामिल हैं**

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से सोमवार को नेशनल गवर्नेंस टूर 2025 पर आए 28 राज्यों के 45 युवा छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों (आईआईटी, आईआईएम, एनएलयू) और अन्य विश्वविद्यालयों के छात्रा शामिल हैं। विधानसभा में शहरी शासन में विधायी पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करना विषय पर आयोजित संवाद में छात्रों ने दिल्ली में विधायी प्रक्रियाओं में जन-भागीदारी और संस्थागत निगरानी को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए लोकतंत्र में विधायी संस्थाओं की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित किया और उन्हें ईमानदारी तथा सेवा भावना से जनजीवन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्र प्रतिनिधियों के योजनाबद्ध और लोकतांत्रिक शासन पर उनके दृष्टिकोण की सराहना की तथा 20 मिनट के संवाद में छात्रों के जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों का उत्तर दिया। गुप्ता ने कहा कि यह विधानसभा जनता की है।




नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 10 जनपथ नई दिल्ली में विश्वकर्मा समुदाय के नेताओं के साथ बातचीत की।

## चोरी करने वाले वाले गिरोह का भंडाफोड़

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने की तस्करी और करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। कार्रवाई के तहत मुंडका स्थित एक गोदाम से 72,000 लीटर अळव्रजब्ब किया गया है, इस तस्करी से सरकार को हर महीने 1.62 करोड़ का नुकसान हो रहा था। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें गोदाम मालिक, टैंकर ड्राइवर, हेल्पर, ट्रांसपोर्टर और अवैध रूप से ईंधन खरीदने वाला हैं। एविएशन फ्यूल से भरे तीन टैंकर बरामद किए गए हेड कांस्टेबल सुनील को 22 जून को मिली एक सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर महिपाल सिंह के नेतृत्व में एसीपी रमेश चंद्र लांबा की निगरानी में टीम ने पश्चिमी दिल्ली के मुंडका में एक गोदाम पर छापा मारा। इसके साथ ही दो पिकअप ट्रक, छह डिप रॉड, मास्टर की, भरे ड्रम और 1.05 लाख रुपये नकद बरामद किए गए।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि बहादुरगढ़ में एचपीसीएल असौदा डिपो से आईजीआई एयरपोर्ट जा रहे एविएशन फ्यूल से भरे टैंकरों को मुंडका लाया जाता था। इसमें टैंकरों को ड्राइवर, ट्रांसपोर्टर और गोदाम मालिक की मिलीभगत थी।

## कोर्ट द्वारा विरोधियों की दलील खारिज करना सरना-जी.के. के मुंह पर करारा तमाचा: कालका



साधा निशाना

**जी.के. के अधिकतर सदस्य पहले ही शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट में शामिल हो चुके हैं**

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली :** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि डायरेक्टोरेट गुरुद्वारा चुनाव द्वारा 25 जून को हो रही कमेटी की कार्रवाइयों या चुनावों में सिंह सभाओं के दो चुने हुए सदस्यों के वोटिंग अधिकार को छीनने के लिए परमजीत सिंह सरना और मंजीत सिंह जी.के. द्वारा दायर की गई याचिका को खारिज करना दोनों नेताओं के मुंह पर करारा तमाचा है। संबोधित करते हुए सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि परमजीत सिंह सरना और मंजीत सिंह जी.के. के अधिकतर सदस्य पहले ही शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट में शामिल हो चुके हैं। सिंह सभाओं के चुने गए सदस्य कश्मीर सिंह और मलकित सिंह भी हमारी टीम के साथ हैं। उन्होंने कहा कि विरोधी हमारे सदस्यों के वोट के अधिकार को छीनने के लिए, अदालत तक पहुंच गए थे, लेकिन माननीय जजों ने सारी दलीलें सुनने के बाद यह आदेश सुनाया कि दोनों सदस्य 25 जून को हो रहे चुनाव में अपने वोट देने के अधिकार का उपयोग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हम कमेटी के वकीलों का भी धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने अदालत के सामने पिछली बार की गई सारी नाइंसाफी और सच्चाई को रखा, जिससे सहमत होते हुए माननीय जजों ने विरोधियों की दलील खारिज कर यह फैसला सुनाया कि दोनों सदस्य वोट डालने का अधिकार रखते हैं।

## ड्रग्स तस्करी के मामले में आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की अंतरराज्यीय सेल ने नशा मुक्त भारत अभियान और "जीरो टॉलरेंस फॉर ड्रग्स" नीति के तहत एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने 288 किलोग्राम गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत करीब 50 लाख आंकी जा रही है। इस सिलसिले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है और तस्करी में इस्तेमाल एक ट्रक को जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान सोनीपत हरियाणा निवासी मुकेश दहिया (39) और राजेश दहिया (29) के रूप में हुई है। मुकेश ट्रक का मालिक है। राष्ट्रीय स्तर पर फैला नेटवर्क ध्वस्त क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि यह गिरोह ओडिशा से गांजा सप्लाई करता था। जिसकी पहुंच उप्र, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली-एनसीआर तक थी। डीसीपी के अनुसार ट्रक से 288 किलो गांजा बरामद किया गया। जिसे ट्रक की बॉडी में बने छिपे हुए खांचे में रखा गया था।

## ट्रैफिक पुलिस का राजधानी में जागरूकता कार्यक्रम तेज



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए राजधानी भर में बड़े स्तर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। ट्रैफिक पुलिस के इन अभियानों में छात्रों से लेकर साइकिल सवारों, ऑटो/टैक्सी चालकों, सार्वजनिक परिवहन कर्मियों और आम नागरिकों को यातायात नियमों, महिला सुरक्षा और अनुशासित ड्राइविंग के महत्व को लेकर जागरूक किया गया।

जागरूकता

**अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए राजधानी भर में बड़े स्तर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया**

**साइकिल चालकों के लिए "विजिबिलिटी ड्राइव":** गगन सिनेमा और हनुमान लेन इलाकों में साइकिल चालकों के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस साइकिल दृश्यता एवं सुरक्षा अभियान के तहत 112 साइकिल चालकों को सुरक्षित साइकिल चलाने की जानकारी दी गई और उनकी साइकिलों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए ताकि रात के समय वे स्पष्ट रूप से दिखाई दें और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो।

**ऑटो/टैक्सी/ई-रिक्शा चालकों को मिली प्रशिक्षण:** शिवाजी स्टेडियम पर 23 ऑटो व टैक्सी चालकों को स्टॉप लाइन पर रुकने, गति सीमा का पालन करने, लेन ड्राइविंग, महिला सुरक्षा और यात्रियों के प्रति शालीन व्यवहार जैसे विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। यह सत्र ट्रैफिक पुलिस द्वारा जीरो मिशन डेथ ऑन रोड के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया।

**डीटीसी और क्लस्टर बस चालकों को विशेष प्रशिक्षण:** नंद नगरी डीटीसी डिपो में तीन चरणों में आयोजित इस कार्यक्रम में 35 डीटीसी व 30 क्लस्टर बस चालकों समेत 6 अधिकारियों को यातायात नियमों, पैदल यात्रियों की सुरक्षा, सुरक्षित ब्रेकिंग और सड़क पर आचरण को लेकर प्रशिक्षित किया गया।

## मोबाइल टावर उपकरण की चोरी में वांछित गिरफ्तार



पर्दाफाश

**पुलिस ने उसके कब्जे से एक चोरी किया हुआ रिमोट, रेडियो, 4 लाख रुपये नकद और चोरी में प्रयुक्त कार बरामद की**

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (सेंट्रल रेंज) की टीम ने एक अंतरराज्यीय शातिर अपराधी शावेज अहमद उर्फ प्रिंस उर्फ प्रिंस मलिक (27) को गिरफ्तार कर एक बड़े मोबाइल टावर उपकरण चोरी रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक चोरी किया हुआ रिमोट, रेडियो, 4 लाख रुपये नकद और चोरी में प्रयुक्त कार बरामद की है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार तकनीकी इनपुट्स और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपित की पहचान और लोकेशन ट्रेस की। डीसीपी के अनुसार पुलिस टीम ने तीन दिन तक पंजाब और उप्र में सघन अभियान चलाकर आखिरकार दिल्ली-हरिद्वार हाईवे स्थित खतौली, मुजफ्फरनगर से आरोपित को दबोचा। जांच में पता चला है कि पकड़ा गया आरोपित शावेज अहमद, मूल रूप से बाबा दीप सिंह कॉलोनी राजपुरा (पंजाब) का निवासी है। वह अक्सर अपना नाम और पता बदलकर दिल्ली, मेरठ और उप्र में ठिकाने बदलता रहता था। उसने 'प्रिंस मलिक' के नाम से फर्जी पहचान बनाकर कई ठिकानों से चोरी किए गए मोबाइल कम्युनिकेशन उपकरण की आपूर्ति की थी। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने केवल 8वीं कक्षा तक पढ़ाई की है और शुरू में जूते की दुकान में काम करता था। इसके बाद स्क्रैप डीलर बनकर उसने मोबाइल टावर मशीनरी चोरी का धंधा शुरू किया क्योंकि इसमें कम मेहनत में ज्यादा मुनाफा नजर आया।

## ओडिशा से ट्रक में छिपाकर लाए थे लाखों का सामान, दो गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने एक अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। 288 किलोग्राम गांजे के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपित गांजे की तस्करी के साथ उसे बेचने का काम भी करते थे। इसके साथ ही गिरोह के अन्य सदस्यों की धरपकड़ के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है। यह संगठित ड्रग्स तस्करी गिरोह ओडिशा से गांजा लेकर आता था और इसे उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली-एनसीआर के जिलों में सप्लाई करता था। इनसे कुल 288 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत करीब 50 लाख रुपये आकी जा रही है। क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल के इंस्पेक्टर मनमीत मलिक की देखरेख में यह ऑपरेशन किया गया। 22 जून को एसआई सुशील को इसकी जानकारी मिली थी। पता चला कि ट्रक से गांजा लाया जा रहा है। जिसके बाद एक टीम गठित की गई और सराय काले खां के पास शमशाद घाट पर पुलिस ने गिरोह की धरपकड़ के लिए निगरानी चालू की। जिसके बाद सूचना के अनुसार तय जगह से हरियाणा के सोनीपत निवासी मुकेश दहिया और राजेश दहिया को पकड़ा गया। मुकेश ट्रक का मालिक है।

## मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने नोएडा में खोला 400वां शोरूम

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े ज्वैलरी खुदरा विक्रेताओं में से एक मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने सोमवार को नोएडा के सेक्टर-18 में अपने 400वें शोरूम की शुरुआत की है। ब्रांड ने वर्तमान में 63 हजार करोड़ रुपये के कारोबार और 13 देशों में उपस्थिति के साथ राजस्व में तेजी से वृद्धि करके 78 हजार करोड़ रुपये तक कारोबार पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। मालाबार समूह के चेयरमैन एमपी अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि नोएडा में अपने 400वें शोरूम के उद्घाटन पर हमें बेहद खुशी है।

## जनसेवा में पूरे किए 10 वर्ष, मानवता की अद्भुत मिसाल है 'रोटी बैंक'



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स पीतमपुरा में सामाजिक संस्था रोटी बैंक के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रख्यात राष्ट्रवादी भजन गायक अजय भाई द्वारा रोटी बैंक की गाथा मां अन्नपूर्णा को अर्पित की गई। कार्यक्रम में अनेक सामाजिक हस्तियां रोटी बैंक से जुड़े सभी स्कूलों के छात्र एवं अध्यापकगण तथा अन्य विशिष्ट व्यक्ति शामिल रहे। ज्ञात रहे कि रोटी बैंक की स्थापना जून 2015 में आजादपुर मंडी से हुई थी वर्तमान में विधायक राजकुमार भाटिया ने अपने साथियों के साथ मिलकर इसकी शुरुआत की थी जो अभी तक जारी है। रोटी बैंक समाज के अलग-अलग हिस्सों से प्रतिदिन रोटी पैकेट एकत्रित करता है फिर जरूरतमंदों तक पहुंचाने का काम भी करता है। पिछले 10 वर्षों में दिल्ली की अनेक सामाजिक नागरिक संस्थाओं तथा 13 स्कूलों के सहयोग से रोटी बैंक सम्मान सहित 35 लाख लोगों को भोजन पैकेट प्रदान कर चुका है। इसके अतिरिक्त कोविड काल में रोटी बैंक द्वारा भोजन के क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान की गई थी। सामान्य काल में रोटी बैंक चिरैया विरासत वृक्षारोपण आदि कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में अपनी सेवाएं दे रहा है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने मन की बात के उद्बोधन में रोटी बैंक का जिक्र किया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अपने मिशन ताकि कोई भूखा न रहे के लिए समाज में जागरूकता के प्रवाह को जारी रखना था। इस अवसर पर रोटी बैंक ड्रस्ट्यों के अतिरिक्त प्रख्यात शिक्षाविद प्रोफेसर राजकुमार भाटिया, दिल्ली विधानसभा के स्पीकर विजेंद्र गुप्ता कॉलेज के वर्तमान में अध्यक्ष एमपीएस चड्ढा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा क्षेत्र से जुड़े अनेक लोगों ने शिरकत की। मंच का संचालन जैस्मिन भाटिया छाबड़ा तथा प्राची बहरानी ने किया। इस अवसर पर सहयोगी स्कूल के छात्रों को सम्मानित भी किया गया तथा आगामी कार्यक्रमों हेतु अपील भी की गई। मानवता और राष्ट्र को समर्पित यह कार्यक्रम सामाजिक साधु शक्तियों का अद्भुत संगम था। इस अवसर पर रोटी बैंक टीम से सुधीर बहरानी सोनिक सिडाना, अश्विनी चावला, संजय नारायण, अक्षत बत्रा, विपुल कुमार, जुबेर अहमद तथा अन्य साथी उपस्थित रहे।

# कुलपतियों से कौशल विकास पर जोर देने का किया आह्वान

- प्रत्येक विश्वविद्यालय को उद्योग भागीदारों के सहयोग से कम से कम 10 प्रतिशत कार्यक्रम चलाने के दिए निर्देश
- प्रदेश सरकार प्रत्येक जिले में एक मॉडल कौशल महाविद्यालय और मॉडल कौशल विद्यालय स्थापित करने की बना रही है योजना
- उच्च शिक्षा संस्थानों में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा राज्य अनुसंधान कोष (एचएसआरएफ) के तहत 20 करोड़ रुपये किए गए आवंटित
- मुख्यमंत्री ने हरियाणा विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त कुलपतियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की

**विशेष जोर**

- युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से कौशल विकास कार्यक्रमों पर विशेष जोर देने का आह्वान किया





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त कुलपतियों से युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से कौशल विकास कार्यक्रमों पर विशेष जोर देने का आह्वान किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विश्वविद्यालयों को शिक्षा और रोजगार के बीच के अंतर को कम करने के लिए उद्योगों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। प्रत्येक विश्वविद्यालय को अपने कम से कम 10 प्रतिशत कार्यक्रम औद्योगिक भागीदारों के सहयोग से चलाने चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पहल से राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। साथ ही विभिन्न उद्योगों की उभरती जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज यहां अपने निवास स्थान संत कबीर कुटीर में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त कुलपतियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

विश्वविद्यालयों को राज्य सरकार के पूर्ण मार्गदर्शन, संसाधन और समर्थन का आश्वासन देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा को एक ऐसे राज्य में बदलना होगा जो न केवल डिग्री प्रदान करे बल्कि अपने युवाओं को सार्थक दिशा और उद्देश्य भी प्रदान करे।

**मॉडल स्किल कॉलेज और मॉडल स्किल स्कूल प्रतिस्पर्धी जॉब-मार्किट की सफलता के लिए विशेष व्यावहारिक शिक्षा करेंगे प्रदान:** मुख्यमंत्री ने हरियाणा के प्रत्येक जिले में एक मॉडल स्किल कॉलेज और एक मॉडल स्किल स्कूल स्थापित करने के राज्य सरकार के विजन को रेखांकित किया। ये संस्थान छात्रों को विशेष कौशल शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे, उन्हें प्रतिस्पर्धी जॉब -मार्किट में सफल होने के लिए व्यावहारिक विशेषज्ञता से लैस करेंगे। उन्होंने एक कुशल कार्यबल को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया जो आधुनिक उद्योगों की मांगों के अनुरूप है और हरियाणा के समग्र आर्थिक विकास में योगदान देता है।

नायब सिंह सैनी ने राज्य के कुलपतियों से हरियाणा को वैश्विक स्तर पर ऊंचा उठाने के लिए संस्थागत रैंकिंग बढ़ाने का आह्वान करते हुए शोध आउटपुट, रोजगार के अवसरों, संस्थागत रैंकिंग और शिक्षा की समग्र गुणवत्ता में सुधार की दिशा में प्रयास तेज करने का आग्रह किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए पूरी ईमानदारी से काम करने और निष्पक्ष, गैर-भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुलपतियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अपने-अपने संस्थानों की रैंकिंग और रेटिंग बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। नैतिक नेतृत्व के महत्व पर जोर देते हुए इस बात पर बल दिया गया कि ईमानदारी, निष्पक्षता और गैर-भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण के साथ काम करना जरूरी है।

## सामाजिक मुद्दों पर शोध के लिए विश्वविद्यालय एचएसआरएफ का उठाएं लाभ

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा संस्थानों में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा राज्य अनुसंधान कोष (एचएसआरएफ) की स्थापना की गई है। इसमें 20 करोड़ रुपये की शुरूआती आवंटन के साथ, एचएसआरएफ अपनी तरह का पहला कोष है जो नवीन अनुसंधान प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय इस निधि का अधिकतम प्रयोग गांवों की सामाजिक समस्याओं और चुनौतियों से निपटने संबंधी शोध कार्यों पर करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस निधि का रणनीतिक रूप से उपयोग ग्रामीण समुदायों के विकास और कल्याण में योगदान देने वाले प्रभावशाली अध्ययनों को बढ़ावा देने के लिए किया जाना चाहिए। छात्रों को न केवल अकादमिक रूप से, बल्कि नैतिक और सामाजिक रूप से भी भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जाना चाहिए

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी विश्वविद्यालयों और उनके संबद्ध कॉलेजों को नैक मान्यता प्राप्त करने का आग्रह करते हुए उच्च शिक्षा में गुणवत्ता-आश्वासन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने संस्थागत प्राथमिकताओं के रूप में संकाय विकास, व्यापक छात्र मार्गदर्शन और सामाजिक परियोजनाओं में सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया। सैनी ने छात्रों को न केवल अकादमिक रूप से, बल्कि नैतिक और सामाजिक रूप से भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए मूल्य-आधारित शिक्षा प्रदान करने की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कुलपतियों से अपने विश्वविद्यालयों को शिक्षा के उच्चतम मानकों तक बढ़ाने का आग्रह किया, यहां तक कि वैश्विक मान्यता प्राप्त करने की आकांक्षा भी जताई। बैठक में मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. राज नेहरू, डॉ. बीआर अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत के कुलपति प्रो. (डॉ.) देवेन्द्र सिंह, चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी, गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कौशिक, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलपति प्रो. रामपाल सैनी, दादा लख्मीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय, रोहतक के कुलपति प्रो. अमित आर्य तथा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय दुधोला पलवल के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने एनईपी के प्रभावी कार्यान्वयन की आवश्यकता पर दिया बल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने इसे एक ऐतिहासिक दस्तावेज बताया और शिक्षण संस्थानों में इसके त्वरित और प्रभावी कार्यान्वयन की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। सैनी ने कुलपतियों से नवाचार और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए एनईपी के प्रमुख आयामों के साथ अपनी रणनीतियों को संरेखित करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वविद्यालयों से "विकसित भारत-विकसित हरियाणा" के विजन को साकार करने की दिशा में अपना ज्यादा से ज्यादा योगदान देने का आग्रह किया, ताकि राज्य और राष्ट्र की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सके।

# रितेश गोयल ने स्वास्थ्य मंत्री के महकमें में मंत्री की तरह हस्तक्षेप किया: वीरेश

- शांडिल्य बोले: अंबाला शहर की राजनीति में लोकतंत्र की हत्या कर नायब सैनी सरकार को बदनाम किया जा रहा है



**टीम एक्शन इंडिया**
**अंबाला:** एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया व विश्व हिन्दु तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने कहा कि अंबाला शहर की राजनीति में असीम गोयल व उसका भाई रितेश गोयल खुले आम लोकतंत्र की हत्या कर नायब सैनी सरकार को बदनाम कर रहा है और लोकतंत्र में जनता के जनादेश का अपमान कर रहा है। वीरेश शांडिल्य ने आज अपने निवास पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पूर्व मंत्री असीम गोयल के सगे भाई रितेश गोयल जिसके पास न तो कोई संवैधानिक पद है और न ही कोई भाजपा सरकार में जिम्मेवारी है और न ही पार्टी स्तर पर कोई जिम्मेवारी रितेश गोयल के पास है उसके बावजूद भी रितेश गोयल सिविल अस्पताल में डीसी जितना रैंक रखने वाले डॉक्टरों को मुख्यातिथि के रूप में जाकर पदभार ग्रहण करवा रहा है जो चुने हुए अंबाला के सांसद वरूण चौधरी, सांसद कार्तिकेय शर्मा व अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह सहित अंबाला जिला प्रशासन प्रमुख डीसी का अपमान है यहां तक रितेश गोयल सिविल अस्पताल में वीआईपी बनकर डॉक्टरों को पदभार ग्रहण करवाकर स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के स्वास्थ्य विभाग में हस्तक्षेप कर रहा है और स्वास्थ्य विभाग की अंबाला शहर में किरकिरी कर रहा है जबकि रितेश गोयल को कोई अधिकार नहीं उसके पास कोई प्रोटोकॉल नहीं कि वह सरकारी डॉक्टरों को सिविल अस्पताल में जाकर सरकार का प्रतिनिधि दशार्ते हुए पदभार ग्रहण करवाए। एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया वीरेश शांडिल्य ने कहा कि वह इस बारे हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री को मिलेंगे और इस बात की जानकारी देंगे कि अंबाला शहर सिविल अस्पताल के सीएमओ ने प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ाई हैं। शांडिल्य ने कहा अंबाला शहर के सीएमओ ने क्या हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री आरती राव या एसीएस हेल्थ से रितेश गोयल को मुख्यातिथि बनाने के लिए कोई परमिशन ली इस पर सीएमओ श्वेत पत्र जारी करें। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि असीम गोयल व उसके भाई लगातार लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रहे हैं और जनता के जनादेश का अपमान करते हुए वीवीआईपी बन असीम गोयल हारने के बाद भी शिलान्यास बोर्डों पर अपना नाम लिखवा रहा है।

# भाजपा 25 जून को हर जिले में करेगी कार्यक्रम



**अवगत कराएंगे**

- बीजेपी लोगों को बताएगी कैसे आपातकाल के दौरान नागरिकों के अधिकारों को खत्म किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ।** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर 25 जून को भाजपा संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाएगी। बीजेपी लोगों को बताएगी कैसे आपातकाल के दौरान नागरिकों के अधिकारों को खत्म किया गया, विरोधियों को जेलों में कैद कर अमानवीय यातनाएं दी और नसबंदी अभियान चलाकर कैसे लोगों को प्रताड़ित किया गया। भाजपा ने जिला अनुसार कार्यक्रमों की योजना रचना तैयार कर नेताओं की ड्यूटियां लगा दी है। मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री, हरियाणा सरकार के मंत्री और सांसद जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर आपातकाल के काले अध्याय के बारे में लोगों को अवगत कराएंगे।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल में आपातकाल पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचेंगे और लोगों को आपातकाल की विभिषिका के बारे में बताएंगे। इस मौके पर उनके साथ भारत भूषण जुयाल भी उपस्थित रहेंगे। पंचकूला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता आपातकाल पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसी तरह अंबाला में असीम गोयल, राम अवतार सिंघल, रवि बतान, यमुनानगर में मंत्री महिपाल ढांडा, कुलभूषण गोयल, दशरथ सिंह चौहान, कुरूक्षेत्र में प्रो. एसपी सिंह बघेल, जवाहर सैनी आपातकाल पर होने वाले कार्यक्रम में मुख्य वक्ता होंगे। इसी तरह कैथल जिला में मंत्री अरविंद शर्मा, मदन गोयल, रेणू डाबला, पानीपत में कंवरपाल गुर्जर, जसबीर दोदवा, सोनीपत में मंत्री विपुल गोयल, सतीश नांदल, गोहाना में रामचंद्र जांगड़ा, समय सिंह भाटी, जींद में डा. कृष्ण मिड्ढा, ललीत बतरा, रोहतक में डा. कमल गुप्ता, गुलशन भाटिया, झज्जर में मंत्री कृष्णलाल पंवार, वीर कुमार यादव और कैप्टन भुपेंद्र सिंह मुख्य वक्ता होंगे। डबवाली में होने वाले कार्यक्रम में मंत्री कृष्ण बेदी, निताशा सिहाग, सिरसा में मंत्री रणबीर गंगवा, अशोक गुर्जर, हांसी में राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, सुनीता दांगी, हिसार में राज्यसभा प्रदीप जैन, सुरेंद्र आर्य, रेवाड़ी में महेंद्रगढ़ में सुनील ग्रोवर, अभिमन्यु यादव आपातकाल की विभिषिका के बारे में लोगों और कार्यकताओं को बताएंगे।

# सीएम ने पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता के निधन पर दुख व्यक्त किया





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता श्रीमती परमेश्वरी देवी (91 वर्षीय) के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने रोहतक स्थित उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने श्रीमती परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं और उन्होंने हमेशा समाज व गरीब कल्याण के लिए कार्य किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का संदेश देकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का काम किया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु के निवास स्थान पर त्रिवेणी का पौधारोपण किया। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा, पूर्व सांसद रमेश कौशिक, पूर्व विधायक लीलाराम, भाजपा के संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# विदेशी नागरिक अवैध मादक पदार्थ सहित काबू

**गुरुग्राम।** स्थानीय पुलिस ने एक विदेशी नागरिक को अवैध मादक पदार्थ के साथ काबू किया है। आरोपी नाइजीरिया मूल का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने सोमवार को बताया कि आरोपी को सेक्टर-57 हुडा मार्केट के पास से काबू किया गया है। अपराध शाखा सिकंदरपुर को जानकारी मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ बेचने की फिराक में हुडा मार्केट सेक्टर-57 के पास घूम रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को काबू किया। उनके कब्जे से 11.98 ग्राम एमडीएमए, एक बाइक बरामद हुई।

# लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित कृष को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** पूर्व सैनिक कल्याण सोसाइटी ने गत दिवस देर शाम को एक बैंकट हाल में आयोजित कार्यक्रम में हाल ही में भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुए कृष कुमार को सम्मानित किया गया। सोसाइटी के प्रधान सतपाल सिंह काजला, उप प्रधान कैप्टन धर्मबीर गहलोत, कमांडो रविंद्र सिंह व कैप्टन ओमपाल आदि ने कहा कि हमारे लिये गौरव की बात है कि हमारे क्षेत्र के बेटे कृष कुमार का सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयन हुआ है और कृष कुमार आज रात को आर्मी की ट्रेनिंग के लिये पुणा के लिये रवाना होगा। सोसाइटी पदाधिकारियों ने कृष कुमार को ट्राफी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित कृष कृमार ने पूर्व सैनिक कल्याण सोसाइटी के सभी पदाधिकारियों व शहरभर से पहुंचे गणमान्य लोगों का आभार जताया। कृष कुमार ने कहा की बचपन से ही उसका आर्मी में भर्ती होकर देश की सेवा करने का सपना था और भगवान व परिजनों के आशीर्वाद से उसका यह सपना पूरा हुआ है। इस अवसर पर कृष कुमार के नाना डा. महाबीर दहिया, चांद दहिया, नानी राजवंती देवी, सुनिता राणा, डा. राज मोर, संजीव शर्मा, माता सरिता देवी, मौसी पूनम रानी, मामा मोहित राणा, अरूण राणा, सुमन राणा, आयुष बिंझौल, इशांत धौंचक, कियांश व चिराग सहित शहर के काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# इग्नू में जुलाई 2025 सत्र में दाखिले के लिए डीईबी, आईडी जरूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), में जुलाई 2025 सत्र के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। इग्नू रिमोट एरिया, गांवों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यूजीसी-डीईबी ने सभी ओपन और डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) और ऑनलाइन (ओएल) कार्यक्रमों के लिए एक नई प्रवेश प्रक्रिया शुरू की है। यूजीसी-डीईबी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, अब प्रत्येक शिक्षार्थी (अंतर्राष्ट्रीय शिक्षार्थियों को छोड़कर) के लिए किसी भी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) या ऑनलाइन (ओएल) पाठ्यक्रम में नामांकन से पहले अपनी एबीसी आईडी का उपयोग करके एक डीईबी-आईडी बनाना अनिवार्य है। प्रवक्ता ने बताया कि इग्नू में दाखिला लेने के लिए छात्र आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं और होमपेज पर दिए गए फ्रेश एडमिशन लिंक पर क्लिक करें।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष रहे अतुलनीय: गौरव

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश ने अतुलनीय युग में प्रवेश किया है। यह 11 वर्ष केवल शासनकाल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का वह दौर है जिसमें भारत ने अपनी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए आधुनिक विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। खेल राज्य मंत्री आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर मानेसर में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पटौदी की विधायक श्रीमती बिमला चौधरी मौजूद रहीं। मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि गरीब, किसान, महिला और युवा ये चार स्तंभ मोदी सरकार के सुशासन के केंद्र बिंदु हैं। अंत्योदय उत्थान के लक्ष्य के साथ पिछले 11 वर्षों में 29 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है। जल जीवन मिशन से 15 करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचा है। प्रधानमंत्री आवास योजना से 4 करोड़ परिवारों को पक्के घर दिए गए हैं। हमारी मातृशक्ति के सम्मान को बरकरार रखने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश खुले में शौच से मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी के निर्णयों में दृढ़ता और देशहित सर्वोपरि रहा है। चाहे जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने की बात हो, पुलवामा हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक हो, या फिर हाल ही में ह्यचिनाब ब्रिजह्ण के जरिए कश्मीर घाटी को देश से जोड़ना, उनका हर निर्णय एक नए भारत की नींव रखता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व देश में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और निराशा का माहौल था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार और विकास की नीति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई, जिसका परिणाम आज विश्व मंच पर भारत की सशक्त उपस्थिति के रूप में सामने है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान, मंगलयान और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों ने भारत को विश्व की अग्रणी टेक्नोलॉजी शक्ति बना दिया है।

# जुआ-सट्टे के खिलाफ पानीपत पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 43 जुआरी पकड़े

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पुलिस** अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में पानीपत पुलिस ने जुआ-सट्टे पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने रविवार देर शाम को तीन अलग-अलग स्थान पर दबिश देकर 43 जुआरियों को दाव पर लगी 52 हजार 900 रूपए की नगदी सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने अवैध जुआ-सट्टे पर कड़ा संज्ञान लेते हुए सभी क्राइम युनिट व थाना प्रभारियों को इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया कि रविवार शाम को थाना तहसील कैंप पुलिस टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि वधावाराम कॉलोनी स्थित खन्ना स्टूडियों वाली गली में तीस, चालीस व्यक्ति इक्कठा होकर चिड़ी कबूतर पर्ची पर पैसे दाव पर लगाकर सट्टा पर्ची खेल रहे है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने दिवार की ऑड में खड़े होकर देखा एक व्यक्ति जोर से आवाज लगा रहा था कि चिड़ी कबूतर के 12 निशान में से एक निशान चुनकर पैसे लगाओ सही पर्ची निकलने पर 10 गुणा पैसे पाओ। दूसरा व्यक्ति लोगों से पैसे इक्कठे कर कच्ची रसीद दे रहा था और तीसरा व्यक्ति चार्ट से लोगों की चुनी हुई पर्ची फाड़ रहा था। पुलिस ने दबिश देकर मौके से सभी 37 सटोरियों को हिरासत में लेकर चार्ट से फाड़ी पचीर्या, कच्ची रसीद, पेन, नोट पेड व दाव पर लगी 33 हजार 150 रूपए की नगदी बरामद की।




पूछताछ में सट्टा खिलाने वाले आरोपियों ने अपनी पहचान गांव रकिपुरा मेरठ यूपी हाल किरायेदार देसराज कॉलोनी निवासी राहुल, दिनानाथ कॉलोनी निवासी आशीष, वधावाराम कॉलोनी निवासी सोहित व सट्टा खेलने वाले आरोपियों ने अपनी पहचान ज्याति कॉलोनी निवासी अमित, वधावाराम कॉलोनी निवासी असलम, भौला चौक निवासी पवन, बिहार के नालंदा निवासी शंभू, अशोक विहार कॉलोनी निवासी रिंकू, वधावाराम कॉलोनी निवासी कवरपाल, विशाल, विक्की, सुनील, बोनी उर्फ विनित व देसराज कॉलोनी निवासी संतोष, चोखेलाल, विनोद, राजकुमार व सेक्टर 6 संत नगर निवासी नदीम, गांव सैमली जिला जीन्द हाल किरायेदार नूरवाला निवासी सागर, पूर्णिया बिहार निवासी मोहम्मद मंजर, बेगुसराय बिहार निवासी दीपक, बदायू यूपी निवासी कृष्ण लाल, न्यू रमेश नगर निवासी सोनू, हरिसिंह चौक निवासी राहुल, कुटानी निवासी अजय, भूडान जिला मुजफ्फरनगर यूपी निवासी महताब, पिलखवा हापुड़ यूपी निवासी रणजीत, मुजफ्फरनगर यूपी निवासी मोहम्मद तोसीम, कुटापी निवासी रामबूल, हरिसिंह चौक निवासी सचिन, गांव मेहकपुर जिला फरूखाबाद यूपी निवासी जोगिंद्र, सेक्टर 6 संतनगर निवासी मोहम्मद वसीम, गांव डाखेड़ी मुजफ्फरनगर यूपी निवासी घीसलीन, कुटानी निवासी साहिल व रविंद्र, पपू, इशरार के रूप में बताई। थाना तहसील कैंप में गैम्बलिग एक्ट के तहत अभियोग दर्ज आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इसी प्रकार सीआईए टू पुलिस की टीम ने देवी मंदिर के नजदीक नाले के पास दो युवकों को सट्टा खाइवाली करते काबू किया।

# स्पीकर हरविन्द्र कल्याण ने सुनीं लोगों की समस्याएं, मौके पर किया समाधान

**निर्देश**

**उन्होंने हर समस्या को गंभीरता से सुना और उनके निपटारे के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज घरौंडा में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में हलके के लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निवारण के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ कुछ समस्याओं का मौके पर भी समाधान किया।

हरविंद्र कल्याण ने सोमवार सुबह ढाई घंटे से अधिक समय तक लोगों की सामूहिक एवं व्यक्तिगत समस्याएं सुनीं। बड़ी संख्या में लोग विभिन्न प्रकार की समस्याएं लेकर पहुंचे थे। उन्होंने हर समस्या को गंभीरता से सुना और उनके निपटारे के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। घरौंडा के कुछ लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग से रेस्ट हाउस को जोड? वाले कट को चौड़ा करने की मांग की ताकि हादसे का अंदेशा खत्म हो। अनाज मंडी में किसानों और जनता के लिए शौचालय बनवाने की मांग भी विधानसभा अध्यक्ष के सम्मुख रखी गई। गांव वजीदा के लोगों ने सडक पर जमा होने वाले पानी की समस्या के समाधान के लिए पीडब्ल्यूडी की सडक के साथ नाला बनवाने, कम्युनिटी हाल बनवाने, पनौड़ी-जमालपुर सडक पर नाला बनवाने और अमृतपुर के सैनी मोहल्ले में कम्युनिटी सेंटर बनवाने की भी मांग की।

इसके अलावा लोगों ने कर्ण विहार गली नंबर 5 में बिजली की पुरानी तारों को बदलवाने की मांग रखी। इन तारों के कारण हर समय हादसे की आशंका रहती है। विकास नगर फूंसगढ़ रोड गली नंबर 9 में बिजली की तारे डलवाने की भी मांग रखी गई। लोगों ने बताया कि इस समय पिछली गली से मकानों के ऊपर से तारें डालकर जैसे-तैसे काम चलाया जा रहा है। हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि क्षेत्र वासियों की समस्याओं का समाधान करना, उनकी पहली प्राथमिकता है। जो भी व्यक्ति समस्या लेकर आता है, उनका पूरा प्रयास रहता है कि इनका समय पर समाधान करवाया जाए। क्षेत्र के बड़े प्रोजेक्ट, विकास कार्यों को लेकर वह स्वयं भी अधिकारियों से रिपोर्ट लेते हैं और निरंतर रिव्यू करते हैं।

इस मौके पर एसडीएम राजेश सोनी, नगरपालिका घरौंडा के चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, सीएमओ डा. पूनम चौधरी, भाजपा नेता सुभाष कश्यप, मंजू खैंची के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# चोर सूने पड़े मकान से लाखों की चोरी करके फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के सालवन गांव में एक बंद घर को निशाना बनाकर चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। परिवार 20 जून को गुरुग्राम अपनी बहन के घर गया हुआ था और आज दोपहर जब घर लौटा तो अंदर के कमरे का दरवाजा टूटा हुआ मिला और सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था। घर से 20 हजार रुपए नकद, लाखों के सोने-चांदी के जेवरात और घडि?ां चोरी हो गईं। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सालवन निवासी शिकायतकर्ता शिव कुमार ने बताया कि वह 20 जून की सुबह 10 बजे अपने पूरे परिवार के साथ गुरुग्राम गया था। घर में उस समय मिस्त्री का काम चल रहा था। छोटा भाई अमित शर्मा मिस्त्री से काम करवाकर शाम करीब 5 बजे घर पर ताला लगाकर अपने घर चला गया था।

# डॉ.मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए किए प्राण न्यौछावर: लाठर

**श्रद्धांजलि**

**इस अवसर पर डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद् और प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर देशभर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने भाजपा कार्यालय करण कमल एवं सैक्टर 6 में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि यामा प्रसाद मुखर्जी ने नारा दिया था-एक सिद्धांत, एक निशान और एक प्रधान एक ही देश में दो नहीं होंगे। उन्होंने 1952 में जम्मू-कश्मीर राज्य में अभियान के दौरान ऐसा कहा था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस और पुरुषार्थ का परिचय दिया।

उन्होंने कहा कि मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना से देश को राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने वाला राजनीतिक विकल्प दिया और जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना उनके सपनों को साकार करने की दिशा में कदम रहा है। डा. मुखर्जी ने महिलाओं से राष्ट्र निर्माण में योगदान का आह्वान किया।

इस मौके पर मेयर रेनू बाला गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा, अशोक भंडारी, पार्षद संकल्प भंडारी, एडवोकेट नवीन कुमार, सतीश गोयल, प्रियंका काठपाल, सुरेश जागलान, कुलदीप शर्मा, अलका चौधरी, जसबीर राणा, राजेश गोयल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के पुरोधा थे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी: योगेन्द्र राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद् और प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर देशभर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कडी में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस के अवसर पर असंध क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने असंध विधानसभा के गांव मंचूरी के बूथ नंबर 59 पर आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इसी के साथ विधायक योगेंद्र राणा ने असंध के वार्ड नंबर 14 के बूथ नंबर 199 पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, जिसमें उनके साथ मुख्य तौर पर उपाध्यक्ष संजय राणा, मीना चौहान, जलमाना मंडल अध्यक्ष विजय राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम अवतार जिंदल, असंध मंडल महामंत्री मोहित जिंदल, विनय राणा, अजय मास्टर, वरिष्ठ कार्यकर्ता बृज टक्कर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उन्होंने डॉ.मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय एकता के प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन को राष्ट्रहित में समर्पित कर एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे, का नारा देकर देश को एकजुट करने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ि?ों के लिए प्रेरणास्रोत है।

विधायक योगेन्द्र राणा ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पुरोधा बताते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाए रखने के लिए आजीवन संघर्ष किया।

# युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** घरौंडा रेलवे स्टेशन पर सोमवार की दोपहर एक युवक ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। युवक ने किन कारणों से आत्महत्या की, इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक युवक की पहचान 22 वर्षीय सतीश पुत्र ओमप्रकाश के रूप में हुई है। वह करनाल के पाढ़ा गांव का रहने वाला था। सोमवार को वह किसी को बिना कुछ बताए घर से निकला और सीधे घरौंडा रेलवे स्टेशन पहुंचा। स्टेशन के नजदीक रेलवे ट्रैक पर खड़ा होकर ट्रेन का इंतजार करता रहा और जैसे ही ट्रेन आई, उसने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी।

# सी.आर.आई. सोलर को 210 करोड रुपयों का मल्टी-स्टेट ऑर्डर: 6,894 सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति करेगा

**करनाल ।** सीआरआई पंप्स का एक प्रमुख प्रभाग और नवीकरणीय ऊर्जा संचालित जल समाधानों में अग्रणी, सीआरआई सोलर को हाल ही में एक बड़ा ऑर्डर मिला है। उन्हें महाराष्ट्र ऊर्जा विकास एजेंसी (मेडा), हरियाणा नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (हरेडा), और पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (पेडा) से कुल 6,894 सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग का कार्य मिला है। इन सभी ऑर्डरों का कुल मूल्य 210 करोड़ रुपए है।ये प्रतिष्ठित ऑर्डर भारत के कृषि क्षेत्रों में टिकाऊ सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के एक बड़े प्रयास का हिस्सा हैं। ये साझेदारियाँ इस बात पर जोर देती हैं कि सीआरआई, केंद्र और राज्य सरकारों को नवीकरणीय ऊर्जा और कृषि उत्पादकता के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।परियोजना का क्रियान्वयन संबंधित एजेंसी की समय-सीमा के अनुसार शुरू होगा। इसमें सीआरआई सोलर अपनी व्यापक विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए, बड़े पैमाने पर सोलर वाटर पंपिंग परियोजनाओं को सटीकता और गुणवत्ता आश्वासन के साथ पूरा करेगा।इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, सीआरआई ग्रुप के चेयरमैन श्री जी. सौंदराराजन ने कहा,"यह समेकित उपलब्धि भारत के ग्रामीण और कृषि परिदृश्य में स्वच्छ, विश्वसनीय और टिकाऊ जल पहुंच को सक्षम बनाने के लिए सीआरआई की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

ये परियोजनाएं केवल अवसंरचना से कहीं अधिक हैं– ये ग्रामीण समृद्धि, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के सक्षमकर्ता हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सॉल्व फॉर टुमॉरो: उत्तर भारत के युवाओं में सैमसंग ने भरी नवाचार की उड़ान

गुरुग्राम। पंजाब और हरियाणा के स्कूलों में इन दिनों कुछ खास हो रहा है। अब छात्र सिर्फ परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर रहे, बल्कि वे दुनिया बदलने की तैयारी में जुटे हैं। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो कार्यक्रम के तहत हाल ही में लुधियाना, पटियाला, जालंधर, तलवंडी, धूरी और गुरुग्राम जैसे शहरों और कस्बों में आयोजित वर्कशॉप और ओपन हाउस ने सैकड़ों युवाओं के मन मस्तिष?क में नवाचार की चिंगारी जगा दी है। 29 अप्रैल, 2025 को शुरू हुआ सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो का यह नया सीजन एक नेशनल इनोवेशन चैलेंज है, जो छात्रों को डिजाइन थिंकिंग टूल्स प्रदान करता है ताकि वे वास्तविक दुनिया की समस्याओं की पहचान कर सकें और ऐसे तकनीकी समाधान विकसित कर सकें जो मायने रखते हों। यह प्रोग्राम शीर्ष चार विजेता टीमों को 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि, सैमसंग लीडर्स और आईआईटी दिल्ली के फैकल्टी से विशेषज्ञ मेंटरशिप, निवेशकों से संपर्क, और प्रोटोटाइपिंग समर्थन प्रदान करता है ताकि बड़े विचारों को ठोस बदलाव में बदला जा सके। इस बीच, गुरुग्राम के एचडीएफसी स्कूल में, बड़े विचारों और बड़ी महत्वाकांक्षाओं का माहौल था। जलवायु कार्रवाई के प्रति प्रेरित छात्रा रिशिका वर्कशॉप के बाद प्रेरित होकर निकली। उसने बताया कि, मैं रोजमर्रा के परिवहन के कार्बन फुटप्रिंट को लेकर परेशान थी। इस वर्कशॉप ने मुझे पर्यावरण के अनुकूल समाधानों की खोज का आत्मविश्वास दिया जैसे कि स्कूल कैंपस और सोसाइटीज में माइक्रो–मोबिलिटी विकल्पों को बढ़ावा देने वाला एक ऐप बनाना। यह शुरूआत है, लेकिन मैंने एक डिजाइनर, एक समस्या–समाधानकर्ता की तरह सोचना शुरू कर दिया है। हर क्षेत्र में, एक बात उभरकर सामने आई और वह थी सैमसंग की नवाचार को लोकतांत्रिक बनाने और भारत की अगली पीढ़ी के दूरदर्शियों को पोषित करने की अटूट प्रतिबद्धता। जैसे–जैसे सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो रोडशो ने अपनी यात्रा जारी रखी है, वे केवल वर्कशॉप आयोजित नहीं कर रहे, वे विचारों की क्रांति को प्रज्वलित कर रहे हैं। और पंजाब के गांवों से लेकर गुरुग्राम की कक्षाओं तक के छात्रों के दिलों में, एक बेहतर कल के बीज पहले ही अंकुरित हो चुके हैं।

### बजाज आलियांज ने हिमाचल प्रदेश के लिए लॉन्च किया एक विशेष हेल्थ इंश्योरेंस प्लान आपके लिए

**सोलन:** भारत की प्रमुख प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनी आपके लिए नाम से एक नया हेल्थ प्लान लेकर आई है यह हिमाचल प्रदेश के लोगों की खास स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया एक अग्रणी हेल्थ इंश्योरेंस प्रोडक्ट है आपके लिए बस एक हेल्थ प्लान नहीं है,बल्कि हिमाचल प्रदेश के लोगों से किया गया एक वादा है,जो राज्य की विशेष मेडिकल स्थितियों के अनुसार कवरेज और उच्च क्वालिटी हेल्थ केयर सुनिश्चित करता है इस बात को समझते हुए कि स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां, खर्च और उपचार की उपलब्धता अलग–अलग क्षेत्रों में अलग–अलग होती है,बजाज आलियांज ने हर किसी के लिए एक जैसे प्लान की बजाय, पर्सनलाइज्ड कवरेज प्रदान करने के लिए ह्लआपके लिएह्व को तैयार किया है यह प्लान हिमाचल प्रदेश के निवासियों के लिए अस्पतालों की स्थिति और किफायत को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है,ताकि लाभार्थियों को आवश्यकता के अनुसार सुरक्षा मिल सके ।किफायत और एक्सेसिबिलिटी को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया,"आपके लिए"विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिए कस्टमाइज किए गए प्रीमियम सहित व्यापक कवरेज प्रदान करता है यह पॉलिसी व्यक्तिगत और फ्लोटर दोनों प्रकारों में उपलब्ध है,जो इसे निजी उपयोग एवं परिवारों के लिए एक आदर्श समाधान बनाती है इसमें 5 लाख रुपये से लेकर 20 लाख रुपये तक का बीमा कवर चुनने का विकल्प है,जिससे युवा प्रोफेशनल्स से लेकर बुजुर्गों तक,हर कोई अपनी जरूरत के हिसाब से हेल्थ कवर ले सकता है ।बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ, डॉ. तपन सिंघल ने कहा, आपके लिए" यानी,खास आपके लिए बनाए गए इंश्योरेंस के साथ हम हेल्थ इंश्योरेंस को एक नया रूप दे रहे हैं हमने इसे हर राज्य के यूनीक मेडिकल इकोसिस्टम के हिसाब से तैयार किया है।

# पीएंडजी शिक्षा और एनजीओ प्रथम फाउंडेशन ने हिमाचल प्रदेश में विशेष समर कैंप का सफल समापन किया

**शिमला:** अपनी प्रमुख सीएसआर पहल पीएंडजी शिक्षा के माध्यम से वंचित समुदायों पर 20 वर्षों से सकारात्मक प्रभाव डालने का जश्न मनाते हुए टाइड,विक्स,जिलेट जैसी ब्रांड्स बनाने वाली पीएंडजी इंडिया ने प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के साथ मिलकर हिमाचल प्रदेश में वंचित बच्चों के लिए एक विशेष और बड़े स्तर का समर लर्निंग कैंप आयोजित किया। अधिकतम सीखने के लिए संयुक्त गतिविधियाँ नामक इस कैंप का उद्देश्य सभी भाग लेने वाले बच्चे गर्मी की छुट्टियों का उपयोग कर पढ़ने की समझ,मौखिक और लिखित रूप से विचार व्यक्त करने की क्षमता और गणित एवं विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने में सक्षम बनाना था।हिमाचल प्रदेश में इस कार्यक्रम के तहत लगभग 10000 युवा स्वयं सेवकों को जोड़ा गया जिन्होंने मिलकर वंचित समुदायों के1.14 लाख से अधिक बच्चों को शिक्षित किया जिससे गर्मियों का मौसम तेजी से सीखने का अवसर बन गया।इस कैंप का आयोजन राज्य सरकार,स्थानीय प्रशासन,एनजीओ और कॉलेजों के सहयोग से किया गया। इनाक्षी देवा प्रमुख सीएसआर और कम्युनिकेशंस प्रॉक्टर एंड गैम्बल इंडिया ने कहा पीएंडजी शिक्षा में हम मानते हैं कि सीखने की प्रक्रिया कभी रुकनी नहीं चाहिए खासकर वंचित समुदायों के बच्चों के लिए।हमें अधिकतम सीखने के लिए संयुक्त गतिविधियाँ कैंप 2025 के लिए प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के साथ साझेदारी करते हुए बेहद गर्व हो रहा है ! हमारे स्वयंसेवकों के साथ मिलकर हम बच्चों की गर्मी की छुट्टियों को फिर से परिभाषित कर रहे हैं एक ऐसा समय जब आम तौर पर बच्चों की सीखने की गति धीमी हो जाती है उसे हम एक ऐसा अवसर बना रहे हैं जिसमें बच्चे खेल आधारित गतिविधियों के जरिए पढ़ने और गणित की बुनियादी क्षमताओं को मजेदार तरीके से सीख सकें।

# समस्याओं के समाधान में ना हो किसी भी प्रकार की देरी: डॉ. संजय

**समाधान शिविर**

**मौके पर हो रहा जन समस्याओं का समाधान, समाधान शिविर के प्रति लोगों का बढ़ता अटूट विश्वास**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

हरियाणा सरकार द्वारा सप्ताह में दो बार जिला व उपमण्डल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों का लोगों को अच्छा खासा लाभ मिल रहा है। सोमवार को जिला सचिवालय में आयोजित किए गए जनता समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर में आ रही समस्याओं को लेकर और गम्भीरता से कार्य करें। लोगों की परेशानियों का समाधान करना हमारी डयूटी का बड़ा हिस्सा है। हमें इसमें किसी भी प्रकार की देरी नही करनी चाहिए।

समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए नगराधीश टिनू पोशवाल ने कहा कि समाधान शिविर में धीरे-धीरे समस्याओं को लेकर पहुंचने वाले नागरिकों की संख्या में कमी आ रही है। इसका सीधा सा संदेश है कि समस्याओं के प्रति अधिकारी गम्भीरता से कार्य करते हैं व मौके पर उनकासमाधान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रारम्भ में जिलेभर से लोग बड़ी मात्रा में समस्याएं लेकर पहुंचते थे लेकिन अब मौके पर समाधान होने से आमजन में खुशी की लहर व समाधान शिविर के प्रति लोगों का अटूट विश्वास होने से लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। जनता समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी 27 समस्याएं पहुंची जिनका निगम संयुक्त आयुक्त ने अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। इन समस्याओं मं ज्यादातर फैमली आई डी से जुड़ी समस्याएं थी।

प्रार्थी श्रीपाल वासी आर्य नगर ने प्रशासन से उनके बैटे यश के हत्यारों का पता लगाने की प्रार्थना की। उन्होंने इस पर प्रशासन से कम से कम समय में कार्यवाही करने का अनुरोध किया। निगम संयुक्त आयुक्त ने सम्बंधित विभाग को कार्यवाही के आदेश दिए। प्रार्थी सुरजीत सिंह वासी कवी ने विकलांग पैंशन बनवाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया। निगम संयुक्त आयुक्त ने सम्बंधित विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

प्रार्थी समाधान शिविर में पहुंची प्रार्थी सरोज ने जिला प्रशासन से राशनकार्ड को जोडने. की अपील की। उन्होंने कहा कि उसकी हालत दयनीय है व उसका राशनकार्ड काट दिया गया है। निगम संयुक्त आयुक्त ने सम्बंधित विभाग को जांच के निर्देश दिए। प्रार्थी जगदीप वासी जलालपुर ने बिजली क्नैक्शन के लिए प्रशासन से अनुरोध किया। इस पर निगम संयुक्त आयुक्त ने सम्बंधित विभाग को जांच के आदेश दिए। प्रार्थी यशपाल ने जिले में बढ़ रही चोरी व भीख मांगने वालों की बढ़ रही संख्या पर प्रशासन को गंभीरता पूर्वक कार्यवाही करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों केखिलाफ जोर दार कार्यवाही की जरूरत है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 के तहत जिला स्तरीय शुभारंभ और कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण (एसएसजी) 2025 का शुभारंभ हो गया है। इस अभियान के तहत जिला के 30-40 गांवों को चिह्नित कर वहां सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता की स्थिति का मूल्यांकन किया जाएगा, इस आधार पर जिलों को राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्वच्छता में ग्रामीणों की भागीदारी महत्वपूर्ण है तथा स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा।



जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार सोमवार को जिला परिषद के सभागार में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के जिला स्तरीय शुभारंभ और कार्यशाला कार्यक्रम में अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। कार्यशाला में उन्होंने अधिकारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के महत्व और विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन जैसे सार्वजनिक स्थलों की सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का आकलन किया जाएगा। जिस आधार पर जिलों को राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला के गांवों में शौचालयों की स्थिति ठीक हो और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समुचित तरीके से हो। इसके साथ ही ग्रे वॉटर की सफाई के भी पुख्ता प्रबंध किए जाएं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण स्तर पर 16 सदस्यों वाली सफाई समिति की बैठकों का आयोजन किया जाए, ताकि इन बैठकों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए। साथ ही, जन स्वास्थ्य विभाग को सबमर्सिबल और पंप की लीकेज जांचने और बीडीपीओ को ग्राम स्तर पर ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए प्रेरित और जागरूक करने के लिए निर्देश दिए।

इस अवसर पर डिप्टी सीईओ रोजी, बीडीपीओ गुरमलख सिंह, बीडीपीओ कुंजपुरा मोनिका, जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल, जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद, ब्लॉक कॉर्डिनेटर, ब्रह्मजीत पूरन चंद्र, कुसुमलता, रेणू सहित अन्य मौजूद रहे।

# मंत्री कृष्ण बेदी कॉलोनी डेवलपर पर दिखे सख्त, दिए सख्त कार्यवाही के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

सामाजिक न्याय सशक्तिकरण अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में जिला कष्टद्द निवारण समिति की बैठक में शिकायतकताओं से सम्बंधित 10 शिकायतों के एजैण्डे पर सुनवाई करते हुए कहा कि प्रशासन को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। यह उसकी बड़ी जिम्मेदारी है। सरकार जरूरतमंद के साथ न्याय कर रही है। किसी के साथ भी अन्याय ना हो इसको लेकर बहुत एहतियात बरती जा रही है। उन्होंने चेताया कि शोषण करने वालों पर सख्त कार्यवाही होगी। हर व्यक्ति को न्याय



मिलेगा। उन्होंने कष्टद्द निवारण समिति की इस बैठक में 3 शिकायतकताओं की शिकायतों का अधिकारियों के सहयोग से मौके पर समाधान किया व शेष अन्य 7 समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करने के बाद अगली बैठक के लिए लम्बित रख लिया।

उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने मंत्री को आश्वस्त किया कि वे जनसमस्याओं को लेकर प्रारम्भ से ही गम्भीर है व उनके इस दिशा में हमेशा सार्थक प्रयास रहे हैं। कष्टद्द निवारण समिति की बैठक में पहुंचे शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने भी जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए व ज्यादातर समस्याओं को गम्भीरता से सुना व अधिकारियों को इन समस्याओं के प्रति और गम्भीरता से कार्य करने के लिए कहा।

## संपादकीय

# नारी जब सिंहनी बनी: गोंडवाना की अमर प्रहरी रानी दुर्गावती

**भारतीय** इतिहास की वीरगाथाओं में कुछ नाम ऐसे हैं, जो समय की धूल में कभी धूमिल नहीं होते। वे न केवल अपने युग की प्रतीक होती हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनकर अमर हो जाती हैं। ऐसी ही एक नाम है रानी दुर्गावती–एक ऐसी वीरांगना, जिन्होंने अपने साहस, स्वाभिमान और बलिदान से भारत की मिट्टी को गौरवान्वित किया। उनकी गाथा केवल युद्ध और विजय की कहानी नहीं, बल्कि एक नारी के अटल संकल्प, नेतृत्व और मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम की अमर दास्तान है। रानी दुर्गावती ने यह सिद्ध किया कि जब बात सम्मान और स्वतंत्रता की हो, तो नारी शक्ति किसी भी चुनौती से कम नहीं। उनकी वीरता का आलम यह था कि मुगल साम्राज्य जैसी विशाल शक्ति भी उनके सामने ठिठक गई। 1524 में चंदेल वंश के गौरवशाली कालिंजर किले में जन्मीं दुर्गावती बचपन से ही असाधारण थीं। उनके पिता, राजा कीरत राय, ने उन्हें केवल एक राजकुमारी के रूप में नहीं, बल्कि एक योद्धा के रूप में तैयार किया। उस युग में, जब अधिकांश स्त्रियाँ महलों की चारदीवारी तक सीमित थीं, दुर्गावती ने तलवारबाजी, तीरंदाजी, घुड़सवारी और युद्धनीति में महारत हासिल की। उनकी शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं थी; वे रणभूमि की चुनौतियों को समझने वाली कुशल रणनीतिकार थीं। उनके हृदय में देश और धर्म के लिए कुछ कर गुजरने की ललक थी, जो उनके हर निर्णय में झलकती थी। उनका विवाह गोंडवाना के शासक दलपत शाह से हुआ, जो चंदेल और गोंड संस्कृतियों का अनूठा संगम था। यह विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि दो शक्तिशाली परंपराओं का एकीकरण था। किंतु नियति ने उनके जीवन में एक कठिन मोड़ ला दिया। विवाह के कुछ वर्ष बाद ही दलपत शाह का असामयिक निधन हो गया। उस समय उनका पुत्र वीर नारायण अभी बालक था। सामान्य स्त्री के लिए यह स्थिति टूटने का कारण बनती, पर दुर्गावती ने इसे अवसर में बदला। उन्होंने गोंडवाना की बागडोर अपने हाथों में ली और एक कुशल शासिका के रूप में अपनी पहचान बनाई। रानी दुर्गावती का शासनकाल, जो लगभग 16 वर्षों तक रहा, न केवल गोंडवाना के इतिहास में स्वर्णिम काल था, बल्कि यह एक आदर्श प्रशासन का उदाहरण भी था। उन्होंने कृषि और जल प्रबंधन को बढ़ावा दिया, सड़कों का निर्माण करवाया, और न्याय व्यवस्था को इतना सुदृढ़ किया कि प्रजा उन्हें माता के समान पूजने लगी। उनकी प्रजा के प्रति संवेदनशीलता और निष्पक्षता ने उन्हें एक लोकप्रिय शासिका बनाया। वे केवल राजमहल में बैठकर शासन नहीं करती थीं; वे युद्ध के मैदान में भी उतनी ही प्रखर थीं। उनकी सेना में सैनिकों का मनोबल उनकी उपस्थिति मात्र से दोगुना हो जाता था। लेकिन उस युग में स्वतंत्र रियासतों का अस्तित्व बनाए रखना आसान नहीं था। मुगल सम्राट अकबर की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाएँ गोंडवाना की ओर बढ़ रही थीं। 1564 में अकबर ने अपने सेनापति आसफ खाँ को गोंडवाना पर आक्रमण करने का आदेश दिया।

# मानवता के कटघरे में युद्ध: इजरायल और ईरान के बीच बिखरती दुनिया

प्रो. आरके जैन

> "मध्य पूर्व की धरती, जहां इतिहास की हर सदी ने खून की नदियां बहते देखी हैं, आज फिर युद्ध की लपटों में सुलग रही है। 13 जून 2025 को इजरायल के "ऑपरेशन राइजिंग लॉयन" ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी शुरू की, और जवाब में ईरान ने "ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस" के तहत तेल अवीव पर सौ से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें दाग दीं। इस युद्ध ने न केवल क्षेत्रीय शांति को तहस-नहस किया, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को भी डगमगाने पर मजबूर कर दिया। इस संकट के बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान गूंज रहा है–यूरोपीय देश इस संघर्ष में कुछ नहीं कर सकते, और अमेरिका ईरान के साथ परमाणु वार्ता के लिए तैयार है। लेकिन ईरान ने साफ शर्त रखी है: पहले इजरायली हमले रुकें, तभी बात होगी। यह कूटनीतिक जंग, युद्ध के मैदान से भी ज्यादा खतरनाक हो चली है"

**मध्य पूर्व** की धरती, जहां इतिहास की हर सदी ने खून की नदियां बहते देखी हैं, आज फिर युद्ध की लपटों में सुलग रही है। 13 जून 2025 को इजरायल के "ऑपरेशन राइजिंग लॉयन" ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी शुरू की, और जवाब में ईरान ने "ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस" के तहत तेल अवीव पर सौ से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें दाग दीं। इस युद्ध ने न केवल क्षेत्रीय शांति को तहस-नहस किया, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को भी डगमगाने पर मजबूर कर दिया। इस संकट के बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान गूंज रहा है–यूरोपीय देश इस संघर्ष में कुछ नहीं कर सकते, और अमेरिका ईरान के साथ परमाणु वार्ता के लिए तैयार है। लेकिन ईरान ने साफ शर्त रखी है: पहले इजरायली हमले रुकें, तभी बात होगी। यह कूटनीतिक जंग, युद्ध के मैदान से भी ज्यादा खतरनाक हो चली है। आंकड़ों और तथ्यों के साथ यह लेख इस युद्ध की गहराइयों, परमाणु वार्ता की उलझनों और वैश्विक प्रभावों को उजागर करता है। इस संघर्ष की जड़ें दशकों पुरानी हैं। इजरायल और ईरान के बीच शीतयुद्ध सा तनाव लंबे समय से चला आ रहा था, लेकिन 2025 ने इसे गर्म युद्ध में बदल दिया। इजरायल का दावा है कि ईरान 15 परमाणु हथियार बनाने के करीब पहुंच चुका था, जिसे रोकना उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अनिवार्य था। इसके जवाब में, ईरान ने इजरायल के प्रमुख शहरों पर मिसाइलें दागीं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत और 70 से अधिक लोग घायल हुए। आंकड़े चौंकाने वाले हैं: युद्ध के पहले 10 दिनों में इजरायल के हमलों से ईरान में 650 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें 80 बच्चे और महिलाएं शामिल थे। वहीं, ईरान के हमलों से इजरायल में 30 नागरिकों की जान गई। दोनों देशों के बीच ड्रोन और मिसाइल हमले अब रोजमर्रा की बात हो चुके हैं। स्थिति तब और गंभीर हो गई, जब ईरान की एक मिसाइल इजरायल में अमेरिकी दूतावास के पास गिरी, जिसने इस युद्ध को वैश्विक स्तर पर ले जाने की आशंका को और बल दिया। डोनाल्ड ट्रंप, जो जनवरी 2025 में दूसरी बार अमेरिका की सत्ता संभाल चुके हैं, इस संकट में केंद्र बिंदु बने हुए हैं। उनका



दावा है कि इजरायली हमलों की जानकारी उन्हें पहले से थी, और उन्होंने ईरान को परमाणु वार्ता के लिए 60 दिन का अल्टीमेटम दिया था। ट्रंप ने 18 जून 2025 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ईरान के पास परमाणु बम बनाने की पूरी सामग्री है; बस सुप्रीम लीडर के हस्ताक्षर की देरी है।

उनकी रणनीति दोधारी तलवार सी है। एक ओर, वे इजरायल को सैन्य सहायता और मिसाइल रक्षा प्रणालियों के जरिए समर्थन दे रहे हैं; दूसरी ओर, वे ईरान को कूटनीति की मेज पर लाने का दबाव बना रहे हैं। ट्रंप ने अगले 10 दिनों में यह फैसला लेने की बात कही है कि क्या अमेरिका इस युद्ध में सीधे हस्तक्षेप करेगा। उनका यह बयान कि "यूरोप इस मामले में बेकार है" न केवल यूरोपीय देशों की कूटनीतिक कमजोरी को उजागर करता है, बल्कि अमेरिका की एकतरफा नेतृत्व की महत्वाकांक्षा को भी रेखांकित करता है। ईरान, हालांकि, आसानी से झुकने वाला नहीं है। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अमेरिका पर इजरायल की आक्रामकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने साफ शब्दों में कहा, "हम आत्मसमर्पण नहीं करेंगे; अगर अमेरिका सैन्य हस्तक्षेप करता है, तो उसे ऐसी कीमत चुकानी पड़ेगी, जो वह कभी नहीं भूल पाएगा।" ईरान ने परमाणु वार्ता के लिए इजरायली हमले रुकने की शर्त रखी है। 20 जून 2025 को ईरान ने यूरोपीय संघ के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रारंभिक बातचीत शुरू की, लेकिन विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने दो टूक कहा कि जब तक इजरायल हमले बंद नहीं करता, ईरान अपने सैन्य अभियान को और तेज करेगा। यह गतिरोध दशार्ता है कि परमाणु वार्ता की राह कांटों से भरी है। यूरोप की भूमिका इस संकट में सीमित रही है। ट्रंप के तंज के बावजूद, जी7 देशों ने 15 जून 2025 को कनाडा में हुए शिखर सम्मेलन में इजरायल का समर्थन किया और ईरान पर दबाव डाला। लेकिन यूरोप की कूटनीतिक पहलें नाकाम रही हैं, क्योंकि ईरान ने अमेरिका के साथ सीधी बातचीत को प्राथमिकता दी। दूसरी ओर, रूस और चीन ने ईरान का खुला समर्थन किया है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ट्रंप से फोन पर बात की और इजरायली हमलों की निंदा की। खबरें हैं कि चीन ईरान को ड्रोन और संवेदनशील तकनीक की आपूर्ति कर रहा है, जो इस युद्ध को और जटिल बना सकता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठकें भी बेनतीजा रही हैं, क्योंकि स्थायी सदस्यों के बीच मतभेद उभरकर सामने आए। इस युद्ध का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ना शुरू हो चुका है। तेल की कीमतें पिछले एक सप्ताह में 15% बढ़ चुकी हैं, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों पर खतरा मंडरा रहा है। यदि यह युद्ध लंबा खिंचा या परमाणु स्तर तक पहुंचा, तो वैश्विक मंदी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षा और इजरायल की आक्रामक नीति इस क्षेत्र को दशकों पीछे धकेल सकती हैं। ट्रंप की 10-दिवसीय समयसीमा एक जोखिम भरा दांव है, जो या तो कूटनीति की जीत बन सकता है या फिर वैश्विक युद्ध का आगाज। इस संकट ने दुनिया को दोराहे पर ला खड़ा किया है।

एक ओर, कूटनीति की संभावना अभी बाकी है, जहां अमेरिका और ईरान आपसी हितों के आधार पर समझौता कर सकते हैं। दूसरी ओर, सैन्य टकराव का खतरा मंडरा रहा है, जो न केवल मध्य पूर्व, बल्कि पूरी दुनिया को अस्थिर कर सकता है। आंकड़े चीख-चीखकर बता रहे हैं कि अब तक सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, और हजारों बेघर हो चुके हैं। यह युद्ध न तो इजरायल की जीत है, न ईरान की; यह मानवता की हार है।

जैसे ही मध्य पूर्व की रातें मिसाइलों की रोशनी से जगमगाती हैं, विश्व समुदाय सांस थामे इंतजार कर रहा है। क्या यह युद्ध परमाणु त्रासदी का रूप लेगा, या कूटनीति की रोशनी इस अंधेरे को चीरेगी? समय तेजी से बीत रहा है, और दुनिया के पास जवाब देने के लिए ज्यादा वक्त नहीं बचा।

यह युद्ध केवल मध्य पूर्व का नहीं, बल्कि पूरी मानव सभ्यता का भविष्य तय करेगा। क्या हम इतिहास से सबक लेंगे, या फिर एक और अध्याय खून से लिखा जाएगा?

## कविता

**तेरी खातिर नए ख्वाब बुन रहे थे।**

वे सपने अपने मन में बुन रहे थे
मिरे गमों की कहानियां सुन रहे थे।

गुजरे दौरां से कुछ वक्त पाकर
तिरे ख्यालों की चादर बुन रहे थे।

क्या उनको जोड़कर महफूज रखेंगे
जो टूटे दिल के टुकड़े चुन रहे थे।

बहुत आसां नहीं हमको समझना
तेरी खातिर नए ख्वाब बुन रहे थे।

कोई कहां आता है अब इन राहों में
तेरे ना आने की आहट गुन रहे थे।

तिरे प्यार में आज खोकर संजीव
अपनी ही धड़कनों को सुन रहे थे।

**संजीव**

## ट्रंप के मिसाइल आक्रमण से नोबेल शांति पुरस्कार पाने की सनक

**अब** पूरा विश्व बारूद के ढेर पर बैठा दिखाई देता है। इजरायल–ईरान–अमेरिकी युद्ध की पुरानीं और तात्कालिक वजह जो भी हों परिणाम मानवता,मानवीय संवेदनाओं के विलुप्त होने और पृथ्वी के आग के गोले में बदलने का ही होगा। अगर इजरायल अमेरिका के मानसिक संतुलन ,सनक खोने और ईरान की परमाणु बम बनाने की जिद्द,आतंकवादियों को समर्थन देने की चाहत और किसी धर्म के प्रति बेपनाह नफरत के परिणामस्वरूप विश्व युद्ध होता है तो फिर द्वितीय विश्व युद्ध की तरह भयानक त्रासदी को झेलने के लिए मानव को फिर तैयार रहना पड़ेगा। युद्ध के परिणाम हमेशा दुखद होते हैं और मानवता के लिए हमेशा खतरनाक तथा कष्टों से भरे होते हैं। डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार सत्ता में आने के बाद अपने रौद्र रूप में आ चुके हैं, बंदर के हाथ उस्तरा आ गया है। डोनाल्ड ट्रंप पूर्ववर्ती राष्ट्रपति बराक ओबामा की बराबरी करते हुए शांति का नोबेल पुरस्कार पाने की चाहत में मानसिक संतुलन खो चुके हैं। भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बुरी तरह हारने के बाद पाकिस्तान के तथाकथित फील्ड मार्शल असीम मुनीर को लंच के लिए बुला कर
ट्रंप ने उसके सामने रोटी के दो टुकड़े क्या डाल दिए वह अपनी नमक हलाली के बदले डोनाल्ड ट्रंप को अपनी तरफ से शांति का नोबेल पुरस्कार की सिफारिश का तोहफा देना चाहता हैं। पाकिस्तान को यह अंदाजा भी नहीं है कि पाकिस्तान की छबि पूरे विश्व में इतनी खराब हो चुकी है कि यदि नोबेल पुरस्कार ट्रंप साहब को मिल भी रहा होगा तो पाकिस्तान की अनुशंसा पर नोबेल पुरस्कार को निरस्त कर दिया जाएगा। बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना की तरह अमेरिका ईरान तथा इजरायल के भयानक युद्ध के बीच 22 साल बाद सीधी तरह से जंग में उतर गया है इसके पूर्व अमेरिका 2003 में ऑपरेशन इराकी फ्रीडम में युद्ध के मैदान में उतरा था। इस बार अमेरिका ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के माध्यम से ईरान पर ताबड़तोड़ हमले किए जिससे पूरा ईरान दहल गया है। इसके पूर्व इसराइल ने ईरान पर आतंकवादी संगठनों हिज्बुल मुजाहिदीन, हमास और हूती विद्रोहियों के माध्यम से 1200 निर्दोष नागरिकों की हत्या का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाया है। इसराइल ने आक्रमण के बदले फिलिस्तीन, हमास, हिजबुल के संगठनों पर आक्रमण कर उन्हें नष्ट कर दिया है और कई आतंकवादी संगठनों को भी नेस्त–नाबूत कर दिया है।

फिलिस्तीन ने इसराइल पर यह भी आरोप लगाया है कि उसने गाजा पर आक्रमण कर 27000 महिलाओं तथा बच्चों को निर्मम हत्या कर दी है। इसराइल और अमेरिका का आरोप है की परमाणु ईंधन संग्रहित कर उससे परमाणु बम बनकर इजरायल नाटो तथा यूरोपीय संगठनों के ऊपर आतंकवादी संगठनों के माध्यम से हमला करके पूरी यहूदी कौम को नष्ट करना चाहता है। ईरान के राष्ट्र प्रमुख आयतुल्लाह खेमनई कि यहूदी धर्म और उनके अनुयायियों के प्रति इतनी भयानक नफरत समझ से परे है और परमाणु बम बनाने की इच्छा भी इन्हीं धर्मावलंबियों को समूचा नष्ट करने का बड़ा कारण है। अमेरिका ने सीधे–सीधे जंग में उतरकर ईरान के तीन प्रमुख परमाणु संग्रहण केन्द्रों को पूरी तरह तबाह करने का प्रयास किया है। अमेरिका ने 7 इ2 खतरनाक बमों से फोर्दो, नतांज, इस्फहान पर बंकर बस्टर बम गिरे हैं अमेरिका ने दावा किया है की ईरानी परमाणु फैसिलिटी प्रोग्राम पूरी तरह नष्ट कर दिया गया और परमाणु भंडारण ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया है। पर ईरान ने अपने आधिकारिक सूत्रों से बताया कि उन्हें कोई भारी परमाणु नुकसान नहीं हुआ है और उस थोड़ी बहुत नुकसान की मरम्मत बहुत जल्द ही कर ली जाएगी।

## विचार

# स्पंज वाला रसगुल्ला है लेखक

**साहित्य** में लेखक बहुत ही महत्वपूर्ण कारक है। जैसे समोसे में आलू की भूमिका होती वैसे ही साहित्य में लेखक की भूमिका होती है। आलू को तो समोसे में सम्मानजनक दृष्टि से देखा जाता है लेकिन साहित्य में लेखन हेतु इतना सम्मानजनक प्रावधान नहीं है।
वह लेखक ही है जिसने बड़े से बड़ा साहित्य रच डाला। और सबके लिए कविता, कहानी, व्यंग की पुस्तक रच रहा है। वह बेचारा दिन रात अपनी आंखें किताब पढ़कर फोड़ता लिखता है। अपने चश्मो का नंबर बढ़ाता है। तब जाकर आप सभी को कविता, कहानी, व्यंग्य , मोटे ग्रन्थ पढने के लिए मिलते हैं। जब सारी दुनिया रील देखने के लिए मोबाइल में व्यस्त रहती है । वह तब भी पढ़ लिख कर शोध रने में व्यस्त गधा मजूरी करता है। और लोग हैं कि उसका महत्व ही नहीं समझते हैं। लोगों को तो छोड़िए उसके परिवार वाले भी उसे नकारा और निकम्मा समझते हैं। बात सही भी है गले में भले ही हजार फूलों की माला हो लेकिन जेब में ढेला ना रहने का दर्द रहता है । और यही लेखक के लेखन का प्रतिफल होता है। एक तरफ सारे लोग हैं जो लेखक को खाली, खलीहर, निकम्मा और नाकारा समझते हैं। लोगों का मानना है कि जो कुछ नहीं करते हैं वह ज्ञान बांटने का काम करते हैं। और यह काम भी ऐसा है कि लिख लिख कर चमड़ी भले घिस जाए लेकिन दमड़ी का कुछ अता पता नहीं होता है। और दूसरी तरफ प्रकाशक हैं । जो उसे अपना भगवान समझते हैं। धरती का इकलौता प्राणी प्रकाशक ही है जो असल रूप से लेखक को इज्जत देता है। और उसे मालदार और मोटे गांठ का आसामी, ग्राहक समझता है । वह उससे अपने प्रकाशन के संकलन में लिखवाने के लिए मुफ्त में रचनाएं भी लेता है। और किताब खरीदने की आशा भी रखता है । अब आखिरकार लेखक को वह मालदार और मोटा आसामी समझता है। तो इतनी आशा तो वह रख सकता है। भले ही पूरी दुनिया लेखक को नीम की चटनी समझती रहे । एक प्रकाशक ही लेखक को स्पंज वाला रसगुल्ला समझता है । और उसकी हमेशा यह उम्मीद रहती है कि लेखक मुफ्त में रचना देकर किताब तो खरीदे ही साथ में उसका प्रमोशन भी सभी जगह करता रहेगा । एक प्रकाशक ही है जो लेखक को विशेष फील करवाते हैं । बाकी दुनिया तो लेखकों को पागल, नकारा, निकम्मा ही समझती है। लेखक भले ही अपने आप को तोप और तुररम खां समझता रहे। लेकिन वह दुनिया को समझाने में असफल रहता है। दुनिया भर को ज्ञान की बातें पढ़ा देता है। लेकिन वह भी कुछ महत्व रखता है यह बात वह कभी नहीं समझा पता है। लेखक नीम का निबोरी होता है भले ही दुनिया को कितना ही फायदा पहुंचाए लेकिन वह खुद को कुछ भी फायदा नहीं पहुंचा पाता है। ऐसे ही एक लेखक है हैप्पी जी उन्होंने एक काव्य संकलन प्रकाशित करवाया । जिसमें उन्होंने अपना ज्ञान, प्रेम अपने अंदर की कलात्मकता सब कुछ उड़ेल कर रख दिया। भारी रकम और अपना बहुमूल्य समय खर्च कर-के उन्होंने अपनी पुस्तक निकलवाये। प्रकाशक ने उन्हें प्रकाशित करके उनके हाथ में थमा दिया । हैप्पी जी ने सोचा की पुस्तक आने पर वह मालामाल हो जाएंगे।रायल्टी मिलेगी दुनिया भर में उनका नाम मशहूर हो जाएगा। उनके सारे सपने जो आधे अधूरे थे उनके पूरे होने के सपने देखने लगे । लेकिन वह भूल गये कि वह तो प्रकाशक का स्पंज वाला रसगुल्ला है। जो सबसे ज्यादा प्रकाशक को अच्छा और मीठा लगता है। और प्रकाशक उस पर अपना सर्वा अधिकार कर समझता है। अब जब अधिकार समझता है तो उसका मन वह लेखक को कैसे इस्तेमाल करेगा।उसका जैसे मन वैसे इस्तेमाल करेगा। लेखक को तो उसने अपने प्रकाशन से प्रकाशित करके उसका जन्म सुधार दिया है अब भला इससे ज्यादा उपकार वह क्या करेगा। इसलिए प्रकाशक का जब मन करेगा उसका रस निचोड़ता रहेगा । अभी पुस्तक के लिए मोटी रकम दी थी ।और अब प्रकाशक महोदय के प्रकाशन की अन्य पुस्तक खरीदने का भी भारी दबाव है। और बात इतनी पर ही खत्म हो जाती तब भी हैप्पी जी बर्दाश्त कर जाते । अब हैप्पी जी के ऊपर यह दबाव है कि प्रकाशक के प्रकाशन की अन्य पुस्तक भी लेखक को खरीदनी है ।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया ऑफिस, के–6बी, केवल पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली – 33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई–मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# महायुद्ध की और बढ़ती दुनियाँ को शांति का पाठ पढ़ाए भारत

**दुनियाँ** के देश आपस में लड़कर जब महायुद्ध की और बढ़ रहे हो तब भारत को विश्व शांति के ईमानदार प्रयास करना चाहिए। भारत के प्रयासों से दुनियाँ में शांति स्थापित होती है तो दुनियाँ में भारत का मान-सम्मान बढ़ेगा। दुनियाँ के नागरिकों के दिलों में सनातन संस्कृति के प्रति आकर्षण बढ़ेगा, भारत के विश्व सिरमौर होने के रास्ते खुलेंगें। इस हेतू तैयार होने से पूर्व स्वयं को युद्ध से दूर रखना होगा, शांति का पाठ दुनियाँ को पढ़ाने के लिये भारत को अपनी सीमाओं को सुरक्षित और राष्ट्रीय एकता को मजबूत रखने की आवश्यकता है। दुनियाँ के जो हालात इस दौरान दिखाई पड़ रहे है, वह चौकाने वाले है। हर और हिंसक वातावरण नजर आ रहा है, धर्म, जाति, नस्ल और क्षेत्रीयता की उग्र भावनाओं से तबाही का मंजर आसमानों में आग के गोलो के रूप में दिखाई दे रहा है। मानव निर्मित विकास की ऊँची-ऊँची अट्टालिकाओं को बारूद से उड़ाया जा रहा है। विगत 3 बरसों से अधिक हो गया रूस और युक्रेन युद्ध चल रहा है, इस युद्ध से मची तबाही के जो दृश्य मिडिया के माध्यम से देखने को मिल रहे है। वह बैचेन कर देने वाले है। तीन वर्षों से अधिक समय हो गया विश्व के ताकतवर देश रूस-युक्रेन युद्ध रुकवाने में असफल रहे है। इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध के बिच अब ईरान-इजराइल के मध्य खतरनाक मिसाइलो से धमाकों का क्रम जारी है। इन धमाकों से बड़े-बड़े विकसित शहरों को निशाना बनाया जा रहा है। बात परमाणु हथियारों के उपयोग तक पहुंच गयी है। मानव निर्मित विकास और समृद्धि के प्रतिमानों को शासकों की सनक की वजह से नेस्तानाबूत किया जा रहा है। इस बबार्दी के मंजर को रोकना, विश्वशांति और अमन की बात करने का यह उचित समय है। शान्ति मानव जाति के कल्याण एवं मानवता के हित में है। बारूद कभी भी मसलों का हल नहीं कर सकती, उसकी प्रकृति ही हिंसक है। बारूद से विनाश होता है, निर्माण नहीं, दुनियाँ को निर्माण की जरूरत है विनाश की कतई नहीं, जो विनाश में विश्वास रखते है वह मानवता के हितैषी कभी नहीं हो सकतें है। हमारी दुनियाँ शांति पसंद है।

## कांग्रेस ने आपातकाल के लिए माफी नहीं मांगी

भारतीय लोकतंत्र ने विश्व भर में प्रशंसा एवं प्रतिष्ठा प्राप्त की है। हालांकि लोकतंत्र की इस समृद्ध यात्रा में आपातकाल जैसा एक कलंकित अध्याय भी जुड़ा है। 25 जून, 1975 की वो रात कौन भूल सकता है जिसे खासतौर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 'तानाशाही' के रूप में जाना जाता है। ये वही रात थी जब तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर देश में आपातकाल की घोषणा की थी। 25 जून 2025 को कांग्रेस पार्टी की शीर्ष नेता और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर आपातकाल को थोपे हुए 50 वर्ष पूरे होंगे। इमरजेंसी में कांग्रेस की दुर्भावना का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने आज तक इसके लिए माफी नहीं मांगी। बीती 21 जून को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने देश की एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, 'कांग्रेस को आपातकाल के लिए देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को इसे लेकर पछतावा होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी इसके लिए माफी नहीं मांगी। अब जब देश में आपातकाल लागू हुए 50 साल होने जा रहे हैं, तो ऐसे में कांग्रेस पार्टी को सार्वजनिक रूप से इस पर पछतावा होना चाहिए।' 20 नवंबर 2017 को आपातकाल के दौरान जेल काटने वाले पत्रकार कुलदीप नैयर का बीबीसी में प्रकाशित एक लेख आपातकाल को लेकर कांग्रेस के चरित्र का बखूबी चित्रण करता है। नैयर लिखते हैं, "आपातकाल किसी अपराध से कम नहीं था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसके लिए कभी माफी नहीं मांगी। खासकर नेहरू–गांधी खानदान से अफसोस का एक शब्द भी नहीं कहा गया। गैर–कांग्रेसी पार्टियों ने इसके विरोध में बयान जारी किया या विरोध प्रदर्शन भी किया, लेकिन कांग्रेस पार्टी आपातकाल पर खामोश ही रही।"
माफी मांगने की बजाय इंदिरा गांधी के पुत्र पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 23 जुलाई 1985 को आपातकाल पर गर्व करते हुए लोकसभा में कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं है। "पूर्व पीएम ने यहां तक कहा था कि अगर इस देश का कोई प्रधानमंत्री इन परिस्थितियों में आपातकाल को जरूरी समझता है और आपातकाल लागू नहीं करता है तो वह इस देश का प्रधानमंत्री बनने के लायक नहीं है। तानाशाही पर गर्व करने का यह कृत्य ही दशार्ता है कि कांग्रेस को परिवार और सत्ता के अलावा कुछ भी प्रिय नहीं है।" पूर्व पीएम राजीव गांधी का वक्तव्य कांग्रेस पार्टी के मूल चरित्र को दशार्ता है।

## न्यूज फ्लैश

### सिरसा में बिना वजह चालान से जनता परेशान, कांग्रेस का विरोध, राजकुमार शर्मा बोले, नहीं रुके तो होगा बड़ा आंदोलन



**सिरसा(रणबीर खटक)** पुलिस द्वारा चौक-चौराहों पर अंधाधुंध तरीके से चालान काटे जा रहे हैं, जिससे आमजन विशेषकर गरीब तबका बेहद परेशान है। बिना किसी पूर्व चेतावनी और जागरूकता अभियान के सीधे चालान थमा देना अब लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। भारी-भरकम चालान से लोगों की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने प्रशासन और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के नाम पर गरीब और मध्यमवर्गीय लोगों को परेशान किया जा रहा है। सिरसा के हर चौक पर पुलिस चालान काटने में व्यस्त है, लेकिन ट्रैफिक मैनेजमेंट कहीं नजर नहीं आता। उन्होंने कहा कि सरकार और पुलिस को जनता की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए फैसले लेने चाहिए, ना कि ऐसे फैसले जो आम आदमी के लिए बोझ बन जाएं। राजकुमार शर्मा ने एसपी सिरसा से मांग की कि चालानों पर तुरंत रोक लगाई जाए। कांग्रेस नेता ने चेतावनी दी कि अगर इस पुलिसिया कार्रवाई पर जल्द विराम नहीं लगा, तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरेगी और बड़ा जन आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि अगर गरीब आदमी की जेब काटी गई, तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। यह अन्याय सहन नहीं किया जाएगा।

### बराड़ा में गन पॉइंट पर लूट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना बराड़ा में दर्ज लूट के मामले में 19 जून 2025 को सीआईए-2 के सहायक उप-निरीक्षक प्रवेश कुमार व उनकी टीम ने निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी संदीप सिहँ उर्फ सोनू निवासी गाँव सुन्दर नगर चैसाना थाना झिझाना जिला शामिल यूपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 4 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया था। रिमांड के दौरान आरोपी से 3 सोना अंगूठी व 25 हजार की नकदी बरामद की गई है। आरोपी को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में संलिप्त अब तक कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा कर वारदात में प्रयुक्त गाड़ी, मोटरसाईकिल, सोना जेवरात नकदी, मोबाइल आदि बरामद किए जा चुके है।

इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता कमलजीत सिहँ निवासी हरगोबिन्दपुरा कालोनी बराड़ा जिला अम्बाला ने 17 सितम्बर 2023 को थाना बराड़ा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 16 सितम्बर 2023 को इनोवा गाड़ी में सवार होकर आए आरोपी गन पॉइंट पर उसके घर से लाखों रूपयों की नकदी व सोना जेवरात लूट कर फरार हो गए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-2 के पुलिस दल को सौंप दी थी। इस मामले में कार्यवाही करते हुए अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### हिन्दुस्तान कॉपर ने किया चिली की कोडेल्को टीम का स्वागत

**नई दिल्ली।** हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड यानी ;एचसीएलद्ध ने चिली की सरकारी कॉपर माइनिंग कंपनी कोडेल्को के प्रतिनिधिमंडल का आज दिल्ली में गर्मजोशी से स्वागत किया। चिली विशाल कॉपर कंपनी का यह प्रतिनिधिमंडल पहली बार भारत आया है और यह एचसीएल की देश में स्थित विभिन्न ईकाइयों और कार्यालयों का भ्रमण कर विभिन्न क्रियाकलापों का मुआयना करेगा। तीन सप्ताह के इस भ्रमण में नॉलेज शेयरिंग के विभिन्न अवसरों और वैल्यू एडिशन की अवसर की तलाश की जायेगी। प्रतिनिधिमंडल का यह भारत भ्रमण प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और चिली के राष्ट्रपति श्री गैब्रियल बोरिक फोंट की मौजूदगी में 1 अप्रैल 2025 को एचसीएल और कोडेल्को के बीच किये गये ऐतिहासिक मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग एमओयू के तहत किया जा रहा है। इस एमओयू के तहत नॉलेज शेयरिंग और बेस्ट प्रेक्टिसेज पर ध्यान केंद्रित करने के साथ साथ एक्सप्लोरेशन, माइनिंग तथा मिनरल बेनेफिसिएशन व कर्मचारियों का प्रशिक्षण और कैपेसिटी बिल्डिंग करना है। कोडेल्को के माइनिंग एक्सपर्ट प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं : एंजिलो जिओवानी जियूसेप एगुलियर कटालानो-जियोलॉजी एंड एक्सप्लोरेशन, जेस रामीम एबाटे पेरेज- इनोवेशन एंड टैक्नोलॉजी, कार्लोस एबेलार्डो विल्सास डोनोसो-टेलिंग मैनेजमेंट, जॉर्ज लुइस एस्पिनडोला लांडा- जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग, सर्गियो जोनाथन पिवोज हैरिक्वेज- जियोमैटलर्जी । यह एमओयू पर एचसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजीव कुमार सिंह और कोडेल्को के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर श्री रूबेन अलवाराडो विगर ने हस्ताक्षर किये थे।

# डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि व किया पौधारोपण

**श्रद्धांजलि**

▶▶ मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक ऐसे राष्ट्रवादी नेता थे।



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 30 जून (विजय कौशिक) :** भाजपा लाडवा मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता की अगुवाई में अनेक बूथों पर जाकर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया। मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक ऐसे राष्ट्रवादी नेता थे। जिन्होंने जम्मू कश्मीर मुद्दे पर कहा था कि भारत में एक देश एक कानून और एक अध्यक्ष होगा। उन्होंने कहा कि उस समय की स्थिति ऐसी थी कि जम्मू कश्मीर में वहां के नेता अपना अलग नियम कानून और अध्यक्ष मानते थे। जिस पर वहां जाने के लिए भी वीजा की जरूरत पड़ती थी। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा कि वह वहां बिना वीजा के ही जाएंगे, चाहे उन्हें अपने प्राणों का बलिदान ही क्यों ने देना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि वहां धारा 370 के तहत यह कानून था कि यदि वहां की बेटी राज्य से बाहर शादी करवाती थी तो उसके मौलिक अधिकार समाप्त हो जाते थे। इसी प्रकार जो अन्य राज्य की लड़की शादी करवा कर जम्मू कश्मीर आई थी तो उसे भी वहां के अधिकार प्राप्त नहीं होते थे। उन्होंने कहा कि अब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस धारा 370 को समाप्त कर जम्मू कश्मीर में खुशहाली ला दी है। उन्होंने बताया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर अनेक बूथों पर जाकर जहां उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई वहीं पौधारोपण भी किया गया। जिसमें गांव बन, बड़ौदा, बड़ौदी, भूतमाजरा, बदरपुर, बड़शामी, सलेमपुर आदि शामिल हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, महामंत्री देवेंद्र गोल्डी, विनोद शर्मा, कर्मवीर बदरपुर, सतीश बड़ौदा, यशपाल शर्मा, भजन सिंह आदि शामिल रहे।

23 लाडवा 1: डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते मण्डल अध्यक्ष शिव गुप्ता व अन्य।

### यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने खिलाड़ियों के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस



**लाडवा, 23 जून (विजय कौशिक) :** यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन लाडवा ने आज 23 जून को यूथ स्पोर्ट्स अकादमी में जाकर खिलाड़ियों के साथ अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस को मनाया। इस अवसर पर एसोसिएशन के चेयरमैन चौ जोगध्यान ने खिलाड़ियों को बुके देकर सम्मानित किया तथा उन्हें अपने हाथों से लड्डू खिलाकर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी का सपना ओलंपिक तक पहुंचना तथा उसमें पदक प्राप्त करना होता है और प्रत्येक खिलाड़ी को इसके लिए सदैव मेहनत करते हुए प्रयासरत रहना चाहिए। प्रधान विजय तनेजा ने खिलाड़ियों को इस दिन के महत्व के विषय में बताया और कहा कि ओलंपिक के झंडे में पांच रिंग्स पांच महाद्वीप अमेरिका, अफ्रीका, यूरोप, एशिया और ओशिनिया का प्रतीक है और यह सभी अलग-अलग रंग के होते हैं। जो सभी महाद्वीपों से खिलाड़ियों को विश्व की सबसे बड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए स्वागत तथा प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर चौधरी जोग ध्यान, विजय तनेजा, रामकुमार खाकट,चमन लाल, एकांत, लक्की पांचाल, सुखराज ढिल्लों इत्यादि उपस्थित रहे।

### अम्बाला शहर से 1 किलो 200 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर क्षेत्र घास मण्डी एनएच-44 अम्बाला शहर के पास से नशा तस्करी के मामले में 22 जून 2025 को एन्टी नारकोटिक सैल अम्बाला के निरीक्षक ऋषि पाल के नेतृत्व में पुलिस दल ने सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी अनिल कुमार निवासी गाँव सुँसा दाऊदपुर थाना हजूरपुर जिला बहराईच यूपी वर्तमान पता डेरा भाग सिहँ नजदीक नई सब्जी मण्डी अम्बाला शहर जिला अम्बाला को 1 किलो 200 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार कर हिरासत भेज दिया।

## डीसी ने समाधान शिविर में आमजन की सुनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर में प्रार्थियों द्वारा जो भी समस्याएं रखी गई उनका प्राथमिकता के आधार पर उन्हे से जल्द समाधान करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त अपने कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। उपायुक्त ने समाधान शिविर मे पंहुचे शिकायतकताओं की समस्याओं को बड़े ही ध्यानपूर्वक सुना और साथ के साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनकी समस्याओं को गम्भीरता से लेकर तय समय में जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।




उन्होंने कहा कि समाधान शिविर प्रदेश सरकार द्वारा आमजन मानस की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से शुरू की गई एक सार्थक एवं सराहनीय पहल है। सभी अधिकारीगण इसी उद्देश्य को ध्यान मे रख-कर लोगों की समस्याओं को तय समय में जल्द निपटाने के मकसद से कार्य करें। अहम पहलू है कि इन समाधान शिविरों को ओर प्रभावशाली व जन समस्याओं से राहतकारी बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा वीसी के माध्यम से निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अलावा चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा समाधान शिविरों को लेकर राज्य स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जाती है।

बतां दे कि समाधान शिविर में शिकायतकताओं द्वारा कुल 5 शिकायतें रखी गई जिनमें चोडमस्तपुर निवासी गुरजीत कौर राशन कार्ड कटने बारें समस्या को लेकर, तोपखाना परेड से पूनम देवी परिवार पहचान पत्र मे पारिवारिक आय अधिक होने बारे समस्या को लेकर, मनमोहन नगर से जीत सिंह फैमिली आईडी व श्रम कॉपी बनवाने बारें, सोनिया कॉलोनी से सुरजीत सिंह पानी के बिल बारे व अन्य समस्या को लेकर पंहुचे थे। इन प्रार्थियों की समस्याओं को उपायुक्त ने सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनकी समस्याओं का जल्द निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### मालिक किराएदारों व नौकरों की सूचना पुलिस में दें-डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिलाधीश एवं उपायुक्त अम्बाला अजय सिंह तोमर ने ने धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के तहत आदेश जारी करते हुए घरेलू नौकरों, किरायेदारों व पेईंग गेस्ट (पीजी) की जानकारी नजदीकी पुलिस स्टेशन में देने को कहा है। जारी किए गए आदेशों की जानकारी देते हुए जिलाधीश ने बताया कि जिला में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनता का सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों के लिए यह जरूरी है कि जब भी वे किसी व्यक्ति को किराएदार या घरेलू नौकर रखें तो उसकी सूचना तुरंत सम्बन्धित पुलिस थाना, चौकी में दें ताकि उसके चरित्र के बारे में पता लगाया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि अपराधिक प्रवृति के लोगों द्वारा पहले मकान किराए पर लिया और बाद में बड़ी घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए अवैध गतिविधियों को रोकने के दृष्टिगत यह आदेश जारी किए गए हैं। इसलिए सभी लोगों से अनुरोध है कि वे अपने घरों में घरेलू नौकर रखने के साथ-साथ पीजी के माध्यम से जो लोग रखते है उसका विवरण व सूचना तुरन्त पुलिस को देना सुनिश्चित करें, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर सम्बन्धित व्यक्ति से आसानी से सम्पर्क किया जा सके।

## पीआरपीसी ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का किया भव्य एवं उद्देश्यपूर्ण आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

स्वास्थ्य, सद्भाव एवं शांति को बढ़ावा देने और आपसी भाईचारे को और मजबूत करने के लिए पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) में 21 जून, 2025 को प्रातः 06:30 बजे 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हृएक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगहृ थीम पर मनाया गया। इस अवसर पर टाउनशिप के सामुदायिक केंद्र में बड़ी संख्या में पीआरपीसी परिवार के सदस्य योग करने के लिए एकत्रित हुए।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री एम. एल. डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, श्री चूरामन, कार्यकारी निदेशक (परियोजना), पीआरपीसी, मुख्य महाप्रबंधकगण तथा महाप्रबंधकगण व कर्मचारी संघ एवं अधिकारी एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण की गरिमामय उपस्थित रही। इस अवसर पर बिहार योग स्कूल, मुंगेर (बिहार) से प्रशिक्षित अनुदेशक मानिषा कुमारी के कुशल मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा उनके लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया।

इस अवसर पर एम. एल. डहरिया ने कहा कि योग हमें शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाता है, इसलिए हमें प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। उन्होंने समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए सभी को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री डहरिया ने उल्लेख किया कि योग आत्म-साक्षात्कार का महत्वपूर्ण साधन है, जो हमारे श्वास, ध्यान और नैतिक मूल्यों को एक साथ जोड़ता है। उन्होंने बताया कि आज योग केवल एक प्राचीन परंपरा नहीं, बल्कि आधुनिक जीवन की आवश्यकता बन चुका है। चिकित्सा विज्ञान भी इस तथ्य को स्वीकार कर चुका है कि नियमित योगाभ्यास हृदय रोग के जोखिम को कम करने, मानसिक स्पष्टता बढ़ाने तथा तनाव नियंत्रित करने में सहायक है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा के नेतृत्व में गांव कोटली में लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)** भारतीय जनता पार्टी डबवाली की जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा के नेतृत्व में गांव कोटली में एक विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रेरित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर हाल ही में जीते ब्लॉक समिति मेंबर सुनील कुमार सहित स्थानीय बुजुर्गों, महिलाओं व युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने जिलाध्यक्ष के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखी। जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा ने ग्रामीणों को जल्द समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।पार्टी जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा ने कहा



कि भाजपा की नीति हासबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्र के तहत देशभर में परिवर्तन की लहर चल रही है।
उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन निरंतर जनकल्याणकारी कार्यों में संलग्न है।
कार्यक्रम के दौरान रेणु शर्मा ने गांव कोटली के युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों से संवाद किया और उन्हें पार्टी की जनहितैषी योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि योजना, जल जीवन मिशन और अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है जो राष्ट्र के उत्थान और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती है।

### वाहन ने युवक को मारी टक्कर, सडक पर पड़ा रहा बेहोश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के सेक्टर-9 चौक पर अज्ञात वाहन ने 38 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद युवक बेहोशी की हालत में सड़क पर पड़ा रहा, जिसे राहगीरों ने एम्बुलेंस से ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। वहां से हालत गंभीर होने पर पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। युवक के सिर में गहरी चोट है और वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।
मान कॉलोनी के रहने वाले कर्म सिंह ने सेक्टर-9 पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा 38 वर्षीय राकेश कुमार बीती 21 जून की रात करीब 10 बजे खाना खाकर रोजाना की तरह सैर पर निकला था।

## रोटरैक्ट मंडलाध्यक्ष ने किया क्लब का आधिकारिक दौरा


**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 23 जून (विजय कौशिक)** शहर की अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरैक्ट क्लब का रोटरेक्ट मंडलाध्यक्ष ने आधिकारिक दौरा किया। प्रोजेक्ट चेयरमैन गौरव गंभीर ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरेक्ट मंडल 3080 के मंडल अध्यक्ष शशांक कौशिक अपने आधिकारिक दौरे के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारम्भ अतिथियों व क्लब पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। क्लब प्रधान इशांत गर्ग ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और क्लब सचिव चिराग मेहता ने पुरे वर्ष रोटरेक्ट द्वारा किये गए कार्यों का उल्लेख किया। मुख्यातिथि रोटरेक्ट मंडलाध्यक्ष शशांक कौशिक ने रोटरैक्ट लाड़वा द्वारा किये गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रोटरैक्ट द्वारा अस्पतालों में चलाया जा रहा टिफिन प्रोजेक्ट आहार व प्रोजेक्ट शिशु के माध्यम से नए जन्मे शिशु को सहयोग करना अपने आप में उत्तम समाजसेवा का उदाहरण है। क्लब द्वारा मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच का कुशल संचालन गौरव गंभीर और शिवम मलिक द्वारा किया गया। क्लब प्रधान इशांत गर्ग द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद स्वरूप उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर अमित कंसल, राहुल धीमान, गर्वित धवन, लक्ष्य धवन, सुमित गोयल, दिवांकुर , अंकित गर्ग, ऋषभ, मनन, अगम, आशिश, सौरभ बिंदल, अभिनव बंसल, अभिनव मिगलानी, वंश, भव्य, यश जिंदल, जोरावर सिंह, वरुण, सक्षम, मयंक, रिधम, सार्थक, वाकुश, अक्षय सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## आर्य कॉलेज में एनईपी 2020 के विषय पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में मालवीय मिशन शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र ने यूजीसी द्वारा प्रायोजित शैक्षणिक नेतृत्व और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के विषय पर 23 से 30 जून 2025 के बीच सात दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं अनुस्थापन कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपीएस विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति डॉ. सुदेश, मालवीय मिशन के निदेशक डॉ. शैफाली नागपाल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने की। मैडम ने बताया की इस शॉर्ट टर्म



कोर्स में कौशल विकास, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, भारतीय ज्ञान प्रणाली और बहुभाषीवाद, अनुसंधान और विकास, छात्र विविधता और समावेशी शिक्षा, उच्च शिक्षा और समाज और अकादमिक नेतृत्व, शासन और प्रबंधन जैसे तमाम विषयों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. पंकज चौधरी, को शुभकामनाएं दी साथ ही प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।
मालवीय मिशन प्रशिक्षण केंद्र की निदेशक प्रो शैफाली नागपाल ने सभी का स्वागत किया व कोर्स के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने इस कोर्स की विस्तृत रूपरेखा दी व सभी प्रतिभागियों को इसका महत्व बताया वर्तमान में, यूजीसी-मानव संसाधन विकास केंद्र ऐसे पाठ्यक्रमों से शिक्षकों को प्रस्तावित पाठ्यचर्या रूपरेखा के प्रति अभिमुखीकरण करने के साथ-साथ संचार और मूल्यांकन कौशल भी प्रदान करता है।
इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा की शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के लिए अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करना है। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षण संस्थानों में संकाय सदस्यों की क्षमता निर्माण के लिए काम करेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता को पहचाना और पेशेवर और कैरियर विकास के अवसर प्रदान करने का प्रस्ताव दिया गया ताकि शिक्षक उच्च शिक्षा के दायरे में अपनी भूमिका और जिम्मेदारी पूरी कर सकें।
आर्य महाविधलय के प्रो पंकज चौधरी ने कहा कि कार्यक्रम में विशिष्ट विषयों, तकनीकों और पद्धतियों में विषयगत उन्मुखीकरण के माध्यम से शिक्षकों को प्रेरणा कौशल और ज्ञान को बढ़ाने और इस प्रकार उनमें सही प्रकार के मूल्यों को विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया, जो बदले में उन्हें नवीन और रचनात्मक कार्यों के लिए पहल करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने शिक्षा में नेतृत्व शैली की महत्ता का वर्णन किया और नेतृत्व की गुणवत्ता पर व्याख्यान दिया।

## जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**

हरियाणा सरकार के निदेशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला राजस्व अधिकारी संजय चौधरी ने आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। जिला में आयोजित समाधान शिविरों में कुल 25 शिकायतें आई।
जिला राजस्व अधिकारी संजय चौधरी ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के



समाधान का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। प्राथमिकता के आधार पर समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है। उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याएं हल की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला प्रशासन द्वारा आमजन की शिकायतों के निदान के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी में नशा उन्मूलन हेतु जागरूकता अभियान, युवाओं को किया जा रहा है प्रेरित



**इंद्री/(मैनपाल कश्यप )** : शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी-इंद्री द्वारा दिनांक 12 जून से 26 जून 2025 तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा का आयोजन बड़े ही उत्साह और जिम्मेदारी के साथ किया जा रहा है। यह अभियान उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा के आदेशानुसार पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं और समाज को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और नशामुक्त स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी ने बताया कि यह पखवाड़ा विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम है। महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को ह्लप्लेज डॉट माय जी ओ वी डॉट इन/फाइट अगेंस्ट ड्रग अबूसह्व लिंक के माध्यम से ऑनलाइन ई-शपथ लेने के निर्देश दिए गए हैं। शपथ लेने की प्रक्रिया भी बहुत सरल है विद्यार्थी ह्यटेक प्लेजह्व पर क्लिक कर अपनी जानकारी भरकर ओटीपी के माध्यम से शपथ ले सकते हैं। तत्पश्चात प्रमाण पत्र डाउनलोड कर महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए गूगल फॉर्म लिंक पर अपलोड करना अनिवार्य है।

### पंचकूला व्यापार मंडल के सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने अनिल थप्पर, रवि बंसल बने महासचिव



**पंचकूला/मैनपाल** पंचकूला व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से अनिल थप्पर को संगठन का नया अध्यक्ष चुना गया। व्यापारिक हितों के लिए वर्षों से सक्रिय अनिल थप्पर को इस पद पर चयनित किए जाने के फैसले का सभी सदस्यों ने स्वागत किया। वहीं रवि बंसल को संगठन का नया महासचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल की कार्यकारिणी के अनेक प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें टिंकी अग्रवाल, आर.डी. गुप्ता, राज मित्तल, राजेश गुप्ता (लल्ली), बी.बी. सिंघल, राजेश गोयल, राजीव ठाकुर, प्रकाश, रजत सिंघल और अमन गंभीर शामिल रहे। सभी ने नए पदाधिकारियों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि इनके नेतृत्व में व्यापारिक समस्याओं का समाधान तेजी से होगा। नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल थप्पर ने सभी सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि वे व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने पारदर्शी कार्यशैली और संवाद को

# परेड के दौरान उप पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मचारियों को किया प्रेरित

### परेड के दौरान उप पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मचारियों को अच्छी ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया

**अभ्यास**

**पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस की कंपनियों ने अभ्यास किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : सोमवार को पुलिस लाईन में हुआ परेड का आयोजन। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस की कंपनियों ने अभ्यास किया। परेड के दौरान उप पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मचारियों को अच्छी ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया। जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक श्री राम कुमार ने कहा कि अभ्यास निरंतर चलने वाली प्रकिया है। इस प्रकिया के तहत पुलिसकर्मियों को अभ्यास करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों को अभ्यास के दौरान विभिन्न उपकरणों और तकनीकों बारे जानकारी दी गई। उन्होंने बताया की जवानों को कैन शील्ड, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टियर गैस गन जैसे उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई। इन कम्पनियों को जिला कुरूक्षेत्र में किसी भी तरीके दंगे या धरना प्रदर्शन में बलवा, आंदोलन के साथ धार्मिक, साम्प्रदायिक सहित विभिन्न प्रकार के नियंत्रण के लिए तैयार किया गया है जो त्वरित कार्रवाई करके जिला में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगी। उप पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों के इक्विपमेंट चैक करने उपरांत जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप पुलिस अधीक्षक ने परेड के बाद यातायात ड्यूटी में तैनात चीता राइडर्स को बारीकी से चैक करने के बाद जरुरी दिशा निर्देश दिये गये।

## गर्मी एवं बरसात के मौसम में रखे साफ-सफाई का विशेष ध्यान



**आह्वान**

**मच्छरों से डेंगू, जापानी व दिमागी बुखार तथा चिकनगुनिया जैसी खतरनाक बीमारियां होती है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**इन्द्री/( मैनपाल कश्यप )**
एसडीएम अशोक कुमार मुंजाल ने जनता का आह्वान किया है कि वे अपने घरों के आसपास व घरों के अन्दर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि बढ़ती गर्मी के कारण मक्खी-मच्छर पनपते हैं जिन्हें रोकने के लिए घर व आसपास साफ सफाई का कार्य ही बेहतर कार्य बहुत जरूरी है। बरसात के दिनों में मच्छर के लार्वा अधिक पनपने के कारण उल्टी दस्त व हैजा जैसी बीमारियां फैलती है और मच्छरों से मलेरिया, डेंगू, जापानी व दिमागी बुखार तथा चिकनगुनिया जैसी खतरनाक बीमारियां होती है। उन्होंने बताया कि मलेरिया व अन्य प्रकार के बुखार फैलाने वाले मच्छर रुके हुए गंदे पानी में पैदा होते हैं, जबकि डेंगू बुखार की बीमारी फैलाने वाले मच्छर साफ पानी में पैदा होते हैं। इसलिए सभी व्यक्ति अपनी पानी की टंकियों को समय समय पर अच्छी तरह साफ करके पूरी तरह ढक कर रखें। एसडीएम ने बताया कि बरसात के मौसम में बीमारियों को रोकने के लिए सावधानियां बरतना बहुत जरूरी है ताकि लोगों का स्वास्थ्य ठीक रह सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे हमेशा स्वच्छ पानी का सेवन करें, पानी को उबाल कर पिए, खाना खाने से पहले व बाद में तथा शौच जाने के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोएं, पीने के पानी के स्त्रोतों के पास शौच न करें, सड़े, गले, कटे हुए व बासी खाद्य पदार्थों को न तो खरीदे तथा न ही प्रयोग में लाएं। उन्होंने बताया कि बढ़ती गर्मी से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिए, सूती एवं ढीले कपड़ों का प्रयोग करें, गर्मी के स्ट्रोक या गर्मी से ऐंठन जैसे कि कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, जैसे लक्षण दिखाई दें तो तत्काल चिकित्सक की सलाह ले।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विचारधारा आज भी प्रेरणास्रोत: हैप्पी



**रादौर/(कुलदीप सैनी)** : भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस सोमवार को गांव खेड़ी लक्खासिंह में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ी के कार्यालय पर श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हैप्पी खेड़ी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी न केवल महान शिक्षाविद् और चिंतक थे, बल्कि एक सच्चे राष्ट्रभक्त भी थे। उन्होंने 1939 में राजनीति में कदम रखा और 1947 में स्वतंत्र भारत के पहले मंत्रिमंडल में गैर-कांग्रेसी मंत्री के रूप में वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाली।

## मालिक किराएदारों व नौकरों की सूचना पुलिस में दें



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जिलाधीश एवं उपायुक्त अम्बाला अजय सिंह तोमर ने ने धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के तहत आदेश जारी करते हुए घरेलू नौकरों, किराएदारों व पेईंग गेस्ट (पीजी) की जानकारी नजदीकी पुलिस स्टेशन में देने को कहा है। जारी किए गए आदेशों की जानकारी देते हुए जिलाधीश ने बताया कि जिला में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनता का सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों के लिए यह जरूरी है कि जब भी वे किसी व्यक्ति को किराएदार या घरेलू नौकर रखें तो उसकी सूचना तुरंत सम्बन्धित पुलिस थाना, चौकी में दें ताकि उसके चरित्र के बारे में पता लगाया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि अपराधिक प्रवृति के लोगों द्वारा पहले मकान किराए पर लिया और बाद में बड़ी घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए अवैध गतिविधियों को रोकने के दृष्टिगत यह आदेश जारी किए गए हैं। इसलिए सभी लोगों से अनुरोध है कि वे अपने घरों में घरेलू नौकर रखने के साथ-साथ पीजी के माध्यम से जो लोग रखते है उसका विवरण व सूचना तुरन्त पुलिस को देना सुनिश्चित करें।

## यमुनानगर के संभावित बाढ़ क्षेत्रों में सेना अधिकारियों ने किया दौरा

**मुआयना**

**यमुनानगर क्षेत्र के बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवों का दौरा करने सोमवार को क्षेत्र में सेना की टीम पहुंची**



**यमुनानगर/(धर्मबीर)-**
**यमुनानगर** क्षेत्र के बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवों का दौरा करने सोमवार को क्षेत्र में सेना की टीम पहुंची। बाढ़ के दौरान आपातकालीन स्थिति से बचाव के लिए क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को समझने के लिए सेना के जवान क्षेत्र में राजस्व विभाग के अधिकारियो के दौरे पर हैं ताकि आपातकालीन परिस्थिति में तुरंत हेलिकाप्टर और अन्य सहायता समय पर मिल सके।
सेना के अधिकारी हथनीकुंड बैराज और यमुना नदी के साथ लगते इलाकों में दौरा कर चुके हैं हरियाणा के चेरापूंजी कहे जाने वाले छछरोली क्षेत्र में मानसूनी सीजन में सबसे ज्यादा बरसात दर्ज की जाती है। पहाड़ी इलाकों से निकलकर आने वाली कई बरसाती नदियां यहां कई गांवों की आबादी और कृषि योग्य भूमि को प्रभावित करती हैं। हर साल प्रशासन का यही प्रयास रहता है कि प्राकृतिक आपदा की चपेट में आने पर नुकसान ना हो। इसी के चलते सिंचाई विभाग कई जगह प्वाइंट चिन्हित कर करोड़ों रुपए की लागत से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में काम भी करता है। लेकिन कई बार आबादी क्षेत्रों में घरों में कई-कई फीट पानी घुसने पर काफी नुकसान हो चुका है। बाते साल चिंतपुर के एक 50 वर्षीय व्यक्ति की बाढ़ के पानी में डूबकर मौत भी हो गई थी। इस साल ऐसी कोई अनहोनी ना हो इसके लिए प्रशासन ने पहले ही सेना से मदद मांगी है। सेना के 6 जवान क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं उनके साथ राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहकर पिछले सालों की स्थिति का ब्यौरा दे रहे हैं। पटवारी रामगोपाल शर्मा व संजीव ने कोट मुश्तरका, लेदी, लोप्यों, बलौली, अर्जनमाजरा, कोटरा काहन सिंह, डमौली, हड़ौली, ऊर्जनी, सिंहपुरा, हाफजी समेत कई गांवों की स्थिति बारे सेना की टीम को अवगत करवाया। सेना अधिकारियों ने बताया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए उनकी तैयारी पूरी है। वह जिले की 2 तहसील क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। वह प्रशासन की हर संभव मदद के लिए तैयार हैं।

## संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चलाया जा रहा जन जागरण अभियान



**बैठक**

**जगदीश कश्यप का इंद्री में पहुंचने पर कश्यप समाज के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री/(मैनपाल कश्यप )**
कश्यप समाज में जागरूकता लाने को लेकर कश्यप निषाद संगठन के तत्वावधान में जन जागरण अभियान के तहत प्रदेश भर में कश्यप समाज को संगठित करने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को कश्यप निषाद संगठन व व्यापार प्रकोष्ट हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रणबीर कश्यप व राष्ट्रीय सचिव जगदीश कश्यप का इंद्री में पहुंचने पर कश्यप समाज के लोगो ने उनका जोरदार स्वागत किया। कश्यप निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री नरेंदर कश्यप के तत्वावधान में हरियाणा प्रदेश में कश्यप समाज के उत्थान और समाज में जागरूकता लाने को के लेकर प्रदेश भर में मह्त्वपूर्ण बैठकों के आयोजन किये जा रहे है और साथ ही संगठन को मजबूत बनाने को लेकर भी समाज के मोजिज लोगो से भी मुलाकात की जा रही है । कश्यप निषाद संगठन व व्यापार प्रकोष्ट हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रणबीर कश्यप ने बताया की कश्यप समाज को संगठित करने को लेकर प्रदेश भर में एक जन जागरण अभियान के माध्यम से समाज के बीच जाकर शिक्षा, रोजगार, राजनीतिक सहभागिता और सामाजिक सुधारों से जोड़ना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। समाज में नशे जैसी जो युवाओ में लत लगी हुई है उसको लेकर भी समाज के लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

## डाइट पलवल, कुरुक्षेत्र में सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), पलवल, कुरुक्षेत्र ने 18 से 26 जून, 2025 तक सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफ.डी.पी) का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों के व्यावसायिक कौशल और डिजिटल दक्षताओं को बढ़ाना था। एफ.डी.पी का उद्घाटन 18 जून, 2025 को प्राचार्य डॉ. रोहताश वर्मा ने किया, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सीखने और कौशल बढ़ाने के महत्व पर बल दिया। पहले दिन, वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. जसविंदर सिंह द्वारा एक अच्छा और प्रभावी पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन तैयार करने के तरीके पर एक सत्र आयोजित किया गया, जिसे प्रतिभागियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। दूसरे दिन (19 जून) प्रेजेंटेशन के लिए उन्नत उपकरणों, विशेष रूप से ढफ्र्रे के उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया। तीसरे दिन (20 जून) प्रतिभागियों को डइर सॉफ्टवेयर का उपयोग करके वीडियो रिकॉर्डिंग और स्क्रीनकास्टिंग से परिचित कराया गया। चौथे दिन (23 जून) माइंड मैपिंग पर एक सत्र आयोजित किया गया।
5वें, 6वें और 7वें दिन कई महत्वपूर्ण और समसामयिक विषयों को कवर किया गया, जिसमें डेटा संग्रह, सारणीकरण और विश्लेषण, चैट जी.पी.टी जैसे ए.आई टूल्स का उपयोग और शैक्षिक उद्देश्यों के लिए गूगल फॉर्म का निर्माण शामिल है।

## उमस भरी गर्मी ने किया जनजीवन बेहाल

**रादौर/(कुलदीप सैनी)** : क्षेत्र में पिछले कई दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी ने आमजनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। हवा में नमी के कारण बढ़ी उमस ने लोगों को बेहाल कर रखा है। दिन के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है, जबकि लोग जरूरी कामों को भी टालने लगे हैं। गर्मी के कारण बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। जिससे सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि गर्मी के चलते बाजारों में भीड़ कम हो गई है, जिससे कारोबार पर भी असर पड़ा है।

## आज होगा श्रद्धालु संगम का विशेष भक्तिमय आयोजन



**भक्तिमय**

**महासाध्वी श्री जागृति जी महाराज* की पावन नेश्राय में उत्साह एवं भक्तिपूर्वक आयोजित किया जा रहा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री/(मैनपाल कश्यप)**
इन्द्री रोड़ स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर प्रत्येक महीने के कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर हर बार की भांति मासिक श्रद्धालु संगम का विशेष भक्तिमय आयोजन *मंगलवार, 24 जून को शान्तमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज एवं महासाध्वी श्री जागृति जी महाराज* की पावन नेश्राय में उत्साह एवं भक्तिपूर्वक आयोजित किया जा रहा है।
श्री घंटाकर्ण जी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासनरक्षक देव एवं तन्त्र-मन्त्र-यन्त्र की साधना को सफल करने वाले अलौकिक शक्ति सम्पन्न देव हैं।*
देवस्थान दर्शनार्थ सुबह 5:30 बजे से शाम 7:30 बजे तक खुला रहेगा। प्रातःकालीन आरती सुबह 7:30 बजे होगी तथा सायंकालीन सांय 6:30 बजे होगी। विशेष कृपा प्राप्ति प्रसंग पर सत्संग, भजन-कीर्तन का भक्तिमय कार्यक्रम सुबह 8:30 बजे से 10.30 बजे तक रहेगा।*
कार्यक्रम के उपरांत महाआरती होगी। इस महाआरती एवं सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रीतिभोज का लाभ श्री राहुल जैन बोबी सुपुत्र स्व. श्री राजेश्वर जैन - श्रीमति सुशीला जैन मैपलटेक कॉरपोरेशन, कुंडली टी आर जे ऑटोमोबाइल, सोनीपत ( करनाल वाले )द्वारा लिया जा रहा है।कार्यक्रम के अंत में बृहत श्री घण्टाकर्ण स्तोत्र सुनाया जाएगा। इस अवसर पर सैंकड़ों श्रद्धालु देव कृपा से अपने मनोरथों की पूर्ति हेतु आशीर्वाद लेने के लिए उपस्थित होंगे। मंदिर प्रबंधन ने कृपा-प्राप्ति के इच्छुक सभी भक्तजनों से इस मौके पर पहुंचकर लाभ उठाने का विशेष आग्रह किया है।

## डीसी ने समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी



**प्राथमिकता**

**प्रार्थियों द्वारा जो भी समस्याएं रखी गई उनका प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द समाधान करवाना सुनिश्चित करें**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर में प्रार्थियों द्वारा जो भी समस्याएं रखी गई उनका प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द समाधान करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त अपने कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। उपायुक्त ने समाधान शिविर मे पंहुचे शिकायतकताओं की समस्याओं को बडे ही ध्यानपूर्वक सुना और साथ के साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनकी समस्याओं को गम्भीरता से लेकर तय समय में जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि समाधान शिविर प्रदेश सरकार द्वारा आमजन मानस की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उदेश्य से शुरू की गई एक सार्थक एवं सराहनीय पहल है। सभी अधिकारीगण इसी उदेश्य को ध्यान मे रख-कर लोगों की समस्याओं को तय समय में जल्द निपटाने के मकसद से कार्य करें। अहम पहलू है कि इन समाधान शिविरों को ओर प्रभावशाली व जन समस्याओं से राहतकारी बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा वीसी के माध्यम से निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अलावा चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा समाधान शिविरों को लेकर राज्य स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जाती है।
बतां दे कि समाधान शिविर में शिकायतकताओं द्वारा कुल 5 शिकायतें रखी गई जिनमें चोडमस्तपुर निवासी गुरजीत कौर राशन कार्ड कटने बारें समस्या को लेकर, तोपखाना परेड से पूनम देवी परिवार पहचान पत्र मे पारिवारिक आय अधिक होने बारे समस्या को लेकर, मनमोहन नगर से जीत सिंह फैमिली आईडी व श्रम कॉपी बनवाने बारें, सोनिया कॉलोनी से सुरजीत सिंह पानी के बिल बारे व अन्य समस्या को लेकर पंहुचे थे। इन प्रार्थियों की समस्याओ को उपायुक्त ने सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनकी समस्याओं का जल्द निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
हरियाणा सरकार द्वारा निर्देशित अंबाला मे जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजें से 12 बजें तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीएसपी विजय कुमार, एसडीओ बिजली विभाग जोगिंद्र के साथ अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहें।

## योशवी को किया गया सम्मानित

**सम्मान**

**उनका यह सम्मान भारतीय प्रबंधन संस्थान विशाखापट्टनम में दाखिला होने पर किया गया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**अनिल वर्मा**
**थानेसर** : नगर की सुनार सभा द्वारा योशवी वर्मा को सम्मानित किया गया। उनका यह सम्मान भारतीय प्रबंधन संस्थान विशाखापट्टनम में दाखिला होने पर किया गया। योशवी वर्मा ने बताया कि उन्होंने कुरुक्षेत्र के गुरुकुल संस्थान से 12वीं की परीक्षा पास की थी। उसके बाद डीएवी कॉलेज, पेहवा से बीएससी की परीक्षा पास की। उन्होंने सीडीएस का पेपर भी पास किया हुआ है। योशवी ने बताया कि कैट द्वारा आयोजित पेपर में उन्होंने 95% अंक लेकर भारतीय प्रबंधन संस्थान, विशाखापट्टनम में दाखिला हासिल करने में सफलता पाई है। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी योग्यता के आधार पर उनको भारतीय प्रबंधन संस्थान अमृतसर और कानपुर में भी दाखिला मिल गया था लेकिन उन्होंने विशाखापट्टनम स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान में ही उच्च शिक्षा हासिल करने को प्राथमिकता दी है। उनकी इसी उपलब्धि पर मैढ क्षत्रिय सुनार सभा के प्रधान रामकुमार वर्मा द्वारा मैढ़ क्षत्रिय सुनार समाज की तरफ से उनको मैडल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

# विधायक कादियान ने जनता दरबार में 250 शिकायतें सुनी, कई शिकायतों का मौके पर समाधान

## - क्षेत्र का विकास कराना उनका कर्तव्य है, अग्रणी हलका बनाना उनका लक्ष्य : कादियान

**जनता दरबार**

**विधायक देवेंद्र कादियान ने देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी कार्यालय परिसर में जनता दरबार लगाया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी कार्यालय परिसर में जनता दरबार लगाया। करीब 250 लोगों ने अपनी शिकायतें रखीं। सबसे ज्यादा शिकायतें बिजली निगम से जुड़ी थीं। विधायक ने एसडीओ अभिषेक कौशिक को टीम सहित मौके पर बुलाया। लोगों ने बिजली बिल, कनेक्शन, जले ट्रांसफार्मर, नया ट्रांसफार्मर लगवाने और केबल हटवाने जैसी समस्याएं बताईं। एसडीओ ने कहा कि गर्मी के कारण कुछ जगह दिक्कत है, उपभोक्ताओं को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। बजाना खुर्द के राजेश ने बताया कि उसके खेत का 63 केवी ट्रांसफार्मर तीन महीने से खराब है। अब धान की रोपाई का समय है, बिजली नहीं होने से परेशानी बढ़ रही है। लल्हेड़ी कलां के रामफल ने कहा कि उसका ट्यूबवेल कनेक्शन पहले 15 एचपी का था, अब 25 एचपी करवा लिया है। इससे ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ जाते हैं, पूरी बिजली नहीं मिल रही। गन्नौर की सरोज ने बताया कि उसका बीपीएल राशन कार्ड है। घर में बाइक तक नहीं है, लेकिन पीपीपी में लग्जरी गाड़ी दिखा दी गई। इस कारण उसका राशन कार्ड काट दिया गया। ऐसी समस्या कई लोगों के साथ हो रही है। जनता दरबार में परिवार पहचान पत्र, बीपीएल कार्ड और बुजुर्ग पेंशन से जुड़ी कई शिकायतें आईं। विधायक ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत लंबित न रहे। विधायक कादियान ने कहा कि क्षेत्र का विकास कराना उनका कर्तव्य है। गन्नौर को अग्रणी हलका बनाना उनका लक्ष्य है। वे हर सोमवार को 6 से 7 घंटे जनता के बीच रहकर समस्याएं सुनते हैं। बाकी दिनों में भी जनता के बीच रहते हैं। इस मौके पर अंकित, हरीश, सुभाष, प्रदीप कुमार, अमित, विकास सहित कई लोग मौजूद रहे।

# रक्तदान महादान है, समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए : गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** जेके लक्ष्मी सीमेंट की ओर से लायंस क्लब गन्नौर, विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार और गोयल सीमेंट गन्नौर के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन विश्वकर्मा मंदिर में किया गया। रक्तदान शिविर जेके ऑगेर्नाइजेशन के स्वर्गीय हरि शंकर सिंघानिया के जन्म दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में 70 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। आयोजकों की ओर से सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट व अन्य सामान देकर सम्मानित किया गया। गोयल सीमेंट स्टोर गन्नौर से लायन दीपक गोयल ने जेके लक्ष्मी सीमेंट की ओर से आए अतिथियों का स्वागत किया



और रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया गया। दीपक गोयल ने कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी दुर्घटना में घायल व बीमार का जीवन बचाने का काम करता है। इस अवसर पर लायन क्लब गन्नौर के प्रधान लायन हरजिंदर सिंह, लायन विजय कुमार, लायन नरेंद्र, जे के लक्ष्मी सीमेंट से दीपक कुमार, ईश्वर सिंह, आलोक सैनी अन्य सहयोगियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

## न्यूज फ्लैश

### नागरिक अस्पताल में 476 में से 200 प्रकार की नहीं है दवाईया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर के नागरिक अस्पताल में सुविधाएं तो दूर छोटी-मोटी बीमारियों के लिए भी दवाइयां तक नहीं है। अस्पताल में मरीजों को डॉक्टर द्वारा लिखी जाने वाली दवाइयां पूरी नहीं मिलती है। मजबूरी में उन्हें दवाइयां बाहर मेडिकल स्टोर से खरीदनी पड़ती हैं। हर दिन मरीजों को दवाइयां लेने के लिए धक्के खाने पड़ रहे हैं। अस्पताल में पर्याप्त दवाइयां न मिलने पर गरीब लोगों को कई बार तो बिना दवा खरीदे ही वापिस लौटना पड़ता है। जिससे उनका इलाज ठीक से नहीं हो पाता है। सोमवार को भी ऐसा ही नजारा अस्पताल में देखने को मिला, जब डॉक्टरों द्वारा लिखी दवाइयां मरीजों को अस्पताल में नहीं मिली। नागरिक अस्पताल में स्थिति यह है कि अस्पताल में 476 में से 200 प्रकार की दवाईयां नहीं है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर के नागरिक अस्पताल में मरीजों को कैसी सुविधाएं मिलती होगी।

बता दें कि वर्ष 2019 में क्षेत्र के लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा उप नागरिक अस्पताल में दर्जा बढ़ाकर महेंद्रगढ़ नागरिक अस्पताल का दर्जा दिया था। इसके बाद बेहतर सुविधाओं के लिए भवन का अभाव नजर आने लगा तो नए भवन के लिए 26 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी मिली। 10 जुलाई 2021 को नए भवन निर्माण का शिलान्यास का काम शुरू किया गया। महेंद्रगढ़ के नागरिक अस्पताल में सुविधाएं नहीं होने के कारण खंड के 65 गांव की करीब 5 लाख की आबादी को निजी अस्पताल से मंहगी स्वास्थ्य सुविधा लेने को मजबूर हैं। इसके अलावा आमजन को 100 बड़ों के लिए नागरिक अस्पताल के लिए भी अभी लंबा इंतजार करना पड़ सकता हैं।

### हकेवि में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों हेतु ऑनलाइन पंजीकरण तिथि बढ़ाई गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए पंजीकरण की तिथि 23 जून 2025 से बढ़ाकर अब 30 जून, 2025 कर दी गई है। इसके साथ ही पंजीकरण में संशोधन हेतु आगामी 01 जुलाई से 03 जुलाई 2025 तक करेक्शन विंडों अभ्यर्थियों के लिए खुली रहेगी। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी बढ़ी हुई तारीख के माध्यम से लाभांवित होंगे।

दाखिला प्रक्रिया के संबंध में विश्वविद्यालय के सीयूईटी के नोडल ऑफिसर डॉ. तेजपाल ढ़ेवा ने बताया कि स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित होने के पश्चात विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया की तिथि 23 जून 2025 से बढ़ाकर अब 30 जून, 2025 कर दी गई है। इसके साथ-साथ अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु 01 जुलाई से 03 जुलाई 2025 तक करेक्शन विंडों भी अभ्यर्थियों के लिए खुली रहेगी। इसमें अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन फॉर्म में संशोधन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में सीयूईटी 2025 के अंतर्गत स्नातकोत्तर के 42 कार्यक्रमों के अंतर्गत कुल 1447 सीटें उपलब्ध हैं।

डॉ. तेजपाल ढेवा ने बताया कि पंजीकरण की इस प्रक्रिया के बाद मेरिट लिस्ट जारी होगी और पहली काउंसलिंग की श्रेणीवार लिस्ट 07 जुलाई, 2025 को जारी होगी। जिसके आधार पर संबंधित कार्यक्रमों में दाखिले प्रदान किए जायेंगे। विश्वविद्यालय में दाखिले के इच्छुक आवेदक अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

### दो नशा तस्कर काबू 3 लाख मूल्य की 30 ग्राम हेरोइन बरामद

**सिरसा (रणबीर खटक)**
जिला पुलिस सिरसा द्वारा नशा मुक्त समाज की दिशा में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सी0आ0ए0 सिरसा की टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब तीन लाख रुपये मूल्य की 30 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साहिल सैन पुत्र नत्थु राम वासी मोचीवाली व अजय पुत्र राम लाल वासी नथौर हाल जी0टी0एम0 कालोनी सिरसा के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने सन्तनगर कालोनी सिरसा के पास गश्त व चेकिंग के दौरान संदेह के आधार पर दोने आरोपियो को रोका और तलाशी लेने पर उनके कब्जे से मादक पदार्थ बरामद हुआ।

# डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को हमेशा याद किया जाएगा : गहलावत

**अमूल्य योगदान**

**अतुलनीय साहस का परिचय देते हुए डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान दिया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** राई विधायक कृष्णा गहलावत ने सोमवार को स्वर्गीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस बहालगढ़ में अपने बूथ नम्बर 88 व अपने आवास पर कार्यकताओं के साथ मनाया। विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस और पुरुषार्थ का परिचय देते हुए डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान दिया। उनके द्वारा दिए गए योगदान के कारण उन्हें हमेशा श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर कोटि-कोटि नमन करते है। विधायक कृष्णा गहलावत ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पुरोधा बताया। उन्होंने लिखा, गभारत की एकता, अखण्डता और स्वाभिमान के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले मां भारती के वरद पुत्र, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के पुरोधा श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद ने जम्मू कश्मीर और पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाये रखने के लिए वैचारिक और राजनीतिक रूप से आजीवन संघर्षरत रहे। देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की लौ को चलायमान रखने के लिए उन्होंने जनसंघ के रूप में नया विचार प्रस्तुत किया। जनसेवा और राष्ट्रोत्थान के उनके विचार एवं कार्य हम सभी देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणीय हैं। इस मौके पर जयप्रकाश नाहरी, बहालगढ़ सरपंच राजेश, मास्टर ईश्वर त्यागी, नरेन्द्र खेवड़ा, दीपांशु दहिया, संजीत सबोली, राहुल नाहरी, विनोद कुंडली मौजूद थे।

# डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर किया नमन



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** भाजपा नेता आजाद नेहरा व भाजपा राजपुर मंडल के कार्यकताओं ने जाहरी गांव में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया। ग्रामीणों व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए नेहरा ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की अखंडता के लिए अतुलनीय साहस और पुरुषार्थ का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हमेशा श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित सैनी, मंडल अध्यक्ष श्रवण कौशिक, महामंत्री दीपक नैन, ईश्वर सैन व जितेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# डॉ मुखर्जी ने एकता और अखंडता के लिए प्राणों का बलिदान दिया: विधायक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** स्थानीय विधायक महेंद्रगढ़ कार्यालय पर राष्ट्रहित में अपना जीवन समर्पित करने वाले महान शिक्षाविद्, भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर नमन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।विधायक कंवर सिंह यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों, जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए उनके बलिदान और भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक नींव को मजबूत करने में उनके योगदान को याद किया।राष्ट्र



निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हमेशा श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा।देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की लौ को चलायमान रखने के लिए उन्होंने जनसंघ के रूप में नया विचार प्रस्तुत किया। जनसेवा और राष्ट्रोत्थान के उनके विचार एवं कार्य हम सभी देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणीय हैं।डॉ. मुखर्जी का जीवन त्याग, तपस्या और राष्ट्रभक्ति की अमिट गाथा है।

# बड़ी रोड पर गंदे पानी के जमाव के कारण स्थानीयवासी परेशान, समाधान की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बड़ी रोड पर गंदे पानी की निकासी के नाले न होने के कारण नालियों का गंदा पानी सड़क पर छोड़े जाने से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा समस्या तो वहा से पैदल गुजरने वाले लोगों को होती है कि वे पैदल भी नही निकल पाते, उन्हें आसपास की गलियों से आना पड़ता है। स्थानीयवासी व वाहन चालक सुरेन्द्र, सतबीर, विरेन्द्र, विकास ने बताया कि गंदे पानी के जमाव के कारण मच्छरों की भरमार के कारण रात को सोना भी मुश्किल हो जाता है। रात



को मच्छर काटते रहते है। वहीं बीमारी फैलने का भी आंदेश रहता है। उन्होंने बताया कि इस तरफ नगरपालिका कोई ध्यान नही दे रही। यह काफी लंबे समय से समस्या चलती आ रही है। उन्होंने बताया कि बरसात होने पर तो लोगों का यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने बताया कि गंदा पानी भरने के कारण वे आसानी से अपने घर के अन्दर भी नही आ जा सकते। जिससे परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने नगरपालिका से गंदे पानी के समाधान की मांग की है।

# 26 जून को होगी जिला परिषद सोनीपत की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 23 जून।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अभय सिंह जांगड़ा ने बताया कि जिला परिषद सोनीपत की सदन बैठक 26 जून को दोपहर 12 बजे डीआरडीए के प्रगति हॉल में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद की चैयरपसर्न मोनिका दहिया के द्वारा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि बैठक में जिला परिषद चैयरपसर्न व वार्ड सदस्यों के साथ मुख्य तौर पर 7 एजेण्डा पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# गढ़ी केसरी में बिना किसी मंजूरी के काटी जा रही कालोनी, प्रशासन बेखबर

**अवैध**

**योजनाकार विभाग के अधिकारी अजमेर सिंह ने बताया कि उन्हें कालोनी की अवैध प्लाटिंग की सूचना मिली है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गढ़ी केसरी गांव में बिना किसी मंजूरी के दो एकड़ भूमि पर अवैध कालोनी काटने का मामला सामने आया है। प्रशासन की अनदेखी के चलते कुछ कालोनाइजर मिलकर इस क्षेत्र में अवैध तरीके से प्लाटिंग करने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पर कच्ची सड़कों का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। न तो कालोनी का कोई नक्शा पास कराया गया है और न ही इसका कोई पंजीकरण नगर योजनाकार विभाग में हुआ है। जिला नगर योजनाकार विभाग के पास भी कालोनी को लेकर कोई जानकारी नहीं है कि जिस कारण कालोनाइजर बेखौफ होकर अवैध निर्माण कार्य को अंजाम दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कालोनाइजर लोगों को सस्ते प्लाट का लालच देकर जमीन बेचने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे भविष्य में कई लोगों को कानूनी व मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है।- **नोटिस देगा विभाग**
इस संबंध में जिला नगर योजनाकार विभाग के अधिकारी अजमेर सिंह ने बताया कि उन्हें कालोनी की अवैध प्लाटिंग की सूचना मिली है। संबंधित कालोनाइजर को नोटिस जारी कर नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# गुम हुई सोने की चेन पुलिस ने 24 घंटे में बरामद कर लौटाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** थाना बड़ी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक महिला की गुम हुई सोने की चेन 24 घंटे के भीतर बरामद कर उन्हें वापिस सौंप दी। घटना 22 जून की रात करीब 10 बजे की है, जब माडल टाउन, पानीपत की रहने वाली अजिंद्र कौर की लगभग 3 तोले वजन की सोने की चेन लड़सौली स्थित अजय सीएनजी पंप के पास गिर गई। अजिंद्र कौर ने अगले दिन 23 जून को थाना बड़ी में पहुंचकर चेन गुम होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही सहायक उप निरीक्षक कुलदीप, महिला सिपाही उषा और सिपाही सुभाष मौके पर पहुंचे और आसपास लगे



सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम को चेन गिरने का सुराग मिला और उन्होंने गुम हुई चेन को मौके से बरामद कर लिया। पुलिस ने चेन को अजिन्द्र कौर को लौआ दिया। महिला ने पुलिस टीम का आभार जताते हुए उनकी तत्परता और ईमानदारी की सराहना की।

# बूथ नंबर-61 पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरूआत

**श्रद्धा सुमन**

**-सच्चे देशभक्त के रूप में सर्वस्व बलिदान करने वाले श्यामा प्रसाद के संदेश को युवाओं को बताएं: कविता जैन**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
हरियाणा की पूर्व मंत्री कविता जैन ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पत्नी पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया गया। उनके कैंप कार्यालय में बूथ नंबर-61 पर डा. मुज़फ़्फ़रपुर के इमाम को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। इस मशीन पर उन्होंने युवाओं को अधिकार दिया कि वे डा. श्यामा प्रसाद के राष्ट्रभक्ति के संदेश को जीवन में विश्वास कर के नव-निर्माण में सक्रिय भूमिका अदा करें। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि दा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र समर्पित था, अंतिम सांस तक देश की एकता और अखंडता की बस्ती के लिए प्रयास करना। डा. मुखर्जी तुष्टिकरण के खिलाफ थे, जिसके लिए उन्होंने पुर्जोर की आवाज उठाई। इस कारण उनका विरोध भी झेलना पड़ा, वे पीछे नहीं हटे। क्योंकि वे देश को समर्पित थे। देश की एकता व अखंडता को हमेशा कायम रखने के लिए प्रयासरत रहें। उनके लिए देश से कुछ नहीं था। यही उन्होंने सभी देशवासियों को दिया जो आज भी संदेश भेजता है। मेयर नगर निगम राजीव जैन ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने लोकतंत्र के लिए भी सैमुअल योगदान दिया। राजनीति में भी वे लोकतांत्रिक विचारधाराओं को निर्दिष्ट करने के पक्षधर रहे। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए दा. मुखर्जी का अभिषेक हम सबके लिए प्रेरणादायक है, जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। विशेष रूप से आज की नई पीढ़ी को उनके विचारों और संदेशों से अवगत कराना चाहिए, ताकि उनमें देशप्रेम का जन्म हो। किसी भी नागरिक के लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि होना चाहिए।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली के साथ एक वृक्ष माता के नाम अभियान के तहत पार्क में 25 उपचार भी लागू किए गए और सभी से इन पेड़ों का लालन-पालन करने की अपील की गई। इस मशीन पर अटेशियल लॉजिक ने भी डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मजबूत मदान, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनिया मोर, त्रिभुवन कौशिक, राजकुमार कटारिया, रेखा गर्ग, एम एल आहूजा, अमन डुडेजा, समीर शर्मा मौजूद रहे।

# भूर्री गांव में प्रदूषण फैला रही कंपनी की प्रदूषण विभाग को दी कार्रवाई के लिए शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** कामी रोड पर भूर्री गांव के समीप पैट्रोल पम्प के सामने फैक्ट्री से उठता धुंआ कई बार राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। परेशान होकर पास के गांव के ग्रामीणों ने प्रदूषण विभाग को प्रदूषण फैलाती कंपनी की शिकायत वीडियों सहित प्रदूषण विभाग को दी। उसके बाद प्रदूषण विभाग के अधिकारी अनिल कुमार टीम के साथ फैक्ट्री में पहुंचे और मौका मुआयना किया और कार्रवाई का आश्वाशन दिया। ग्रामीण ने प्रदूषण विभाग को अवगत करवाया कि उक्त कंपनी में सप्ताह- सप्ताह बाद कई बार



धुंआ इतना उठता है जितना कई बार आग लगने पर धुंए की लपटी बनती है। उन्होंने बताया कि इस बारें में वे जब देखने के लिए कंपनी के गेट पर पूछताछ करते है तो उन्हें कोई जवाब नही मिलता। परेशान होकर उन्होंने प्रदूषण विभाग को अवगत करवाया है। उनका कहना कि थोड़े से गेंहू व धान की फांस जलाने पर किसान के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो जाता है तो इनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए।

**फैक्ट्री का मुआयना किया, विभाग जरूर कार्रवाई करेगा : प्रदूषण अधिकारी** - प्रदूषण विभाग के अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि प्रदूषण फैलाने का मामला संज्ञान में आने के बाद कंपनी का मौका मुआयना किया है। यह कंपनी वैसे तो बंद पड़ी है। लेकिन धुंआ छोड़कर प्रदूषण फैलाने पर कंपनी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# गंदगी को साफ करने खुद निकले चेयरमैन साहब, फावड़ा लेकर संभाला मोर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वो कहते है ना,** जब कोई काम करने की चाह रखता हो तो उसे किसी के सहारे की जरूरत नहीं पड़ती, अकेला करने निकले तो कारवां यूं ही बनता चला जाता है। कुछ ऐसा ही हुआ जब मुकुंदपुर वार्ड से निगम पार्षद व सिविल लाइन जोन से चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर जब अपने काम से घर से निकले तो क्षेत्र स्थित 60 फुटा रोड़ प्रगति एंक्लेव में बरसात का जमा पानी देखा जिसकी वजह से वाहनों की कतारे लगी हुई थी और लोगों को परेशान होना पड़ रहा था, तो उन्होंने निगम के किसी कर्मचारी के आने का इंतजार न करते हुए अपनी कार से निकले और खुद ही कीचड़ में उतर पड़े और साफ-सफाई में जुट गए। यह देख वहां से आने-जाने वाले कुछ बाइक वालों ने भी मोर्चा संभालते हुए





भरे हुए पानी में जमा कूड़ा-करकट हटाकर पानी के निकलने की जगह बनाई। इस मौके पर राठौर ने क्षेत्र के लोगों को संदेश देते हुए कहा कि क्षेत्र की साफ-सफाई का जिम्मा सरकार और निगम के कर्मचारियों का तो है लेकिन जितनी जिम्मेदारी उनकी है उतनी ही जिम्मेदारी हमारी भी है क्योंकि काम कोई भी हो छोटा नहीं होता और कोई काम करने से छोटा नहीं हो जाता, बल्कि ऐसी साफ-सफाई करने में आनंद ही मिलता है।

# जन समस्याओं को दूर करने के लिए विभाग समन्वय बनाकर करें कार्य: रविन्द्र इन्द्राज

**तीरथ राज/ टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** समाज कल्याण, एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण, चुनाव एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने सोमवार को बवाना विधानसभा के दीप विहार क्षेत्र का दौरा कर जन समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल आवश्यकता वाले कार्यों को शुरू करने और अन्य कार्य योजना बनाकर समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला



अधिकारी, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, डीएसआईआईडीसी, नगर निगम दिल्ली, दिल्ली जल बोर्ड (मेंटेनेंस व प्रोजेक्ट), जोनल रेवेन्यू ऑफिसर तथा दिल्ली विकास प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे। रविन्द्र इन्द्राज ने क्षेत्र में जलभराव की शीघ्र निकासी, पानी की पर्याप्त आपूर्ति, क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की मरम्मत तथा सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत जैसे आवश्यक कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि जनता को शीघ्र राहत मिल सके। समाज कल्याण मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सभी कार्य उच्च गुणवत्तापूर्ण हों और समयबद्ध ढंग से पूरे किए जाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और इसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

# दिल्ली में इस बार फिर जल त्रासदी होगी और पानी भरने के कारण हाहाकार मचेगा: यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली में जल भराव से निजात दिलाने और नालों से गाद निकालने की कार्यवाही पर भाजपा सरकार की कछुआ चाल पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मानसून की बारिश में दिल्ली एक बार फिर डूबेगी, जिसका संकेत पिछली दो बारिशों में हुए जलभराव से मिल चुका है। पीडब्ल्यूडी द्वारा राजधानी में जल भराव संदेह वाली जगहों की पहचान करने के बाद यह 375 से बढ़कर 410 हो गई है, जो चिंताजनक है। और इनमें 71 अति संवेदनशील जगह है, जहां भारी जल भराव होता है।



यादव ने कहा कि जलभराव के बढ़ते हॉट स्पॉट से साबित होता है कि पिछली आम आदमी पार्टी के शासन के दौरान जल भराव की त्रासदी और मौतों से भी भाजपा सरकार ने कोई सबक नहीं लिया। जबकि मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री परवेश वर्मा सिर्फ कोरी बयानबाजी करके दिल्ली के लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की टिप्पणी कि 'बारिश एक प्राकृतिक घटना है, ऐसा नहीं है कि नीचे 'तवा' (गरम तवा) रखा हो जिससे पानी तुरंत वाष्पित हो जाए, पूरी तरह गैर जिम्मेदाराना और तर्कहीन है क्योंकि इससे केवल भाजपा सरकार की मानसून की चुनौतियों से निपटने में असमर्थता उजागर होती है। जब स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाती है, तो सरकार जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय अधिकारियों को दोष देती है।

# योग करने से शरीर रहता है स्वस्थ्य: मोहित भारतीय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: उत्तर-पूर्वी दिल्ली** के गोकल पुर विधान सभा के भागीरथी विहार स्थित सुमन विद्या मंदिर सेकेंडरी स्कूल में मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन एवं प्रतिष्ठा युवा संगठन के संयुक्त तत्वाधान द्वारा ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के साथ आयोजित किया गया। योग दिवस पर मुख्य व्यक्ता योग प्रशिक्षक एवं संस्थापक प्रतिष्ठा युवा संगठन मोहित कुमार भारतीय, सुमन विद्या मंदिर सेकेंडरी स्कूल प्रधानाचार्य मनोज चौधरी, शिक्षिका कोमल



मैजिक, सीनियर ट्रैनर सतीश कुमार यादव, यूथ मेंटर वन्दना, संगठन की सदस्य दीपशिखा उपस्थित रहें। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य और मुख्य व्यक्ता योग प्रशिक्षक एवं संस्थापक प्रतिष्ठा युवा संगठन को पटका पहनाकर स्वागत किया गया। योग कार्यक्रम में युवक-युवतियों ने प्रतिभागिता करते हुए योग की क्रियाएं की ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग प्रशिक्षक मोहित कुमार भारतीय ने बताया कि सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार कराया गया जिसमें स्कूल के छात्र-छात्रों के साथ प्रतिष्ठा युवा संगठन के स्वयं सेवकों एवं सदस्यों ने भाग लिया। मोहित ने बताया कि योग प्रोटाकाल के अनुसार योगाभ्यास करवाते हुए योग की विधाओं एवं उनकी बारिकियों से भी अवगत कराया गया।

# बुराड़ी वार्ड से नदारद बुनियादी सुविधाएं: नरेंद्र सोनी





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र के लगभग सभी वार्ड के लोग बुनियादी सुविधाओं से त्रस्त है, लोगों को न तो पीने का शुद्व पानी मिल पा रहा है और न ही स्वच्छ वातावरण और न ही चलने के लिए बेहतर सड़कें। बुराड़ी स्थित बारातघर और एसडीएस कार्यालय के सामने तो सड़कों का हाल बेहाल नजर आता है, लोगों को यहां से निकलने के लिए भरे हुए पानी में ईंट डालकर निकलना पड़ रहा है, बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व अभिवक्ता नरेंद्र सोनी ने कहा कि बुराड़ी बारात घर (एसडीएम कार्यालय, टीपीडीडीएल आफिस) से शंकरपुरा होते हुए बुराड़ी हॉस्पिटल की ओर जाने वाले रोड़ के हालातों का मैने जायजा लिया तो देखा कि सड़के पूरी से टूटी-फूटी पड़ी हुई है, जिसमें बरसात का पानी लबालब भरा पड़ा हुआ है तो वहीं पूरे क्षेत्र में गंदगी भी फैली पड़ी हुई है। जिसकी तरफ आज तक न तो क्षेत्रीय विधायक का ध्यान गया है और न ही संबंधित निगम पार्षद ने सफाई का जिम्मा उठाया है।

# 14 जिलों में आयोजित की गई जिला संगोष्ठी: विरेन्द्र सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर दिल्ली के सभी14 संगठनात्मक जिलों में संगोष्ठियों का आयोजन किया गया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के आवाहन पर आयोजित इन संगोष्ठियों में प्रदेश पदाधिकारियों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और उनके सिद्धांतों के बारे में कार्यकर्ताओं को बताया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने करोल बाग जिला में जिला कार्यालय और नई दिल्ली जिला में विपिन चन्द्रा पाल ऑडिटोरियम चितरंजन पार्क में आयोजित जिला संगोष्ठी को संबोधित किया। दिल्ली






भाजपा महामंत्री सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने पश्चिमी दिल्ली और नजफगढ़ जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया। प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल केशवपुरम एवं चांदनी चौक जिला के जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया। सांसद बांसुरी स्वराज ने शहादरा एवं मयूर विहार जिला के जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार भाटिया ने उत्तर पूर्व एवं नवीन शाहदरा जिला के जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया। विधायक पवन शर्मा ने महरौली जिला कार्यालय में आयोजित जिला संगोष्ठी को संबोधित किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आरपी सिंह ने उत्तर पश्चिमी दिल्ली एवं बाहरी दिल्ली जिला के जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया। भाजपा नेता प्रो. जगदीश मुखी ने दक्षिणी दिल्ली जिला कार्यालय में आयोजित जिला संगोष्ठी को संबोधित किया। इस मौके पर वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि जनसंघ से भाजपा तक के सफर में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों का सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही है और हमने कभी भी अपने विचारों के साथ समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो सपने देखे थे और जिस अखंड भारत की सोच के साथ उन्होंने अपने विचारों को रखा था उन विचारों और सोच को पूरा करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। सचदेवा ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में दो विधान दो संविधान का विरोध किया था और उसको पूरा करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया जब उन्होंने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाया। उन्होंने कहा कि आज 1947 में देश आजाद तो हो गया लेकिन उसके बाद देश को अखंडता की लड़ाई लड़नी पड़ी और इसके कोई परोधा थे।

# केंद्र ने एकीकृत पेंशन योजना चुनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली। केंद्र सरकार** ने पात्र मौजूदा कर्मचारियों, पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों और दिवंगत पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कानूनी रूप से विवाहित जीवन साथियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) का विकल्प चुनने की अंतिम तिथि तीन महीने बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि यह निर्णय विभिन्न हितधारकों से प्राप्त अभ्यावेदन के मद्देनजर लिया गया है, जिसमें कट-ऑफ तिथि को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक इस ढांचे को क्रियान्वित करने के लिए पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने 19 मार्च को एनपीएस के तहत एकीकृत पेंशन योजना का क्रियान्वयन विनियम, 2025 को अधिसूचित किया। इस योजना के तहत अपना विकल्प चुनने के लिए तीन महीने यानी 30 जून तक की अवधि दी गई थी। अब मंत्रालय ने कहा कि कट-ऑफ तिथि को आगे बढ़ाने के अनुरोध पर यूपीएस का विकल्प चुनने की कट-ऑफ तिथि को तीन महीने यानी 30 सितंबर तक बढ़ाने का फैसला किया है।

# शालीमार बाग: 'कनिष्का सीनियर सिटीजन क्लब' का हुआ गठन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: 'कनिष्का सीनियर** सिटीजन क्लब' का कनिष्का अपार्टमेंट सी एंड डी ब्लॉक, एसएफएस डीडीए फ्लैट्स शालीमार बाग दिल्ली में गठन किया गया। आम सभा की बैठक में निर्णय के अनुसार क्लब के संस्थापक एवं आम सभा के संयोजक आचार्य विद्यारतन ने बताया कि 15 साल पुराने कनिष्का अपार्टमेंट में अभी तक सीनियर सिटीजन क्लब नहीं बनी थी, जैसे ही भाजपा सरकार दिल्ली में बनी और सरकार के गठन के बाद रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री बनी, सरकार ने अविलंब सीनियर सिटीजन को 'आयुष्मान योजना' जो पिछली आम पार्टी सरकार ने ठंडे बस्ते में डाला हुआ था उसकी तुरंत घोषणा की। रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री सोसाइटी के द्वार पर आई तब










उन्होंने दोराहा था सरकार ने सीनियर सिटीजन को इलाज के दिल्ली सरकार द्वारा 5 लाख व साथ में 5 लाख केंद्र सरकार द्वारा 'आयुष्मान योजना' द्वारा दिये जायेंगे। इसी को देखते हुए सोसाइटी में सीनियर सिटीजन क्लब बनाई जाए। इसकी योजना बनाई गई, सोसाइटी में 544 फ्लैट्स हैं, आचार्य विद्यारतन ने सीनियर सिटीजन की आम सभा की बैठक बुलाई और आम सभा द्वारा प्रदत्त निर्णय के अनुसार 'कनिष्का सीनियर सिटीजन क्लब' का संस्थापक आचार्य विद्यारतन चयन करें यह तय हुआ। अतः आचार्य ने सीनियर सिटीजन से एल एस मीणा रिटायर्ड डीआईजी, जे पी शर्मा रिटायर्ड इंजीनियर, आर सी पंत, जगपाल शर्मा व शिव नारायण राणा रिटायर्ड अध्यापक से विचार-विमर्श कर क्लब की पहली कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें रिटायर्ड जेलर सुरेश चौधरी को अध्यक्ष, जगपाल शर्मा को उपाध्यक्ष, जे पी शर्मा को महासचिव, एनके मीणा रिटायर्ड आरबीआई को सचिव और आनंद मालिक को कोषाध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य के लिए परसराम सिंह, सुभाष कालरा, कृष्ण दहिया व आरसी पंत को बनाये जाने की घोषणा की। सभी कनिष्का सीनियर सिटीजन क्लब के पदाधिकारियों और समस्त सीनियर सिटीजन का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। अंत में मिष्ठान के साथ चाय पान हुआ और सुरेश चौधरी अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि हमारी क्लब सोसायटी में क्षेत्रीय वाद, जाति वाद से ऊपर उठकर आपसी भाई-चारे के साथ सभी वरिष्ठजन सौहार्द के साथ आपसी मिलन करते रहेंगे व जल्द ही सरकार से रजिस्ट्रेशन कराएंगे उसके बाद सोसायटी में सौहार्द बना रहे उसके लिए समस्त सोसाइटी के साथ विशाल यज्ञ कराकर एकता की शपथ दिलवाएंगे।

## रोहित के नाम राष्ट्रीय रिकॉर्ड, तैराकी चैंपियनशिप की 100 मीटर बटरफ्लाई में सर्वश्रेष्ठ समय निकाला



**भुवनेश्वर :** तमिलनाडु के तैराक बी बेनेडिकटन रोहित ने रविवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुष 100 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकाला। रोहित ने कलिंगा स्टेडियम के इंडोर एक्वाटिक सेंटर में 52.57 सेकेंड का समय लिया। उन्होंने इस प्रदर्शन के साथ एशियाई खेलों के पदक विजेता वीरधवल खाड़े के 2009 में बनाए 52.77 सेकेंड के सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय में सुधार किया। उन्होंने दो बार के ओलंपियन साजन प्रकाश के 53.24 सेकेंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में भी सुधार किया। इसके साथ ही रोहित ने 27 जुलाई से सिंगापुर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का 'बी' क्वालीफिकेशन स्तर भी हासिल कर लिया। अखिल भारतीय पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रकाश ने 53.51 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता, जबकि रेलवे के बिक्रम चांगमाई ने 54.35 सेकेंड से कांस्य पदक जीता। महिला 100 मीटर बटरफ्लाई में ओडिशा की सृष्टि उपाध्याय और रेलवे की आस्था चौधरी एक मिनट 3.50 सेकेंड के समान समय के साथ शीर्ष पर रहीं। कर्नाटक के अनीश एस गौड़ा ने पुरुष 200 मीटर फ्रीस्टाइल में एक मिनट 50.85 सेकेंड के समय के साथ प्रकाश को सिर्फ 0.01 सेकेंड से पछाड़ा। तनीष मैथ्यू, चिंतन शेट्टी, दर्शन एस और अनीष गौड़ा की कर्नाटक की चौकड़ी ने सात मिनट 40.90 सेकेंड के साथ पुरुष चार गुणा 200 मीटर का खिताब जीता। दिल्ली की भव्या सचदेवा ने महिला 400 मीटर फ्रीस्टाइल, रेलवे की हर्षिता जयराम ने महिला 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और तमिलनाडु के दानुष सुरेश ने पुरुष 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक का खिताब अपने नाम किया। तैराकी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तभी माना जाता है जब यह राष्ट्रीय एक्वाटिव चैंपियनशिप के दौरान हासिल किया गया हो। अन्य प्रतियोगिताओं के समय को सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय कहा जाता है।

## फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025: 10 खिलाड़ियों के साथ रियल मैड्रिड ने पचुका को 3-1 से हराया

**नई दिल्ली।** फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के ग्रुप-एच मुकाबले में रियल मैड्रिड ने रविवार को मैक्सिकन क्लब पचुका को 3-1 से मात दी। यह जीत मैड्रिड के नए कोच जाबी आलोन्सो के लिए बतौर मैनेजर पहली जीत रही। यह मुकाबला अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना स्थित चार्लोट में बेहद गर्म मौसम के बीच खेला गया। मैच में रियल मैड्रिड को सातवें मिनट में ही झटका लगा जब डिफेंडर राउल एसेन्सियो को सोलोमन रोंडन को फाउल करने पर रेड कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया गया। इसके बावजूद 10 खिलाड़ियों वाली मैड्रिड टीम ने बेहतरीन जुझारूपन दिखाते हुए पहले हाफ में ही दो गोल कर बढ़त बना ली। मैच के 35वें मिनट में गोंजालो गार्सिया के त्वरित फ्लिक से फ्रान गार्सिया को गेंद मिली, जिन्होंने बेलिंगहम को पास दिया। बेलिंगहम ने शानदार तरीके से 15 गज की दूरी से गेंद को गोल में डालकर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद 43वें मिनट में एक और बेहतरीन मूव में ट्रेंट एलेक्जेंडर-अर्नोल्ड के फर्स्ट-टच क्रॉस पर गार्सिया ने अरदा गुलर को पास दिया और गुलर ने कोई चूक नहीं की। दूसरे हाफ में पचुका ने लगातार दबाव बनाए रखा, लेकिन थिबो कोर्टुआ की शानदार गोलकीपिंग के चलते उन्हें कामयाबी नहीं मिली। उन्होंने पूरे मैच में 10 बेहतरीन बचाव किए। हालांकि 80वें मिनट में एलियास मोंटिएल के डिफ्लेक्टेड शॉट ने एक सांत्वना गोल जरूर दिलाया।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित शर्मा के 18 साल पूरे



**मुंबई :** रोहित शर्मा ने 18 साल पहले 23 जून को ही अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था। इसको याद कर हिटमैन भावुक हो गए। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में अपने पहले हेलमेट की तस्वीर साझा की है और भावुक संदेश लिखा। रोहित ने लिखा- हमेशा आभारी रहूंगा, 23.06.07। तब रोहित की उम्र 20 साल की थी और उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच से डेब्यू किया था। भारत के लिए दो आईसीसी ट्रॉफी जीत चुके रोहित को अब तक के सबसे बेहतरीन ओपनर्स में से एक माना जाता है। इन 18 वर्षों में हिटमैन के करियर में कई उतार चढ़ाव आए, लेकिन उन्होंने इन सबका डट कर सामना किया और अब वह कामयाबी की बुलंदियों पर हैं। रोहित की कप्तानी में भारत 2023 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल और उसी साल के अंत में वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचा। हालांकि, टीम दोनों बार ट्रॉफी से चूक गई। उन्होंने 2024 में भारत को टी20 विश्व कप खिताब दिलाया और 13 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को समाप्त किया। इसके बाद टीम ने 2025 में रोहित की ही कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी भी अपने नाम की। साल 2024 में रोहित 150 से अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले पहले पुरुष क्रिकेटर बने। हालांकि उन्होंने भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया। रोहित ने सभी प्रारूपों को मिलाकर 499 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं 19,700 रन बनाए हैं। उनके नाम वनडे का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 264 रन बनाकर उन्होंने यह रिकॉर्ड बनाया था।

टी20 में रोहित अब तक के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। 159 मैचों में उन्होंने 32.05 की औसत से 4,221 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 140 से ज्यादा का रहा। इसमें पांच शतक और 32 अर्धशतक हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121* रन है। 2024 से पहले रोहित 2007 में टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं। टी20 कप्तान के रूप में उन्होंने भारत के लिए 62 मैचों में से 49 जीते हैं। 12 में टीम इंडिया को हार मिली और एक टाई रहा है।

सफेद गेंद के प्रारूप में उनका दबदबा रहा है। 273 वनडे की 265 पारियों में उन्होंने 32 शतकों और 58 अर्धशतकों के साथ और 48.76 की औसत से 11,168 रन बनाए हैं। वनडे में उनका बेस्ट स्कोर 264 है। वह वनडे में तीन दोहरे शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। वह वनडे मैचों में भारत के चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और कुल मिलाकर 10वें स्थान पर हैं। रोहित ने हाल ही में टेस्ट से संन्यास लिया था और अब वह सिर्फ वनडे में खेलते दिखाई पड़ेंगे।

टेस्ट में, रोहित ने 67 टेस्ट और 116 पारियों में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाए हैं, जिसमें 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 212 रन है। वह क्डउ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (हळ्उ) में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में से एक रहे हैं। इस दौरान उन्होंने 40 टेस्ट मैचों में 41.15 की औसत से 2,716 रन बनाए। इनमें नौ शतक और आठ अर्धशतक शामिल हैं।

उन्होंने वनडे में भारत का नेतृत्व करते हुए 56 मैचों में से 42 जीते। सिर्फ 12 में उन्हें हार मिली है, एक टाई रहा और एक का कोई परिणाम नहीं निकला। वह वनडे विश्व कप इतिहास में भारत के तीसरे सबसे ज्यादा और कुल मिलाकर चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इस दौरान उन्होंने 28 मैचों में 60.57 की औसत से 1575 रन बनाए हैं।

## 'और शतक लगा सकता था, कुंबले को ड्रॉप करना...', गांगुली को दो बातों का है सबसे ज्यादा अफसोस

**नई दिल्ली :** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को अपने क्रिकेटिंग करियर के दौरान दो चीजों का बड़ा अफसोस है। इस बात का खुलासा उन्होंने एक इंटरव्यू दौरान किया है। उन्होंने कहा है कि वह अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में और शतक लगा सकते थे। साथ ही उन्होंने अनिल कुंबले को कुछ मौकों पर टीम से ड्रॉप करने को लेकर भी अफसोस जताया है।



**गांगुली को है शतक चूकने का अफसोस**

गांगुली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 38 शतक लगाए हैं, लेकिन उन्हें यह संख्या पसंद नहीं है। गांगुली को अपने क्रिकेट करियर के दौरान कई शतक चूकने का अफसोस है। अपने समय के बाएं हाथ के दिग्गज बल्लेबाज रहे गांगुली ने टेस्ट और वनडे में कुल मिलाकर 18575 रन बनाए। उन्होंने 311 वनडे और 113 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया। गांगुली ने यह अफसोस तब व्यक्त किया जब उनसे पूछा गया कि वह पुराने गांगुली को क्या सलाह देना चाहेंगे। इस पर उन्होंने कहा, 'मैं कई बार शतक लगाने से चूक गया> मुझे और अधिक रन बनाने चाहिए थे। मैंने कई बार 90 और 80 रन बनाए।' गांगुली 30 बार 80 या 90 रन की संख्या पार करने के बाद आउट हुए। अगर वह इन पारियों को भी शतक में बदलने में सफल रहते तो उनके नाम पर 50 से अधिक शतक दर्ज होते।

**गांगुली को अपनी पारियां देखना पसंद:** गांगुली जब अकेले होते हैं तो उन्हें अपनी पुरानी पारियां देखना पसंद है। इससे उन्हें यह याद आता है कि वह और अधिक शतक बनाने के कितने करीब थे। उन्होंने कहा, 'जब मैं अकेला होता हूं तो मैं अपनी बल्लेबाजी के वीडियो देखना पसंद करता हूं। जब मेरी पत्नी घर में नहीं होती है क्योंकि सना लंदन में रहती है, तो मैं अपने मैचों का वीडियो देखता हूं। मैं यूट्यूब पर जाता हूं और पारियां देखता हूं और खुद से कहता हूं अरे फिर 70 रन पर आउट हो गया। मुझे शतक बनाना चाहिए था, लेकिन अब आप इसे बदल नहीं सकते।'

**कुंबले को ड्रॉप करने का भी गांगुली को अफसोस:** गांगुली ने वनडे में 72 और टेस्ट क्रिकेट में 35 अर्धशतक लगाए। गांगुली ने दुनिया के महानतम लेग स्पिनरों में से एक अनिल कुंबले को टीम से बाहर किए जाने पर भी अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि एक कप्तान के तौर पर कभी-कभी मुश्किल फैसले लेना जरूरी हो जाता है। आपको किसी खिलाड़ी को बाहर करके उस खिलाड़ी को शामिल करना पड़ता है जो आपको लगता है कि परिस्थितियों या टीम की जरूरत के हिसाब से अधिक बेहतर है। गांगुली ने कहा, 'अनिल कुंबले को कुछ बार मौका नहीं मिला, क्योंकि वह बहुत अच्छे खिलाड़ी थे।'

**मैकग्रा को सबसे खतरनाक गेंदबाज मानते हैं गांगुली**

ऑस्ट्रेलिया गांगुली की सबसे पसंदीदा प्रतिद्वंद्वी टीम है और उनके लिए ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा सबसे खतरनाक गेंदबाज हैं।

## ललित उपाध्याय ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से लिया संन्यास, टोक्यो-पेरिस ओलंपिक में टीम को दिलाया पदक

**नई दिल्ली :** अनुभवी फॉरवर्ड ललित उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने का फैसला किया है। इसकी जानकारी उन्होंने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये दी। उन्होंने लिखा, 'आज मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा करता हूं।' ललित टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम का हिस्सा थे।



ललित ने 2014 में विश्व कप में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में डेब्यू किया था तथा ओलंपिक में दो पदक जीतना उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रहीं। वह टोक्यो 2020 ओलंपिक में इतिहास रचने वाली टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा थे। भारत ने तब लंबे समय के बाद ओलंपिक में पदक जीता था। भारत ने 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों में फिर से कांस्य पदक जीता और ललित इस टीम का भी अभिन्न अंग थे। ललित ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के यूरोपीय चरण के भारत के अंतिम मैच के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर जारी की गई पोस्ट में अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने कहा, 'यह सफर एक छोटे से गांव से शुरू हुआ, जहां संसाधन सीमित थे, लेकिन सपने असीम थे। स्टिंग ऑपरेशन का सामना करने से लेकर एक बार नहीं बल्कि दो बार ओलंपिक पोडियम पर पहुंचने का यह सफर चुनौतियों, विकास और अविस्मरणीय गौरव से भरा रहा। 26 वर्षों के बाद अपने शहर से पहला ओलंपियन बनना ऐसी बात है जिसे मैं हमेशा पूरे सम्मान के साथ संजोकर रखूंगा।' गोल करने की अद्भुत क्षमता वाले ललित ने सीनियर स्तर पर भारत के लिए 183 मैच खेले, जिनमें 67 गोल किए। 31 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय टीम के लिए अपना अंतिम मैच 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। ललित के भारतीय हॉकी में योगदान का जिक्र करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ललित अपनी पीढ़ी के सबसे शानदार और समर्पित फॉरवर्ड में से एक रहे हैं। चाहे वह महत्वपूर्ण ओलंपिक मैच हो या लीग मैच, उन्होंने हमेशा भारतीय जर्सी को गर्व के साथ पहना और दिल से खेला। वाराणसी की संकरी गलियों से निकलकर दो बार ओलंपिक पोडियम पर खड़े होने तक का उनका सफर किसी प्रेरणा से कम नहीं है। हम भारतीय हॉकी के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं और उनके जीवन की अगली पारी के लिए शुभकामनाएं देते हैं।'

## मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्व कप में अल ऐन को हराया, पचुका के खिलाफ 3-1 से जीता रियल मैड्रिड

**लंदन :** इल्के गुंडोगन के दो गोल और एरलिंग हालैंड के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रविवार रात खेले गए मैच में अल ऐन को 6-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। इस सत्र में अपना अभियान पटरी पर लाने की कवायद में लगे मैनचेस्टर सिटी की तरफ से क्लाउडियो एचेवेरी, ऑस्कर बॉब और रेयान चेर्की ने भी गोल किए। मैनचेस्टर सिटी इस सत्र में इंग्लिश प्रीमियर लीग में तीसरे स्थान पर रहा था जबकि यूईएफए चैंपियंस लीग के नॉकआउट प्लेऑफ में रियल मैड्रिड से हार गया था। उसने क्लब विश्व कप के शुरूआती ग्रुप मैच में मोरक्को के विदाद पर 2-0 की जीत दर्ज करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था।



**रियल मैड्रिड को मिली जीत:** रियल मैड्रिड ने अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद जूड बेलिंगहैम और अर्डा गुलर के पहले हाफ में किये गये गोल की मदद से क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में पचुका को 3-1 से हरा दिया। रविवार रात को खेले गए मैच के सातवें मिनट में डिफेंडर राउल एसेनसियो को रेड कार्ड मिला, जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। इसके बाद रियाल मैड्रिड को शेष मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इससे हालांकि कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि रियाल मैड्रिड ने मैक्सिको के क्लब पर शुरू से लेकर आखिर तक पूरा दबदबा बनाए रखा और जाबी अलोंसो को इस स्पेनिश क्लब के कोच के रूप में पहली जीत दिलाई। रियाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे बीमार होने के कारण क्लब विश्व कप के दोनों मैच नहीं खेल पाए। वह अस्पताल में भर्ती हैं जिसके कारण चार्लोट नहीं जा पाए, लेकिन टीम को उम्मीद है कि वह गुरुवार को साल्जबर्ग के खिलाफ होने वाले मैच तक पूरी तरह फिट हो जाएंगे।

## दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ललित उपाध्याय ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के अनुभवी फॉरवर्ड और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ललित उपाध्याय ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा कर दी। भारत ने बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में 4-3 की जीत के साथ अपना सीजन खत्म किया, जिसके तुरंत बाद ललित ने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैसले से सभी को अवगत कराया।



**कई उपलब्धियों से सजी शानदार पारी:** ललित उपाध्याय ने भारत के लिए 183 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और 67 गोल दागे। उन्हें भारतीय फॉरवर्ड लाइन का एक अहम और भरोसेमंद हिस्सा माना गया, जो अपनी बहुमुखी प्रतिभा, मैदान पर सूझबूझ और दबाव की घड़ी में संयमित खेल के लिए जाने जाते थे। 2014 हॉकी वर्ल्ड कप से पदार्पण करने वाले ललित ने टोक्यो 2020 ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक और पेरिस 2024 ओलंपिक में दोबारा कांस्य पदक जीतकर खुद को बड़े मुकाबलों का खिलाड़ी साबित किया।

ओलंपिक के अलावा ललित भारत की 2016 एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, 2017 एशिया कप (जिसमें उन्होंने चार गोल किए), 2018 एशियाई खेलों (कांस्य), 2018 पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी (स्वर्ण), 2017 हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल (कांस्य) और 2018 एफआईएच चैंपियंस ट्रॉफी (रजत) जैसी कई अहम सफलताओं के भागीदार रहे। वे 2021-22 एफआईएच प्रो लीग में कांस्य और 2022 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। भारतीय हॉकी में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें वर्ष 2021 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**संघर्षों से सफलता तक का सफर:** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के छोटे से गांव से आने वाले ललित का सफर संघर्षों से भरा रहा। उन्होंने रविवार रात अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा, यह सफर एक छोटे से गांव से शुरू हुआ, जहां संसाधन सीमित थे,
लेकिन सपने अनंत। एक स्टिंग ऑपरेशन से लेकर ओलंपिक पोडियम तक पहुंचना– वह भी दो बार, यह यात्रा चुनौतियों, सीख और गौरव से भरी रही। मेरे शहर से 26 साल बाद कोई ओलंपियन बनना मेरे लिए गर्व और आभार का विषय है।

ललित ने अपने संन्यास संदेश में अपने परिवार, कोच परमानंद मिश्रा, एयर इंडिया में मौका देने वाले हरिंदर, मेंटर समीर और धनराज, बीपीसीएल, अपने साथियों, हॉकी इंडिया और राज्य सरकार का आभार प्रकट किया। उन्होंने उल्लेख किया कि उन्हें डीएसपी पद की जिम्मेदारी भी गर्व से निभानी है। ललित ने अपने संदेश में टीम इंडिया के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को खासतौर पर याद करते हुए लिखा, हॉकी ने मुझे सबकुछ दिया और उसमें तुम (हरमनप्रीत) सबसे कीमती तोहफा हो, भाई।

**हॉकी इंडिया ने दी बधाई:** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने ललित के योगदान पर कहा, ललित अपने दौर के सबसे स्टाइलिश और समर्पित फॉरवर्ड में से एक रहे हैं। ओलंपिक जैसे बड़े मंच पर हो या किसी लीग मैच में, उन्होंने हमेशा भारत के लिए गर्व और जज्बे के साथ खेला।

## मैथ्यूज और फ्लेचर ने दिलाई वेस्टइंडीज को जीत, सीरीज 1-1 से बराबर

**तीन डब्ल्यूज ओवल (बारबाडोस)।** वेस्टइंडीज ने रविवार को कप्तान हेली मैथ्यूज की नाबाद अर्धशतकीय पारी (63*) और अफी फ्लेचर व करिश्मा रामहरक की घातक गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की टी20 सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। अब सीरीज का निर्णायक मुकाबला सोमवार को खेला जाएगा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम की शुरूआत अच्छी रही। कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट और ताजमिन ब्रिट्स ने पहले विकेट के लिए 30 रन जोड़े।

## मुरादाबाद के आठ ताइक्वांडों खिलाड़ी बने राष्ट्रीय रेफरी

**मुरादाबाद।** जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज अली ने बताया कि मुरादाबाद जनपद के आठ ताईक्वांडों खिलाड़ी राष्ट्रीय रेफरी बन गए है। शाहवेज अली के अनुसार 13 जून से 16 जून तक भारतीय ताइक्वांडो महासंघ के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा नेशनल रेफरी फ्रेशर एवं रिफ्रेशर सेमिनार का आयोजन लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुआ था। जिसमें जिले के आठ खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। सोमवार को उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से सूचना प्राप्त हुई कि जनपद के आठ



ताईक्वांडों खिलाड़ी केशव थापा, अरुण कुमार, प्रियांशु रस्तोगी, हाकिमीन हसीब, यशोदा थापा, वैष्णवी कश्यप, वैभव सक्सेना राष्ट्रीय रेफरी बन गए है । जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज अली ने बताया कि इस सेमिनार में सभी प्रतिभागियों को ताइक्वांडो खेल की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई थी, जिसमें ताइक्वांडो खेल के नियम, टेक्नीक, उल्लंघन, स्कोरिंग एवं फाउल आदि के बारे में जानकारी दी गई थी।

## जसप्रीत बुमराह ने आलोचकों को दिया करारा जवाब, कहा- मैं अपनी राह खुद तय करता हूं



**लीड्स।** लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले जसप्रीत बुमराह ने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 5 विकेट लेकर एक बार फिर साबित कर दिया कि वह भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की रीढ़ हैं। ऑस्ट्रेलिया में चोटिल होने के बाद बुमराह के भविष्य को लेकर अटकलें तेज थीं, लेकिन उन्होंने मैदान पर वापसी उसी आत्मविश्वास के साथ की, जैसे उन्होंने खेल को छोड़ा था। लीड्स में रविवार को चौथे दिन के खेल की समाप्ति के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुमराह ने कहा, मैं अपनी वापसी को लेकर कभी भी घबराया नहीं। लोग क्या लिखते हैं, इस पर मेरा कोई नियंत्रण नहीं है। और ना ही मैं किसी को सिखाना चाहता हूं कि उनके हेडलाइन में मेरा नाम हो या नहीं। मैं जानता हूं कि क्रिकेट हमारे देश में बहुत लोकप्रिय है, और मेरा नाम लगाने से व्यूज बढ़ते हैं। लेकिन ये सब मेरे लिए कोई मायने नहीं रखता। अगर मैं इन सब बातों को अपने दिमाग में बिठा लूं, तो मैं अपनी राह से भटक जाऊंगा।

**ना सुनते-सुनते 10 साल हो गए**

बुमराह ने याद दिलाया कि जब उन्होंने क्रिकेट की शुरूआत की थी, तब भी लोग उन्हें लेकर शंका जताते थे। उन्होंने कहा, शुरू में कहा गया कि मैं टीम में नहीं आ पाऊंगा। फिर कहा गया कि छह महीने भी नहीं टिकूंगा। फिर आठ महीनेङ्ख और इस तरह मैंने 10 साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बिता दिए। आईपीएल में भी 12-13 साल से खेल रहा हूं। अब भी लोग कहते हैं कि ये चोट शायद आखिरी होगी। मैं इन सबकी परवाह नहीं करता। मैं अपना काम करता रहूंगा। तीन-चार महीने में एक नई हेडलाइन आएगी, लेकिन मैं खेलता रहूंगा जब तक किस्मत में लिखा है।

**हर मैच में बस अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं**

अपनी हालिया चोट के बाद बुमराह ने टेस्ट मैचों के चयन को लेकर सतर्कता बरती है। उन्होंने टीम मैनेजमेंट को पहले ही सूचित कर दिया है कि वह पूरी सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। कप्तानी से पीछे हटने की यही मुख्य वजह थी। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह मायने नहीं रखता कि मैं कितने मैच खेल रहा हूं। उस समय जब मैं मैदान में हूं, मेरा पूरा ध्यान विकेट को पढ़ने, बल्लेबाज को समझने और रणनीति बनाने पर होता है। भविष्य की चिंता में प्रदर्शन पर असर नहीं डालना चाहता। टेस्ट मैच खत्म होने के बाद बाकी सब देखा जाएगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



## मुख्यमंत्री ने भदोही को दी विकास की सौगात

□ समीक्षा बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों को दी जानकारी □ गोपीगंज-मीरजापुर के बीच रेलवे लाइन पर आरओबी के निर्मा[]की मांग को भी सीएम ने दी तत्काल स्वीकृति

**टीम एक्शन इंडिया**
**भदोही:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को भदोही पहुंचे। उन्होंने यहां जनप्रतिनिधियों के साथ जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की। जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री ने जनपद के विकास को लेकर अनेक सौगात दीं। उन्होंने कहाकि भदोही अपनी बेहतरीन हस्तशिल्प के लिए जाना जाता है। यह जिला अच्छी दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**गंगा नदी पर ब्रिज और आरओबी को दी स्वीकृति**
मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर सीतामढ़ी के पास डेंगुरपुर में गंगा नदी पर ब्रिज और गोपीगंज-मीरजापुर के बीच रेलवे लाइन पर आरओबी के निर्माण की मांग को तत्काल स्वीकृति दी। सीएम योगी ने कहा कि मुख्यालय पर ऑडिटोरियम पहले से स्वीकृत है, लेकिन इसे



मल्टीपर्पज हॉल के रूप में प्रस्तावित किया गया है। जनपद मुख्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। पंचायतीराज विभाग से आउटसोर्सेज सफाईकर्मियों का स्टेट्स मांगा गया है। जिला मुख्यालय से जुड़ने वाले मार्गों की कनेक्टिविटी को तेज करने, अच्छा बनाने और पहले से स्वीकृत मिनी स्टेडियम को आगे बढ़ा सकें, इसके लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

**सीएम ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए प्रयासों को भी गिनाया**
मुख्यमंत्री ने यहां के जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया। बोले कि यह पिछली सरकार के बेमानी व भ्रष्टाचार का जीवंत का स्मारक बन चुका था। हमने यहां के कार्य को फिर से प्रारंभ किया है। 50 बेडेड क्रिटिकल केयर के नए सेंटर को स्थापित करने के कार्य का निरीक्षण किया है। जिला अस्पताल के पुराने भवन के निर्माण कार्य के लिए सरकार ने धनराशि उपलब्ध करा दी है। राजकीय निर्माण निगम को दिसंबर 2025 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। प्रयास है कि आने वाले समय में भदोही में पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज स्थापित कर सकें। इसके लिए मानकों को पूरा करने की तैयारी हो रही है।

**पुनरोद्धार**

□ मुख्यमंत्री ने मोरवा नदी के पुनरोद्धार व 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को प्रभावी ढंग से बढ़ाने का दिया निर्देश

### बढ़ाया हौसला, बोले- प्रयास है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में और प्रभावी ढंग से नई पहचान दे सकें

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि कॉरपेट उद्योग आज से 10 वर्ष पहले बहुत खराब स्थिति में था, लेकिन पीएम मोदी की प्रेरणा से यहां के हस्तशिल्पियों को जो प्रोत्साहन दिया गया। उसका परिणाम है कि यहां के कॉरपेट उद्योग के कारण देश में एक्सपोर्ट में 60 फीसदी योगदान यूपी का है। यूपी में जो एक्सपोर्ट हो रहा है, उसमें 60 फीसदी से अधिक शेयर अकेले भदोही जनपद का है। इसे जीआई टैग मिल चुका है। इसीलिए यहां पर कॉरपेट एक्सपो मार्ट भी बनाने में केंद्र व राज्य सरकार ने योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भदोही ने हस्तशिल्प से प्रदेश व देश को पहचान दिलाई। केंद्र व राज्य सरकार ने अपने स्तर पर हस्तशिल्प को प्रोत्साहित किया। उद्यमियों व हस्तशिल्पियों के अनेक कार्यक्रम स्थापित करने के कार्य भी सरकार के स्तर पर प्रारंभ हुए हैं। प्रयास है कि भारत के प्राचीन हस्तशिल्प को हम और प्रोत्साहित-सहयोग कर सकें। साथ ही उसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में और प्रभावी ढंग से नई पहचान दे सकें।

### मोरवा नदी के पुनरोद्धार व 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को प्रभावी ढंग से बढ़ाने का निर्देश

**मुख्यमंत्री** ने काशी नरेश राजकीय पीजी कॉलेज की चर्चा की। बोले कि लैंड की रिक्वॉयरमेंट मांगी गई है। यहां कृषि संकाय बन चुका है। मैनपॉवर उपलब्ध करा रहे हैं। यदि 50 एकड़ से अधिक लैंड है तो उसे स्टेट यूनिवर्सिटी के रूप में भी आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। यह भदोही की बड़ी उपलब्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भदोही में जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि व जनसहभागिता से मोरवा नदी के पुनरोद्धार का कार्य किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ने रोपा रुद्राक्ष का पौधा



**टीम एक्शन इंडिया**
**भदोही:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पौधरोपण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत सीएम योगी ने भदोही के कलेक्ट्रेट परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपा। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर हरित उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का आह्वान किया।
मुख्यमंत्री ने सभी से पौध लगाने और उसके संरक्षण की अपील की। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मौलिश्री और भदोही के सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद ने आंवला का पौधा रोपा। इस दौरान ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे, औराई विधायक दीनानााथ भाष्कर, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**पौधारोपण**

□ 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत सीएम योगी ने भदोही के कलेक्ट्रेट परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपा

## जनसंघ की स्थापना करने वाले 14 लोगों की पार्टी आज 14 करोड़ कार्यकर्ताओं का बना संगठन: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज का दिन केवल स्मरण का नहीं, प्रेरणा का दिन है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का नारा दिया 'एक देश में दो विधान, दो निशान नहीं चलेंगे', वह कोई राजनीतिक नारा नहीं था, बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता का प्रतीक था और भारत की आत्मा की पुकार था। उन्होंने कहा कि जनसंघ की स्थापना कर वैकल्पिक राजनीतिक विचारधारा को जन्म देने वाली 14 लोगों की पार्टी आज 14 करोड़ कार्यकताओं का संगठन बनकर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने राष्ट्रवाद को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वो कश्मीर हमारा है, का नारा आज भी जीवंत है। कश्मीर से धारा 370 हटाने की उनकी प्रतिबद्धता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया। राम मंदिर निर्माण हो या अनुच्छेद 370 का समाप्त होना, यह सब उनकी दूरदर्शी सोच और





बलिदान का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों के भारत को साकार करने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का जो संकल्प लिया गया है, उसे हम सभी को पूरा करना होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेसी नेताओं के सोशल मीडिया पर किए जा रही पोस्ट पर चुटकियां लेते हुए कहा कि कांग्रेसी नेता सिर्फ सोशल मीडिया तक सिमट कर रह गए। कांग्रेसी कहते है कि सीएम रूकते नहीं, जबकि मैं कहता हूं कि होटलों में रूकने के लिए तो कांग्रेसी ही काफी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कुछ लोग कह रहे है बिजली नहीं आ रही, मुझे बता तो दो कहा नहीं आ रही, मैं डेढ़ साल का हिसाब और आप अपना पुराना पाँच का हिसाब लेकर आ जाना बता दूँगा। मैंने डेढ़ साल में तुम्हारे पाँच सालों को पीछे छोड़ दिया है।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता: मोहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सोमवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा समेत तमाम बड़े नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे महानायक थे जो आजादी के पहले और बाद की विभीषिका को भांप लिया था।

**पुष्पांजलि**

□ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री, प्रदेश संगठन महामंत्री ने पुष्पांजलि अर्पित की

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आजादी से पहले अंग्रेजों के बंगभंग करने की साजिश को भांपकर आंदोलन चला दिया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हमें संदेश देता है



कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उन्होंने अपने जीवन की आहुति देकर देश की एकता और अखंडता की रक्षा की। ऐसे राष्ट्रनायक का स्मरण करना मात्र औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय चरित्र को सशक्त करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि वहीं आजादी के बाद कश्मीर समस्या को भांपकर पूरे देश को आंदोनल किया और जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाने बलिदान दे दिया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने हमारे मोर मुकुट कश्मीर में ह्दो विधान, दो निशान, दो प्रधान का विरोध किया। जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाने के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सकल्प को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साकार किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय इतिहास की एक ऐसी महान विभूति थे, जिनका जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और दृढ़ संकल्प का प्रतीक रहा है।

## अलवर में 20 वर्षीय छात्र ने की आत्महत्या

**अलवर।** अलवर शहर में सोमवार सुबह एक 20 वर्षीय छात्र ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सुनील कुमार प्रजापत के रूप में हुई है, जो मूल रूप से मालखेड़ा के नेथला गांव का निवासी था। वह शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित संजय कॉलोनी में अपने मित्र के साथ किराये के कमरे में रह रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुनील अलवर के एक निजी संस्थान में सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कर रहा था। सोमवार सुबह करीब 8 बजे उसके मित्र सत्येंद्र ने जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला देखा, तो खिड़की से झांककर देखा।

www.actionindialive.com

जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें




H.O: Action Balaji House, Majlis Park,
Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033

B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road,
Samaypur Industrial Area, Delhi -110042

9999889104, 8447314925

## प्रदेश में अब तक 62.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 62.5 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्यस्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक जशपुर जिले में सर्वाधिक 211.5 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 15.5 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। राज्यस्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 76.2 मिमी, सूरजपुर में 89.0 मिमी, बलरामपुर चिरमिरी-भरतपुर में 57.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

## राज्यपाल से डीजीएम ने सौजन्य भेंट की



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से आज सोमवार को राजभवन में भिलाई स्टील प्लांट के डिप्टी जनरल मेनेजर मुकुल सहारिया ने सौजन्य भेंट की। उनके साथ धर्मपत्नी नंदिता सहारिया भी उपस्थित थी, जो राज्यपाल डेका के जन्मस्थान असम के ग्राम सीपाझार की निवासी हैं। डेका ने सहारिया को उनके जन्मदिवस पर बधाई दी साथ ही उनके पुत्र को दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**सड़क संपर्क** *कच्ची दरगाह से बिदुपुर के बीच बने 6 लेन के गंगा पुल का उद्घाटन किया, जिससे पटना और राघोपुर के बीच सफर आसान हो गया*

## नीतीश ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल की दी सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में कच्ची दरगाह से बिदुपुर के बीच बने 6 लेन के गंगा पुल का उद्घाटन किया, जिससे पटना और राघोपुर के बीच सफर आसान हो गया है। इस पुल के बनने से अब राघोपुर के लोगों को साल भर सड़क संपर्क मिलेगा और उत्तर-दक्षिण बिहार के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी। लोकर्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित 6 लेन गंगा पुल का राघोपुर तक निरीक्षण भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल के लोकार्पण से राघोपुर दियारा क्षेत्र के



लोगों को राजधानी पटना से पूरे वर्ष के लिये सड़क सम्पर्क मिलेगा। इस क्षेत्र में कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से विकास होगा। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में मरीजों को भी काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इससे महात्मा गांधी सेतु पर भी यातायात का भार कम हो गया है। उत्तर और दक्षिण बिहार के सम्पर्क के लिये लोगों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिल गया है, जिससे आवागमन और सुगम हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे पटना शहर में लगने वाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जगहों पर आसानी के साथ आवागमन कर सकेंगे। पटना के पूर्वी क्षेत्र के लोगों को भी सुगम यातायात का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमलोग राज्य में गुणवत्तापूर्ण सड़कों एवं पुलों का लगातार निर्माण कर आवागमन को सुगम बना रहे हैं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने दीदारगंज में कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल को जेपी गंगा पथ से जोड़नेवाले निमार्णाधीन लिंक पथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जेपी गंगापथ परियोजना को दीदारगंज तक पूरा कर लिया गया है।